फाल्गुन शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शनिवार
01 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 30, पृष्ठ-12

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 29.0° | 31.2° |
| न्यून. | 14.6° | 15.0° |



पेज 10

₹79200 (10 ग्राम)

₹96000 (01 किलो)

| संसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 73,198.10 | 87.400 |
| -1,414.33 | +0.070 |

## एक नजर

### चांद नजर नहीं आया कल पहला रोजा

**रांची।** दारुल कजा इमारत ए शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने शुक्रवार को कहा कि शाबानुल मोअज्जम महीना 1446 हिजरी की 29 तारीख और 28 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को रमजानुल मुबारक 1446 महीने का चांद रांची में नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित देश के किसी भी क्षेत्र से चांद नजर आने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। इसलिए शाबानुल मोअज्जम महीने को तीस (30) का मानते हुए 02 मार्च 2025 (दिन रविवार) को रमजानुल मुबारक 1446 महीने की पहली तारीख है और एक मार्च 2025 दिन शनिवार से तरावीह की नमाज अदा की जाएगी।

### बीएसई सेंसेक्स में 1414 अंकों की भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका और कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार की शुरुआत होते ही विदेशी निवेशकों ने चौतरफा बिकवाली शुरू कर दी। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशक लगातार खरीदारी कर बाजार को सहारा देने की कोशिश करते रहे। इसके बावजूद बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार संभल नहीं सका। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 1,414.33 अंक की गिरावट के साथ 73,198.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

(विस्तृत खबर पेज 10 पर)

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सम्प्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### स्वास्थ्य बीमा योजना का हुआ शुभारंभ, लाखों कर्मियों को मिली बड़ी सौगात

# स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने को उठाए जा रहे ठोस कदम : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को एक बड़ी सौगात दी। झारखंड विधानसभा सभागार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवा निवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है, उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से उनके समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। रहन-सहन और खान-पान में जिस तरह से बदलाव हो रहे हैं, उससे हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित होने लगा है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी हैं, तो कई गंभीर बीमारियां भी लोगों को अपनी चपेट में तेजी से लेती जा रही है। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है। शेष पेज 11 पर



**सीएम ने कहा**

- सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था कर रहे हैं मजबूत
- सभी व्यक्तियों को एक नजरिए से देखती है हमारी सरकार

### सीएम की पहल पर आई यह योजना बेहद महत्वपूर्ण : इरफान

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर लाई गई यह योजना बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य में एक-एक व्यक्ति की स्वास्थ्य सुविधा का ख्याल रखना हमारा कर्त्तव्य है। राज्य में किसी भी परिवार को पैसे की कमी के कारण इलाज से वंचित नहीं होना पड़ेगा।

### 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है स्वास्थ्य बीमा योजना

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है। पहले चरण में इस योजना का लाभ कार्यरत सभी राज्य कर्मियों को मिलने जा रहा है। जबकि, अन्य श्रेणी के कर्मियों के लिए यह योजना 1 मई 2025 से लागू होगी। शेष पेज 11 पर

## आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है, जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहे हैं। हर दिन डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही हैं। ऐसे में आप चाहे या ना चाहे, डिजिटल प्लेटफार्म से अपने को अलग नहीं रह सकते हैं। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के 28,945 शिक्षकों में टैबलेट वितरित किए। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन के लिए विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित- सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करने के साथ एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे। वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनीटरिंग आसान हो जाएगी शेष पेज 11 पर

**28,945**
सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सीएम ने सौंपे टैबलेट

### विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश

## प्रति व्यक्ति आय में हुई बढ़ोतरी


2024-25 में स्थिर मूल्यों पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शुक्रवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्यों पर औसतन प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वर्तमान मूल्यों पर 9.1 फीसदी की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में अनुमानित विकास दर लगभग 6.7 प्रतिशत रही है। रिपोर्ट में अगले वर्ष के लिए 7.5 प्रतिशत के विकास दर का अनुमान व्यक्त किया गया है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में रखी गई रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि राज्य का वित्तीय प्रबंधन लगातार बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण सेक्टर में लगातार काम किया है और इसी की बदौलत प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में राजस्व व्यय और राजस्व संग्रह की स्थिति इसके पहले 5 वर्ष तक चली सरकार से बहुत ज्यादा बेहतर है।

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 68,612 रुपए और वर्तमान मूल्य पर 1,14,271 रुपए अनुमानित है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान मूल्य पर राज्य की प्रति व्यक्ति सालाना आय 1,24,079 रुपए होने का अनुमान किया गया है। रिपोर्ट में विगत तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था में वृद्धि के आंकड़े दिए गए हैं। वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्य पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसडीपी में शेष पेज 11 पर




### विधानसभा में पारित हुआ 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को 5,508 करोड़ रुपए का तीसरा अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कटौती प्रस्ताव को लेकर कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि अनुपूरक बजट पर विपक्षी सदस्यों की ओर से सरकार को सुझाव दिया जाएगा। लेकिन, विपक्ष ने इस पर सदन में वित्तीय मामले कम, बल्कि राजनीतिक मुद्दे ज्यादा उठाए। विपक्ष की यह बात सही नहीं है कि सदन में मूल बजट आना है, तो बीच में अनुपूरक बजट की क्या जरूरत है। हाल ही में केंद्र सरकार ने झारखंड को बकाया 1112 करोड़ रुपए दिए हैं, तो क्या इस राशि का उपयोग अनुपूरक के जरिए विकास कार्यों में न हो। शेष पेज 11 पर

### जैक की रद्द हुई हिंदी व विज्ञान परीक्षा की नई तिथि की गई जारी

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की 10वीं बोर्ड के हिंदी और विज्ञान की परीक्षा लीक होने के बाद जैक ने इन परीक्षाओं को रद्द कर दिया था। जैक ने शुक्रवार को विषयों की पुनर्परीक्षा के आयोजन की तिथि की घोषणा की है। अब हिंदी हिंदी ए और हिंदी बी की परीक्षा 07 मार्च 2025 और विज्ञान की परीक्षा 08 मार्च 2025 को आयोजित होगी। जैक के सचिव जयंत मिश्रा के हस्ताक्षर से जारी सूचना के अनुसार, दोनों परीक्षाएं प्रथम पाली में दिन में 09:45 से दिन में 01:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जैक ने मैट्रिक और इंटर की प्रैक्टिकल परीक्षा की भी तिथि जारी कर दी है। माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा 10 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। प्रैक्टिकल परीक्षा संबंधित विद्यालय में ही आयोजित होगी। वहीं, इंटरमीडिएट की प्रैक्टिकल परीक्षा प्लस टू विद्यालय में आयोजित की जाएगी।

## पीएफ जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत बरकरार

- ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए लिया निर्णय

नई दिल्ली (आईएएनएस)

रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को पिछले वर्ष के समान 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को हुई बैठक में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने यह निर्णय लिया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने 7 करोड़ सदस्यों के लिए 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 के 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत कर दिया था। प्रपोजल को अब मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ सदस्यों के खातों में जमा कर दी जाएगी।

इस बीच, एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन (पीओएचडब्ल्यू) के तहत प्राप्त एप्लीकेशन में से 70 प्रतिशत की प्रॉसेसिंग पूरी कर ली है और 31 मार्च, 2025 तक सभी एप्लीकेशन की प्रॉसेसिंग पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी ईपीएफओ द्वारा श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड, ईपीएफ की कार्यकारी समिति (ईसी) में दी गई।

बयान के अनुसार, समिति ने ईपीएफओ को उन सदस्यों के मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया, जिन्होंने पहले ही आवश्यक राशि जमा कर दी है, जिसमें बड़े पीएसयू भी शामिल हैं। शेष पेज 11 पर

### नीलांबर पीतांबर और कोल्हान विश्वविद्यालय को मिले नए कुलपति




**रांची।** पलामू के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय और पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान विश्वविद्यालय को नए कुलपति मिले हैं। इस संबंध में राज्यपाल के सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। डॉ दिनेश कुमार सिंह को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। वहीं, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता को कोल्हन विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। दोनों कुलपतियों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए रहेगा।

## होटवार कारागार से कैदी हुआ फरार

- उग्रवादी संगठन से जुड़ा था समीर तिर्की
- होटवार जेल की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एक कैदी फरार हो गया है। शुक्रवार को सामूहिक हाजिरी के बाद जेल प्रशासन को जानकारी मिली कि एक कैदी फरार है। इससे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फरार कैदी का नाम समीर तिर्की उर्फ शाकिर तिर्की बताया जाता है। सूत्रों ने अनुसार समीर तिर्की नाम का कैदी फरार हुआ है, जिसकी जानकारी जेल प्रशासन को नहीं थी। शुक्रवार की सुबह जब कैदियों की हाजिरी शुरू हुई तब जेल प्रशासन को यह जानकारी मिली कि समीर तिर्की जेल से फरार हो चुका है। फरार कैदी की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, समीर तिर्की उग्रवादी संगठन से जुड़ा हुआ है। वह गुमला का रहने वाला है। गुमला पुलिस द्वारा उसे वर्ष 2018 में गिरफ्तार किया गया था। वर्ष 2018 से ही समीर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद था। सूत्रों के अनुसार, समीर गुरुवार की शाम लगभग 7:00 बजे केंद्रीय कारागार से फरार हुआ है।

झारखंड के जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि एक कैदी के भागने की सूचना मिली है। उसकी तलाश में रांची पुलिस के साथ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हत्या के मामले में जेल में बंद समीर तिर्की किन परिस्थितियों में जेल से भागा, इसकी जांच की जा रही है।

### कोतवाली एसआई को एसीबी ने रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

- पीड़ित की शिकायत पर की गई कार्रवाई

**रांची।** राजधानी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कारवाई करते हुए कोतवाली थाना के एसआई को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को कोतवाली थाना द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जिसे निपटाने के लिए रिश्वत मांगी गई थी। इस दौरान आरोपी का एक महंगा मोबाइल फोन भी थाना द्वारा जब्त किया गया। इस केस के आईओ गिरफ्तार एसआई ऋषिकांत ही थे। मोबाइल को थाना से छोड़ने के लिए दारोगा ऋषिकांत पीड़ित से पांच हजार रुपए मांग रहे थे। शेष पेज 11 पर

इंडिया

# एआई की तेज गति से लाभ कम, खतरा ज्यादा



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड साइबर अपराधियों का स्वर्ग बना हुआ है जिसके शिकार विदेशों तक के लोग हो रहे हैं।हर हाथ में स्मार्ट फोन उपलब्धि भी है और खतरा भी जिसमें रात दिन अधूरी, भ्रामक, अश्लील से लेकर धार्मिक घृणा फैलाने वाली सामग्री मौजूद है जिसे अनपढ़, अधपढ़े और हमेशा हड़बड़ी में रहने वाले लोग देख रहे हैं जिसका धीमा जहर समाज में नैतिकता, धार्मिकता और राजनीति को नष्ट कर रहा है।इन सभी के बीच जाने अनजाने हम सभी एआई के जाल में फंस रहे हैं।सोशल मीडिया में 50 साल पुरानी शोले फिल्म के जय और बीरू स्मार्टफोन लेकर गाने गा रहे हैं और बसंती के पहाड़ के ऊपर की नाच को कुत्ते देख रहे हैं।ये वीडियो साबित करते हैं कि एआई जो नहीं हुआ उसे भी सच की तरह रच सकता है।कल्पना करिए कि भावनात्मक मुद्दों पर सरकारें बनाने और गिराने से लेकर देश राज्य बनाने वाले देश में दंगे फसाद कराना कितना आसान हो गया है या सच पर भी विश्वास करना कितना कठिन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर पेरिस में शिखर बैठक कर दुनिया भर के वैज्ञानिक-नेता अपने घरों पहुंचे कि दक्षिण कोरिया ने हाल ही में सबसे ज्यादा चर्चा में आए चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक पर पाबंदी लगा दी। हालांकि, दक्षिण कोरिया से पहले डीपसीक अमेरिका और भारत समेत करोड़ों लोगों के स्मार्टफोन और कंप्यूटरों में आ चुका है। कहीं निजता का खतरा है, तो कहीं डीपफेक में इस्तेमाल के लिए डाटा उड़ाने से जुड़ी चिंता है।

एआई को लेकर सबसे ज्यादा फिक्र शिक्षा जगत को है। शिक्षा से सरोकार रखने वाले विशेषज्ञों को लग रहा है कि अगर एआई की को बांधा नहीं गया, तो मौलिकता और बौद्धिक विकास की रेल को पटरी से उतरने में देर नहीं लगेगी। कुछ लोगों का सोचना है कि पाबंदियां एक अरसे तक ही असर दिखाएंगी। आगे चलकर हमें एआई से उसी तरह तालमेल बिठाना होगा, जैसा किसी जमाने में कैल्कुलेटर, कंप्यूटर और इंटरनेट से बिठाना पड़ा।विज्ञान और चिकित्सा जगत में एक नियम कि कोई भी नई खोज आम जनता के सामने तब तक नहीं लाई जानी चाहिए, जब तक कि उसके दुष्प्रभावों का सटीक आकलन नहीं हो जाए। लेकिन एआई को अपनाने को लेकर भारत समेत दुनिया के कई देशों में एक किस्म का उतावलापन दिख रहा है। वहीं, निजी तकनीकी कंपनियों को इसमें अपना मुनाफा नजर आ रहा है।



हाल के पांच वर्षों में तकनीकी चमत्कार के बलबूते संभव हुई पढ़ाई के एक प्रमुख उदाहरण-ऑनलाइन शिक्षा को देखें, तो पता चलता है कि इससे कितनी बड़ी समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौरान शिक्षा का इकलौता विकल्प कंप्यूटर, लैपटॉप या स्मार्टफोन से पढ़ाई करना व कराना था। मजबूरी में अपनाए गए इस विकल्प के नतीजे में जो पीढ़ी अगली कक्षाओं में गई, उसके लिए 'कोविड पीढ़ी' जैसे नारे रचे गए। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने ऑनलाइन लर्निंग पर सवाल उठाते हुए कहा था कि तकनीकी समाधानों का जल्दबाजी में लागू होना 'त्रासदी' थी। शिक्षा बोर्डों, विश्वविद्यालयों और खुद सरकारों के सामने ऐसी क्या मजबूरी है कि वे छात्रों को एआई की जानकारी से लैस करना चाहते हैं। दावा है कि इसके पीछे एआई व डाटा एल्गोरिदम से जुड़ी तकनीकी व इंटरनेट कंपनियों का दिमाग है। ये कंपनियां अपने कारोबारी मकसद के लिए एआई से जुड़ा डाटा पैदा करके उसका इस्तेमाल करना चाहती हैं, ताकि एल्गोरिदम को उनकी जरूरतों के हिसाब से डिजाइन कर सकें। यूनेस्को के विशेषज्ञ मानोस एंटोनिनिस का तर्क है कि इन कंपनियों का ध्यान शिक्षा से ज्यादा मुनाफे पर है। इसके लिए ये कंपनियां सरकारों और शिक्षा जगत को एआई के लिए लुभा रही हैं और इसके लिए बेहद सस्ती दरों पर एआई एप और संबंधित तकनीकें बेचकर उन्हें अपने झांसे में ले रही हैं। क्या शिक्षा जगत में एआई के कुछ लाभ भी हैं। अगर एक साधन के रूप में देखा जाए, तो एआई के लाभ कुछ उसी तरह के हैं, जैसे कि एक हथौड़े के होते हैं। जब तक वह सही हाथों में है और उसका सही इस्तेमाल हो रहा है, तब तो हालात ठीक कहे जा सकते हैं। लेकिन अकुशल व्यक्ति के हाथों में इसके पहुंचने का मतलब है कि उस हथौड़े से वह अपना या किसी और का सिर भी फोड़ सकता है। उदाहरण के तौर पर, विश्वविद्यालयों में शोध पत्र लिखने से संबंधित कामकाज लिया जा सकता है। लेकिन क्या इससे शोधार्थियों के ज्ञान और मानसिक स्तर में कोई लाभ होता है। इसका जवाब यह है कि सभी एआई टूल अकादमिक साहित्यिक चोरी को आसान बना देते हैं। आईटी के क्षेत्र में दुनिया में काफी दबदबा रखने वाले हमारे देश भारत के शिक्षा जगत में एआई को लेकर क्या रुख अपनाया जाना चाहिए। इस सवाल के जवाब में विकसित देशों के उदाहरण देना प्रासंगिक होगा। एक शोध के मुताबिक अमेरिका में 94 फीसदी शिक्षक एआई के विरोध में हैं। वहीं फ्रांस में इसी तरह की एक पहल के रूप में जब गृहकार्य करने के लिए होमवर्क एप 'एमआईए' लाने की घोषणा हुई, तो इसके समर्थन-विरोध में वहां राजनीतिक संकट की स्थिति बन गई। अंततः इस योजना को रद्द कर दिया गया। ब्रिटेन में भी इसी तरह का एक एआई एप 'स्पार्क्स' लाया गया, तो तमाम अभिभावकों ने इसे लेकर अपनी नाराजगी जताई। इसकी बड़ी वजह यह बताई गई कि ये ज्यादातर एआई टूल या एप बच्चों को समाज से काट देते हैं। एआई की दुनिया बेशक तेज हो, लेकिन इसकी एक सबसे बड़ी हकीकत यह है कि यह सच्चाई से अलग एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां नकली चीजें असली लगती हैं और पराए ज्ञान को लोग अपना मानकर किसी गफलत के शिकार हो सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने मप्र हाईकोर्ट से दो महिला जजों के बर्खास्तगी आदेश को पलटा

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना व एन कोटीश्वर सिंह की खंडपीठ ने उन दो महिला जजों की बहाली का आदेश दिया, जिनको मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और सरकार की प्रतिकूल रिपोर्ट के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट की इस खंडपीठ ने कहा कि असेसमेंट पीरियड के दौरान एक जज की शादी हुई थी, इसके अलावा उन्हें कोविड हुआ फिर गर्भपात भी झेलना पड़ा, उनके भाई को कैंसर हो गया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट की रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि लगातार उनका प्रदर्शन खराब ही था। ऐसे में बर्खास्तगी से पहले उन्हें मौका मिलना चाहिए। इस तरह से किसी को बर्खास्त कर देना अवैध और दंडात्मक है। कहा कि महिला न्यायिक अधिकारियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। खंडपीठ ने कहा कि हाईकोर्ट की रिपोर्ट हमें सील कवर में मिली है। हमें लगता है कि दंड के रूप में यह कार्रवाई की गई है। ऐसे में सरकार के आदेश को एक तरफ रखा जाता है। आगे कहा कि दोनों महिला जज फिर से ज्वाइन करने की योग्य हैं। 15 दिनों के भीतर उन्हें बहाल किया जाए और जिस दौरान वे ड्यूटी पर नहीं थीं, उसे भी पेंशन बेनिफिट के तौर पर जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं के लिए अच्छा माहौल बनाने की जरूरत है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर 2023 को कथित असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण राज्य सरकार द्वारा छह महिला दीवानी न्यायाधीशों की बर्खास्तगी का स्वतः संज्ञान लिया था। शेष पेज 11 पर

**कोर्ट** ने कहा, महिला न्यायिक अधिकारियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत



# विस में सीपी सिंह ने इरफान को दी चुनौती

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने मंत्री इरफान अंसारी को चुनौती दी कि वे पीएम के 15 लाख के बयान का सबूत दें दरअसल इरफान अंसारी ने पीएम मोदी 15 लाख देने वाले बयान पर केंद्र सरकार को सदन में घेरा था और जिसके जवाब में विधायक सीपी सिंह ने इरफान को चुनौती देते हुए कहा कि अगर इस तरह के बयान का प्रमाण सदन में दिखा दें तो वे विधानसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे देंगे ।

## प्रमाण नहीं दिखा पाए इरफान अंसारी तो उन्हें देना होगा इस्तीफा : सीपी सिंह



विधायक सीपी सिंह ने सदन में कहा कि अगर मंत्री इरफान अंसारी प्रधानमंत्री के 15 लाख देने वाले बयान का प्रमाण दिखाकर उसे साबित नहीं कर पाए तो उन्हें अपने इस्तीफा देना होगा। शोर शराबे के बाद विधायक नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार पर नौकरी नहीं देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने 10 लाख नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन वो वादा आज तक पूरा नहीं हो सका है।

## 1700 से अधिक जेपीएससी में पद खाली हैं: नवीन जायसवाल



नवीन जायसवाल ने आगे कहा कि जेपीएससी में आज 1700 से अधिक पदों पर बहाली नहीं हुई है। हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है तो ये पद कैसे भरेंगे? नगर पालिका सेनेटरी सुपरवाइजर के पदों पर सवाल उठाया कि 600 से अधिक पदों के लिए ये वैकेंसी निकली थी, लेकिन इसके लिए जो योग्यता निर्धारित की गई थी उसकी पढ़ाई यहां होती ही नहीं तो यहां के लोगों को नौकरी कैसे मिलेगी?

## हत्या के दोषी छोटू खान को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त पंचम की अदालत ने 28 फरवरी को गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी करार छोटू खान उर्फ तफजील खान को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने उसे हत्या के साथ आर्म्स एक्ट की धारा में भी सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चेलगी। अभियुक्त घटना के बाद से ही लगातार जेल में है। उस पर पुंदाग के दीपटोली निवासी जैद की हत्या करने का आरोप है। घटना को लेकर मृतक के भाई आमिर ने जगन्नाथपुर थाना में 18 फरवरी 2022 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना का अंजाम 17 फरवरी 2022 को दी गई थी। मृतक और अभियुक्त के बीच 16 फरवरी को किसी बात को लेकर जबरदस्त झगड़ा हुआ था। दूसरे दिन इमामबाड़ा के पास जैद को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने नगर निगम से कहा

# तीन दिन में हरमू अस्पताल भवन का स्वीकृत भवन प्लान उपलब्ध कराएं

*आगामी सुनवाई में प्रशासक संदीप सिंह को उपस्थित होने का निर्देश*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में शुक्रवार को हरमू अस्पताल से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। इस मामले में आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह को समन किया था। हालांकि प्रशासक संदीप सिंह आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने आयोग को सूचित किया था कि प्रशासनिक कार्यों से संबंधित व्यस्तता के कारण निर्धारित तिथि को आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकते। आयोग की ओर से कहा गया कि रांची नगर निगम का प्रशासक होने के नाते प्रशासनिक कार्यों की व्यस्तता उनका नियमित कार्य है। उनकी ओर से प्रशासनिक कार्यों की व्यस्तता का हवाला देते हुए आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं होना स्वीकार योग्य नहीं है। आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने इस पर नाराजगी जताई। हरमू अस्पताल मामले को लेकर प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर आयोग के समक्ष अपर प्रशासक संजय कुमार उपस्थित हुए।



हरमू अस्पताल मामले में आयोग ने उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर हरमू अस्पताल भवन का स्वीकृत भवन प्लान उपलब्ध कराएं। साथ ही किन दस्तावेजों के आधार पर रांची नगर निगम की ओर से हरमू अस्पताल भवन का प्लान स्वीकृत किया गया, इसकी जानकारी संबंधित दस्तावेजों के साथ उपलब्ध कराएं। आयोग के इस निर्देश पर अपर प्रशासक संजय कुमार ने आयोग को आश्वस्त करते हुए कहा कि सोमवार को ई-मेल के माध्यम से हरमू अस्पताल का स्वीकृत भवन प्लान व संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा दिए जाएंगे। आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा में रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि हरमू अस्पताल से संबंधित मामले की आगामी सुनवाई के दौरान प्रशासक संदीप सिंह स्वयं उपस्थित हो।

## एनसीसी निदेशालय में पूर्व सैनिकों की भर्ती की घोषणा

**रांची।** एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड ने अनुबंध आधार पर एनसीसी में प्रशिक्षक के रूप में पूर्व सैनिक जेसीओ और एनसीओ की भर्ती की घोषणा की है। आवेदन पत्र संबंधी विवरण आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वर्तमान में, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड के तहत 1,00,000 से अधिक कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## डकैती मामले में 7 आरोपी सबूत के अभाव में बरी




**रांची।** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने 9 साल पुराने डकैती और आर्म्स एक्ट मामले के सात आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने आरोपी रामधनी साहू, सुमंत राय, रवि प्रसाद, सोनू कुमार साहू, नागमणी प्रसाद उर्फ जान, कौशलेश कुमार सिंह उर्फ छोटू एवं देवीलाल कुमार उर्फ डेविड को शुक्रवार को बरी किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने पक्ष रखा था। घटना को लेकर अजीत कुमार ने अरगोड़ा थाना में 13 अप्रैल 2016 को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि 174 ओल्ड एजी कॉलीनी में कोका कोला का ऑफिस में 12 अप्रैल 2016 की रात 9.40 बजे कर्मचारियों के साथ हिसाब-किताब कर रहा था। तभी कुछ लड़के आए और काउंटर का चाभी मांगा और उसमें रखे एक-डेढ़ लाख रुपए रिवाल्वर के बल पर लूट लिया। साथ ही सूचक एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट किया। अपराधी जाते-जाते वादी एवं अन्य लोगों का गाड़ी की चाभी एवं मोबाईल ले लिया और बोला इसको गेट के बाहर फेंक देंगे। हल्ला करोगे तो तुम सबको गोली मार देंगे। अपराधी अपने हथियार से तीन फायर कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए।

### झारखंड कम्यूनिकेटर्स वर्कशॉप संपन्न, स्टोरी टेलिंग की भूमिका पर हुई चर्चा

# पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, संकल्प है : दीपिका पांडेय सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड कम्यूनिकेटर्स वर्कशॉप का समापन शुक्रवार को रांची में हुआ। जिसमें राज्य में कॉमन्स (सामुदायिक प्राकृतिक स्रोत) के महत्व के प्रचार-प्रसार में स्टोरी टेलिंग की भूमिका पर चर्चा की गई। 27 और 28 फरवरी को आयोजित इस वर्कशॉप में पूरे झारखंड से आए 92 कम्युनिकेटर्स ने भाग लिया। जिनमें पत्रकार, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और विजुअल स्टोरी टेलर्स सहित अन्य लोग शामिल थे।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक संकल्प है। सरकार नीतियों में कॉमन्स के संरक्षण को शामिल कर झारखंड को ज्यादा हरा-भरा और अधिक समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। असर सोशल इंपैक्ट एडवाइजर्स और कॉमन ग्राउंड इनिशिएटिव के प्रयासों से इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रभावी रिपोर्टिंग होगी और जन जागरूकता बढ़ेगी। साथ ही उन्होंने झारखंड के जल, जंगल और जमीन की रक्षा संबंधी सरकार की प्रतिबद्धता को भी बताया।

**45 ब्लॉक से आए 24 जिलों के कम्यूनिकेटर्स ने लिया हिस्सा**

इस वर्कशॉप में झारखंड के सभी 24 जिलों के 45 ब्लॉक से आए कम्यूनिकेटर्स ने हिस्सा लिया। जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वीडियो, न्यू मीडिया, सामुदायिक रेडियो और स्वतंत्र पत्रकारिता सहित अलग-अलग मीडिया पृष्ठभूमि से जुड़े हुए थे। इसके अलावा आदिवासी समुदाय के लेखकों और आदिवासी कला के चित्रकारों ने भी कार्यशाला में भाग लिया।

**झारखंड में कॉमन्स की भूमिका पर भी हुई चर्चा**

वर्कशॉप में पत्रकारों को जिला और राज्य-दोनों स्तरों पर कॉमन्स पर आधारित दमदार और प्रभावशाली रिपोर्टिंग से संबंधित उपकरणों के बारे में बताया। प्रतिभागियों ने झारखंड में कॉमन्स की भूमिका और जलवायु परिवर्तन, कृषि, भूमि उपयोग और पारिस्थितिकी तंत्र को पहले के जैसा बेहतर बनाने में कॉमन्स के संबंधों पर चर्चा की। वर्कशॉप का आयोजन कॉमन ग्राउंड और असर सोशल इंपैक्ट एडवाइजर्स ने मिलकर किया और इसमें नागरिक समाज और राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही।

## कांग्रेस ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की शुक्रवार को पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनाई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत पार्टी के अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ प्रसाद एक महान देषभक्त थे। देश सेवा की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी। डॉ राजेंद्र बाबू अपने जीवनकाल में दो बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अपने अध्यक्षीयकाल में उन्होंने कांग्रेस की अनेकों उलझी हुई गुत्थियों को सुलझाया और देश में पार्टी के प्रति सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित किया। मौके पर राकेश सिन्हा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, आभा सिन्हा, जगदीश साहू, विनय सिन्हा दीपू, शशिभूषण राय, डॉ राजेश गुप्ता, सुरेन राम, केदार पासवान, अजय सिंह, ओमप्रकाश, निसार खान, अजय मंडल, राखी प्रियदर्शनी और पूर्णिमा सिंह आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब से की भेंट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के शास्त्री भवन में समानता, तैयारी और संकट प्रबंधन की यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब से भेंट की। यह बैठक यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की उच्च स्तरीय यात्रा का एक अंग है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन 27 से 28 फरवरी 2025 तक भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ आयुक्तों का समूह भी इस यात्रा में है, जिसमें 26 मंत्री शामिल हैं। अपनी चर्चाओं के दौरान, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और आयुक्त हदजा लाहबीब ने महिला सशक्तीकरण और बाल कल्याण के क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को मजबूत करने के लिए नए मार्ग तलाशने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने समावेशी नीतियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की जो महिलाओं और बच्चों, विशेष रूप से कमजोर और वंचित समुदायों के बच्चों के कल्याण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करती हैं। अन्नपूर्णा देवी ने मिशन शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा वित्तीय और डिजिटल समावेशन, उद्यमशीलता, निर्णय लेने और नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों सहित भारत सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने एक सुरक्षित और समावेशी समाज के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर भी बल



*यह बैठक महिला सशक्तीकरण नीतियों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम*

दिया, जहां महिलाएं और बच्चे इन योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें। हदजा लाहबीब ने महिला सशक्तीकरण में भारत की प्रगति की सराहना करते हुए इस क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने महिला सशक्तीकरण और संकट प्रतिक्रिया से संबंधित वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। यह बैठक महिला सशक्तीकरण के लिए नीतियों को बढ़ावा देने तथा महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सहयोगात्मक प्रयासों में भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत, विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए महिला-नेतृत्व वाले विकास के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर रूप से आगे बढ़ रहा है।

# आयोग ने पलामू डीसी को दिया नोटिस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यालय में 16 मई 2023 को प्रकाशित पलामू में आदिवासी लड़की को सिर मुंडवा कर घूमाने से संबंधित मामले की सुनवाई की। आयोग की ओर से इस मामले में पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। उनकी ओर से आयोग को किसी प्रकार की सूचना भी नहीं दी गई। पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन के इस आचरण पर आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने नाराजगी जताई और कहा कि आदिवासी लड़की के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार किया, फिर भी पलामू जिले के उपायुक्त की ओर से इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले की आगामी सुनवाई के दौरान पलामू जिले के उपायुक्त आयोग के समक्ष स्वयं उपस्थित नहीं हुए अब आयोग की ओर से उनके विरुद्ध वारंट जारी किया जाएगा। इससे पूर्व भी एक मामले में पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन को आयोग की ओर से दो बार नोटिस व दो बार समान जारी किया जा चुका है। साथ ही इसकी जानकारी झारखंड राज्य के मुख्य सचिव को पत्र के माध्यम से दी जा चुकी है। आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग दबे-कुचले गरीब वर्ग से आते हैं। पलामू जिले के उपायुक्त आयोग के निर्देश के बाद भी इस मामले में न तो कोई कार्रवाई कर रहे हैं और ना ही इस मामले में आयोग को सहयोग कर रहे हैं।

# सरकार के पिछले कार्यकाल में वित्तीय कुप्रबंधन, श्वेत पत्र जारी करें : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीएजी की रिपोर्ट जारी होने के बाद भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार का पिछला 5 साल वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से पिछले 05 साल का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कैग रिपोर्ट में साफ है कि राज्य सरकार कोविड के लिए दी राशि खर्च नहीं कर सकी। सीएजी ने पाया है कि भारत सरकार ने कोविड प्रबंधन के लिए 483.54 करोड़ रुपये विमुक्त किए थे, इस राशि के विरुद्ध झारखंड सरकार को अपने हिस्से की 272.88 करोड़ की राशि विमुक्त करनी थी। कुल प्रावधान 756.42 के विरुद्ध



राज्य सरकार ने केंद्रीय राशि का 291.87 करोड़ और राज्य का 145.10 करोड़ ही विमुक्त किया। यानी कुल 436.97 करोड़ का ही उपयोग किया। यह कुल जारी राशि का महज 32 प्रतिशत था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 19125 करोड़ राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया, भ्रष्टाचार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने पर विभागों में भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की गई है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में आयुष्मान भारत योजना को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से चलाया जाता है। हेमंत सरकार ने अबुआ स्वास्थ योजना की घोषणा की है, जिसके तहत साल में 15 लाख देने की योजना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब सरकार ने घोषणा तो कर दी है, परंतु पैसे खर्च ना करने के लिए एक नई तरकीब निकाली है।

इन्होंने एक नोटिफिकेशन निकाला, जिसके तहत यह योजना शहरी क्षेत्र में कम से कम 50 बेड अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम 30 बेड अस्पतालों को मिलेगा। ऐसे में पूरे झारखंड में मुश्किल से 15 अस्पताल ऐसे बचेंगे और ग्रामीण इलाके में तो एक भी नहीं बचेगा।

# पेसा कानून के तहत सदानों को ग्राम प्रधान-अध्यक्ष बनाने की मांग

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मंत्री से मिले



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पंचायती राज्यमंत्री दीपिका पांडेय से मुलाकात कर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पेसा कानून के तहत सदानों को ग्राम प्रधान-अध्यक्ष बनाने की मांग उठाई। मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पंचायती राज्यमंत्री दीपिका पांडेय से कहा कि 74 फीसदी गैर आदिवासियों में 65 प्रतिशत मूलवासीय सदानों की आबादी है, जो सदा से झारखंडी हैं। इसके बाद भी 112 प्रखंडों की सभी पंचायतों को आरक्षित कर दिया गया और मूलवासी सदानों को मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया और अब पेसा कानून के तहत सदानों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा। प्रसाद ने कहा कि सरकार के द्वारा जनजातियों हितों के लिए बनाए जाने वाले कानून का मूलवासी सदान विरोधी नहीं है, लेकिन भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों का हनन होने पर मूलवासी सदान प्रबल विरोध करेंगे। इतिहास में बहुसंख्यक की इस तरह की उपेक्षा का कोई उदाहरण नहीं मिलता है। मूलवासी सदान मोर्चा स्थापना काल से ही सभी झारखंड वासियों के अधिकार एवं हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है। लेकिन मूलवासी सदान मोर्चा सदानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### झारखंड राय यूनिवर्सिटी (जेआरयू) के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल

# छात्र देश की उम्मीद और भविष्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राय यूनिवर्सिटी (जेआरयू) में शुक्रवार को 5वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 393 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की, जिनमें 122 स्नातकोत्तर और 184 स्नातक शामिल हैं। मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी और इस अवसर को अत्यंत गौरवपूर्ण बताया।




राज्यपाल नें अपने संबोधन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विज्ञान और अनुसंधान के महत्व को बताया। 92 छात्राओं की सफलताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहले की अवधारणा को तोड़ता है कि महिलाएं शिक्षा से वंचित हैं।

राज्यपाल ने बताया कि शिक्षा सिर्फ एक डिग्री नहीं, बल्कि समाज की सेवा और आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल से राष्ट्र को गौरवित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने मूल्य आधारित शिक्षा पर जोर दिया, जो युवाओं में नैतिकता और संस्कारों का विकास करती है। कहा कि आप सभी देश की उम्मीद और भविष्य हैं। अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

इस दीक्षांत समारोह में मुझे विशेष रूप से हमारे देश की बेटियों की उपलब्धियों का उल्लेख करना है। आज 92 बेटियों को डिग्री प्रदान की जा रही है, जिनमें से 10 को पीएचडी की उपाधि मिल रही है। यह हमारी समाज की बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास और सशक्तीकरण का प्रतीक है। यह दृश्य हमारे समाज के उन पुराने धारणाओं को तोड़ता है, जो कभी महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखने के पक्षधर थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का दृष्टिकोण हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री ने इस दृष्टिकोण में यह स्पष्ट किया है कि भारत को 2047 तक एक वैश्विक शक्ति और समृद्ध राष्ट्र बनाना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इसमें शिक्षा, नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए युवाओं की सशक्त भागीदारी अनिवार्य है।

अंत में उन्होंने कहा कि अब आपको जीवन में अपना मार्ग खुद ढूंढना है और उसे स्थापित करना है। यह अवसर एक चुनौती का भी संकेत है, क्योंकि समाज और राष्ट्र के विकास में आपकी भूमिका और जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण होगी। यह उपाधि केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता है कि आप अपनी शिक्षा का इस्तेमाल समाज की सेवा में करेंगे।

**सामाचार पत्र पंजीकरण (केंद्र) नियम 1957 के अन्तर्गत अधिनियम 8 के अनुसार राष्ट्रीय नवीन मेल के स्वामित्व एवं अन्य विशिष्टियों का विवरण**

## फार्म-IV

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल- | 502बी, पांचवीं मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001 (झारखंड) |
| 2. प्रकाशन अवधि - | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम - | हर्षवर्द्धन बजाज |
| क्या आप भारतीय नागरिक हैं- | हां |
| पता - | पारिजात शिवाजी मैदान डालटनगंज, (पलामू) झारखंड। |
| 4. प्रकाशक का नाम - | हर्षवर्द्धन बजाज |
| क्या आप भारतीय नागरिक हैं- | हां |
| पता - | पारिजात शिवाजी मैदान डालटनगंज, (पलामू) झारखंड। |
| 5. संपादक का नाम- | हर्षवर्द्धन बजाज |
| पता- | पारिजात शिवाजी मैदान डालटनगंज, (पलामू) झारखंड। |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम एवं पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदारी में हिस्सेदार हैं | मे0 पारिजात माइनिंग इंडस्ट्रीज (इंडिया) प्रा. लि. 502बी, पांचवीं मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001 (झारखंड) |

मैं हर्षवर्द्धन बजाज एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी तथा विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

ह0/-
हर्षवर्द्धन बजाज
प्रकाशक का हस्ताक्षर
दिनांक 01.03.2025

रांची नगर निगम की टीम ने अस्पतालों व शोरूम में चलाया जांच अभियान

# डिवाइन व पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पाई गई अनियमितता

● रेजिडेंशियल होल्डिंग में चल रहा है नेक्सा शोरूम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम शुक्रवार को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में वार्ड नं० 15, स्थित डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वार्ड नं० 06, स्थित नेक्सा शोरूम एवं वार्ड नं० 06, पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की जांच की गई। डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के जांच क्रम में पाया गया कि हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा होल्डिंग की प्रकृति खाली भूमि दिखाई गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 से लगभग 14,521 रुपए कर बकाया है। जबकि कई वर्षों से जी+5 हॉस्पिटल भवन का संचालन किया जा रहा था। जिसपर सहायक प्रशासक के निर्देश पर निगम की टीम के द्वारा पूरे परिसर की मापी की गई एवं कुल 45,878.67 वर्ग फीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक के द्वारा अस्पताल प्रबंधन को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए व्यावसायिक कर का पूर्ण भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

नेक्सा शोरूम के जांच क्रम में पाया गया कि 16,445 वर्ग फीट के कुल क्षेत्र में शोरूम द्वारा रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक होल्डिंग का भुगतान किया गया है। जिसपर सहायक प्रशासक के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा पूरे परिसर की मापी की गई एवं एसीसी तथा आरसीसी क्षेत्र मिलाकर कुल 24,207 वर्ग फीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक के द्वारा शोरूम प्रबंधन को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए व्यावसायिक कर का पूर्ण भुगतान करने का निर्देश दिया गया। पैनेसिया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के जांच क्रम में पाया गया कि कुल क्षेत्र में अस्पताल द्वारा रेसिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जा रही है। जिसपर निगम की टीम द्वारा पूरे परिसर की मापी की गई जिसमें एसीसी तथा आरसीसी क्षेत्र मिलाकर कुल 27,781 वर्ग फीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक द्वारा अस्पताल प्रबंधन को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए दिसंबर-2024 से सारे लंबित व्यावसायिक कर का पूर्ण भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जांच टीम में सहायक प्रशासक इंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, पीएमयू, निगम के कर संग्रहकर्ता एवं एजेंसी के कर संग्रहकर्ता उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का हुआ समापन

**रांची।** कांके पिठौरिया नवा टोली बाड़ू स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन किया गया। इस अवसर पर शिव बाबा कि विशेष शोभा यात्रा भी निकली गई। शिव बारात की सुंदर झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। सभी भक्तों ने अपने हाथों में शिव ध्वज लिए हुए श्वेत वस्त्र धारी ब्रह्म वत्सो ने जयकारे लगाए। यात्रा के मध्य में कई जगह शिव बाबा का फुल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था कि संचालिका बी के राजमती ने शिव बाबा और ब्रह्मकुमारी बहनों को फूल मालाएं और प्रसाद देकर सम्मानित किया।

राजमती दीदी ने कहा वर्तमान समय कलियुग का है।शिव रात्रि का त्यौहार अज्ञान के अंधकार कि रात्रि को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश लाने का यादकर पर्व है। अपने जीवन से बैर अर्थात बुराइयों को शिव पर अर्पित करना ही सच्ची शिव रात्रि मनाना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थानों पर अच्छी शिक्षा मिलती है।यह शिक्षा हमारे जीवन में आ जाए तो हम सबका कल्याण हो जाए। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में होते भी झूठ से बचकर रहने का प्रयास है।

## न्यूज बॉक्स

### विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान और नवाचार के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को प्रोत्साहित करना था। प्रशिक्षु शिक्षकों के द्वारा पुनर्नवीनीकरण सामग्री से बनाई गई पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाएं, सौर ऊर्जा पर आधारित उपकरण, हाइड्रोपोनिक्स खेती, मानव हृदय का 3 डी मॉडल, वातावरण संरक्षण के उपाय, विज्ञान एवं तकनीक में एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की भूमिका, और भूकंप-संवेदी यंत्र जैसी रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्रों ने रासायनिक अभिक्रियाओं के लाइव प्रदर्शन, विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र का प्रभाव, तथा रॉकेट लॉन्चिंग के मॉडल प्रस्तुत किए।

### सीएमपीडीआई ने दो सेवानिवृत्त सदस्यों को किया सम्मानित

**रांची।** सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्यी, टुकलाल एवं सौविक भूषण देव ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडम्बार ने किया।



### भक्तिमय जागरण का हुआ आयोजन

**रांची।** श्री सर्वेश्वर महादेव शिव बारात आयोजन समिति हेसल के तत्वावधान में 27 फरवरी को रात्रि में भक्तिमय जागरण का आयोजन हुआ जो 28 तारीख को 2:00 बजे प्रातः महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह उपस्थित थे। इस भक्तिमय जागरण को सफल बनाने में मुख्यरूप से समिति के अध्यक्ष राजीव प्रवीण सिंह, मुख्य आयोजन प्रभारी विनोद कुमार साहू, मुख्य संरक्षक नीरज कुमार, महिला अध्यक्ष रागिनी देवी, दीक्षा सिंह, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा सहित बबलू सिंह,लाल अजयनाथ शाहदेव,अविनाश मिश्रा, मंटू कुमार, मुन्ना पाहन, सानंद कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### डीजीपी अनुराग गुप्ता को मिला सीआईडी और एसीबी का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड के डीजीपी और 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को अपने कार्यों के अलावा सीआईडी और एसीबी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने जब डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता को नियमित किया था, तब उन्होंने एसीबी और सीआईडी का अतिरिक्त प्रभार स्वतः छोड़ दिया था। इसके बाद एक बार फिर से उन्हें इन दोनों पदों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।



## सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी भावभीनी विदाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 100 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में आईई विभाग से अरुण कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक (आईई) भर्ती विभाग से अर्चना सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) उत्खनन विभाग से धर्मेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) गांधीनगर अस्पताल से डॉ हेमंत केरकेट्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गांधीनगर अस्पताल से सुनील केएन, मुख्य रेडियोग्राफर कल्याण विभाग से गीता कुमारी, वरीय लिपिक एवं लपंगा ड्रिलिंग कैंप से मिटिक नाहक, रिगमैन शामिल हैं। समारोह में आईई विभाग के विभागाध्यक्ष वीके शुक्ला, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## वसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी कल

**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची और रांची क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 2 मार्च को रांची क्लब के बहुद्देशीय सभागार में वसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। रविवार को सुबह 7 से 9 बजे के बीच प्रतिभागियों के प्रादर्श स्वीकार किए जाएंगे एवं प्रदर्शित किए जाएंगे तथा आम लोगों के लिए प्रदर्शनी अपराह्न 3 बजे से 6.30 बजे तक खुली रहेगी। रोज सोसाइटी के उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल ने बताया कि कटिंग किए गए फूलों और गमले में लगे गुलाब पौधों के अलावा गुलाब चित्रकारी, गुलाब क्राफ्ट, गुलाब फोटोग्राफी, रोज अरेंजमेंट, रोज एंब्रायडरी, गुलाब की माला और पुष्पगुच्छ के प्रादर्श भी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में शामिल किए जाएंगे। फूल के साइज, शेप, प्रजाति, ताजगी, खुशबू आदि मानकों के आधार पर निर्णायक समिति के आकलन के अनुरूप अपराह्न में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों के अलावा स्कूल, कॉलेज, संस्थान, प्रतिष्ठान भी प्रदर्शनी में लगाने हेतु अपने प्रादर्श ला सकते हैं। भागीदारी संबंधी नियम एवं शर्तों की विशेष जानकारी के लिए समिति की कोषाध्यक्ष हेजेल डेविस (9955359206) से संपर्क किया जा सकता है।

उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीन विज्ञान शिक्षकों को किया गया सम्मानित

## विज्ञान की शिक्षा समाज के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को आवासीय कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के पर जिले के प्रारंभिक विद्यालयों के तीन विज्ञान शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया।

इन तीन श्रेष्ठ विज्ञान शिक्षकों के चयन के लिए सभी प्रखंडों से नामित शिक्षकों की जिला स्तर पर साक्षात्कार के आधार पर की गई। जिसमें विज्ञान विज्ञान विषय की शिक्षा में शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचार, विज्ञान विषय को रोचक तरीके से पढ़ाने एवं बेहतर परिणाम देने के आधार पर शिक्षकों का चयन किया गया। तीनों चयनित विज्ञान शिक्षकों का सम्मान उपायुक्त द्वारा किया गया। शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए डीसी ने कहा कि विज्ञान की शिक्षा समाज के विकास और प्रौद्योगिकी की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विज्ञान के प्रति छात्रों में रुचि उत्पन्न करने के लिए इन शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने बताया कि इस प्रयास से छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों के मनोबल को भी बढ़ावा मिलेगा।




### सम्मानित होने वाले शिक्षक

यू धनेश्वर राव, स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षक, रा.म.वि. लेटे, लापुंग, अनुज कुमार श्रीवास्तव, स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षक, रा. म. वि., ईद, अनगड़ा व देवंती कुजूर, स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षिका, रा.म. वि. बेयासी, चान्हो शामिल हैं। जानकारी हो की महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की ओर से विज्ञान जगत को दिए गए अनुपम उपहार रमन इफेक्ट (रमन प्रभाव) की सालगिरह के मौके पर साइंस को प्रोत्साहित करने के लिए देश में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वैज्ञानिकों को उनके खोज कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, खास तौर पर विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा लोगों को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।

### आज / कल




आज से रांची में सजेगी सितारों की महफिल

## छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल (जिफा) के छठे सीजन की रंगारंग शुरूआत शनिवार को दिन में 3 बजे रंगारंग उद्घाटन समारोह से होगी। इसमें 400 से अधिक झारखंड के कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। झारखंड राज्य के चुनिंदा कलाकारों की प्रस्तुति एवं झारखंड के पारंपरिक परिधानों का राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मॉडलों द्वारा प्रदर्शन राज्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सार्थक प्रयास होगा। जिसके लिए विशाल स्टेज का निर्माण कराया गया है। साथ ही झारखंड की कला संस्कृति और झारक्राफ्ट के उत्पादों का अनूठा प्रदर्शन रैंप वॉक के माध्यम से करेंगे। चयनित फिल्मों का प्रदर्शन दिन में 10 बजे होगा सबसे पहले स्कूली बच्चों को मैरीकॉम फिल्म दिखाई जाएगी। दिन में 4 बजे मुंबई से प्रसिद्ध गायिका ऊषा मंगेशकर रांची पहुंचेंगी। यह जानकारी जिफा के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सुनील बादल ने दी।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डीएवी हेहल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बीआईटी मेसरा में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता भारत के महान वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की स्मृति में आयोजित की गई थी, जिन्होंने 1928 में रमन प्रभाव की खोज की थी और इसके लिए 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया था।


इस प्रतियोगिता में राजधानी के चार प्रतिष्ठित सीबीएसई से सम्बंधित विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान,तीव्र बुद्धिमत्ता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की।

मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. सुशांत कुमार दत्तागुप्ता (पूर्व निदेशक, आईआईएसईआर कोलकाता), विशिष्ट अतिथि प्रो. इन्द्रनील मन्ना (कुलपति, बीआईटी मेसरा) एवं प्रो. प्रतीम चटर्जी (रसायन विभाग, बीआईटी मेसरा) सहित कई व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े जटिल प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा और तार्किक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के इस विशेष अवसर पर डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया कि रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।




### विद्यालय परिवार में हर्ष

डीएवी हेहल के विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय के प्राचार्य श्री एस. के. मिश्रा ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया।



### बच्चों व शिक्षकों ने महादानी मंदिर परिसर में किया सफाई

**बेड़ो।** बेड़ो विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने महादानी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। विदित हो की महादानी मंदिर परिसर में नई दुर्गा मंदिर का निर्माण हुआ है जिसका प्राण प्रतिष्ठा 01 मार्च से 11 मार्च तक चलेगी और इस अवसर पर आस पास के श्रद्धालु मंदिर परिसर में पूजा पाठ के लिए पहुचेंगे इसी कारण स्कूल के प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार के नेतृत्व में कक्षा आठवीं के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मंदिर परिसर में साफ सफाई की गई । कैलाश कुमार ने बताया कि स्कूल के बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ नैतिक गुणों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का भी ज्ञान देना जरूरी है ताकि वे सही समाज का निर्माण कर सकें। स्कूल हमेशा सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए तत्पर रहती है।

# शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण हमेशा याद रखे जाएंगे : सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने शुक्रवार को फरवरी माह में सेवानिवृत होने वाले दो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं 16 सेवानिवृत शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिवालय स्थित सभागार में सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों को मोमेंटो, शॉल एवं सभी तरह की पावनाओं को देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते। आप शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण हमेशा याद रखे जाएंगे।




शुक्रवार को सेवानिवृत हुए शिक्षकों एवं शिक्षा पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शशि प्राथमिक शिक्षा निदेशक प्रकाश सिंह ने शिक्षकों को उनके जीवन भर की मेहनत और योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी सेवानिवृत शिक्षकों को नव साक्षर भारत प्रोजेक्ट उल्लास के जन चेतना केंद्र से जुड़ने का आह्वान भी किया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं और उनका योगदान न केवल एक पीढ़ी तक सीमित रहता है बल्कि यह अनंत काल तक चलता है। उन्होंने जानकारी दी कि माह जनवरी 2025 में भी 28 सेवानिवृत शिक्षकों को उपायुक्त द्वारा सेवानिवृत्ति के दिन सभी लाभ दिए गए थे और यह कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर अवर सचिव शिक्षा, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**चान्हो।** थाना अंतर्गत सोंस स्थित शिव मंदिर के निकट शुक्रवार दोपहर दो बजे हुए सड़क हादसे में चालीस साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के कूडु थाना अंतर्गत कोलसिमरी निवासी विजय कुमार पासवान के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विजय पासवान रांची में रहकर साइकिल की दुकान चलाते है। शुक्रवार को वे कूडू स्थित अपने पैतृक घर से होंडा साइन बाइक में राशन का सामान लेकर रांची जा रहे थे। तभी सोंस चौक से पहले शिव मंदिर के निकट इनकी बाइक आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सुचना मिलते पहुंची पुलिस ने विजय पासवान को चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### रांची विज्ञान केंद्र में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रांची विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों के बीच सतत भविष्य के लिए जल संरक्षण एवं बेहतर भविष्य के लिए समृद्ध जैव विविधता विषय पर निबंधन प्रतियोगिता पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपीएमयू के भौतिकी विभाग के प्रो.(डॉ.) अश्विनी कुमार शर्मा थे। इस वर्ष का थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना था। विद्यार्थियों ने व्याख्यान दिए जिसमें निर्मला कॉन्वेंट विद्यालय की अनन्या कुमारी एवं स्मृति टोप्पो संयुक्त रूप से प्रथम पुस्कार, आकृति वर्मा द्वितीय पुस्कार एवं पुष्पा कुमारी तृतीय पुरस्कार प्राप्त की। शिक्षकों एवं छात्रों को उडी एवं वराहमिहिर तारामंडल का शो एवं नवनिर्मित इनोवेशन हब तथा विज्ञान केन्द्र परिसर का भ्रमण कराया गया एवं विज्ञान के महत्व और इसकी असीम संभावनाओं के बारे भी बताया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में केंद्र में स्थापित आठ भारतीय वैज्ञानिकों एवं खास कर चन्द्रशेखर वेंकट रमण के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गयी। मौके पर डॉ राज शेखर प्रसाद, कार्यपालक निदेशक प्रो. प्रिय रंजन, तकनीकी पदाधिकारी, जेसीएसटी एण्ड आई एवं रांची विज्ञान केंद्र के प्रभारी प्रो. रघुवंश मणि उपस्थित थे।

### राजा उपेंद्रनाथ सिंह देव की जयंती मनाई गई




**सिल्ली।** सिल्ली बाजार टांड़ के समीप राजा उपेंद्रनाथ सिंह देव की जयंती मनाई गई। मौके पर झूमर एवं संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य पूर्वी लक्ष्मी देवी उपस्थिति रही। वहीं जालुहोटांग, तुकु, चोकेसोरेंग, पतराहातु, डोमनडीह, लोसेरा, बंता, सुरकाडीह, धवाटिकरा इत्यादि गांवों से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झूमर संगीत के साथ अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही लोगों ने संगीत के माध्यम से झूमने लगे। बताते चलें कि सिल्ली राजा उपेंद्रनाथ सिंह देव की जयंती प्रत्येक वर्ष मनाई जाती है।

### जस्टिस क्रिकेट क्लब आठ विकेट से जीता



**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन स्टेडियम आरसीए बनाम जस्टिस सीसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीए की टीम ने 29.3 ओवर में 10 विकेट पर 132 रन बनाया। वत्सल ने 31, विनय ने 28 व सत्यम ने 21 रन बनाया। प्रभजोत ने 29 रन देकर 5 विकेट, सौरव ने 14 रन देकर 2 विकेट, सत्यम ने 12 रन देकर 1 विकेट, रितेश ने 16 रन देकर 1 विकेट व मंटू ने 19 रन देकर 1 विकेट लिया। वहीं जवाबी पारी का पीछा करने उतरी जस्टिस सीसी की टीम ने 25 ओवर में दो विकेट पर 134 रन बनाया। जयंत ने 54, रितेश ने 30, रणधीर ने 22 व विवेक ने 22 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरे सलाउद्दीन ने 48 रन देकर 1 विकेट, व साहिद ने 30 रन देकर 1 विकेट लिया। जस्टिस क्रिकेट क्लब 8 विकेट से जीता।

### खुखरा में महाशिवरात्रि को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेले का आयोजन



**बेड़ो ।** बेड़ो प्रखंड के खुखरा गांव स्थित मुड़हर बाबा के प्रागण में बुधवार को हर वर्ष के भांति इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो हुए शामिल जहां कमिटी द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया, सर्वप्रथम सन्नी टोप्पो ने बाबा मुड़हर की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की,जिसके बाद उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर उदघाटन किया। कार्यक्रम में ग्राम वासियों की भारी भीड़ इकट्ठा हुई। सन्नी टोप्पो ने कहा कि बाबा मुड़हर पहाड़ पर महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ पर जल अर्पण करने से शरीर का दुख दुर हो जाती है. व दिल से मांगे मनोकामना पूरी होती है। साथ हीं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कुमोद वर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में विज्ञान दिवस मनाया गया



**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज में डॉ.सीवी रमण के वैज्ञानिक खोज के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी विभाग इस दिन सभी विज्ञान विभाग यथा भौतिकी, गणित, बॉटनी, में, विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से संबंधित मिलकर प्रोग्राम आयोजित किए गए हैं। महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा अभिभाषण, प्रदर्शनी का आयोजन कर पुरस्कृत भी किया गया। महत्त्वपूर्ण आयोजनों में वैज्ञानिकों के भाषण, निबंध, लेखन, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान प्रदर्शनी, इत्यादि भी प्राध्यापकों द्वारा कराया गया हैं। विज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए महाविद्यालय स्तर पर पुरस्कारों की घोषणा भी की गई। बच्चों में विज्ञान की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए विशेष पुरस्कार भी रखे गए। महाविद्यालय के गणित के विद्वानवरीय प्राध्यापक सह प्राचार्य डॉ. बीपी बर्मा कहा कि प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद ने 1986 में केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में घोषित किया जाए। यह केवल सर सीवी रमन की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए नहीं था, बल्कि अन्य वैज्ञानिकों के योगदान को भी मान्यता देने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में उपरोक्त विद्वतजन के अलावा डॉ. रानी प्रगति प्रसाद, मुस्कान देव सहित महाविद्यालय के सभी शैक्षिक और गैर शैक्षिक कर्मी उपस्थित थे।

### बेड़ो अंचल में सेवानिवृत कर्मचारी को दी गई भावभीनी विदाई

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के अन्तर्गत अंचल कार्यालय, बेड़ो के राजस्व उप निरीक्षक हरिहर प्रसाद 28 फरवरी को सेवानिवृत हो गए । इस मौके पर अंचलाधिकारी बेड़ो प्रताप मिंज के नेतृत्व एवं देखरेख में सेवानिवृत्त राजस्व उप निरीक्षक हरिहर प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सम्मान के साथ विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि लंबे समय तक अंचल में बेदाग रहकर काम करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आज के समय में विभिन्न अंचल कार्यालय निगरानी विभाग के रडार पर है। अंचल कर्मियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इसके बावजूद विभाग में बेदाग रहकर सेवा करना अपने आप बड़ी उपलब्धि है। विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान अंचल कर्मियों ने अपने सहयोगी सेवानिवृत कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी ।

## फाल्गुन अमावस्या पर भगवान वेंकटेश्वर का हुआ महाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में फाल्गुन कृष्ण अमावस्या पर शुक्रवार को परात्परब्रह्म परमात्मा भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का तिरुमंजन महानुष्ठान हुआ। इसके अंतर्गत प्रातः 4.30 बजे ब्रह्ममुहूर्त में अखिलाण्ड कोटि ब्रह्माण्ड के अधिपति श्रीवेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र इत्यादि के उपरान्त वैदिक रीति और आगमोक्त विधि से नित्याराधन संपादन हुआ। फिर दूध, दही, हरिद्रा चूर्ण, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल और गंगाजल से पृथक -पृथक महाभिषेक हुआ। पुरुषसूक्त, श्रीसूक्त तेतिरियोंपनिषद एवं श्रुति की ऋचाएं तथा उपनिषदादि मंत्रों के उच्चारण पूर्वक शंखधारा,चक्रधारा, कुंभधारा और सहस्त्रधारा से वारी-वारी महाभिषेक किया गया। फिर भगवान के चारों विग्रह सहित श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी और



चक्रराज सुदर्शन जी को धूप, दीप और गंध से सुवासित करके फिर सुगंधित तेल और इत्र से अभ्यंग करके पश्चात रजत किरीट (मुकुट), पूरे विग्रह में कवच,चरण और कमलाशन का रजत कवच पहना कर दिव्य रेशमी वस्त्र और स्वणार्भूषणों से अलंकार समर्पण करके पुनः दिव्य सुवासित षुष्पों के माला से भव्य श्रृंगार हुआ। तदन्तर नक्षत्र, कुंभ और कपूर थाली से भगवान की महाआरती हुई। मुद्रा समर्पण के साथ पोंगल, खीर, फल और मेवा का बालभोग नैवेद्य हुआ और पुनः आरती करके भांति -भांति मंत्रों, देशिक स्तोत्राणि, पल्लाण्डु सहित शातुमोरा आदि वैष्णवोचित विधि से स्तुति की गई। दिन भर के प्रायोजित अनुष्ठान को अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर विधिवत संपन्न कराया । आज के महाभिषेक के यजमान राजेश- रेखा सुल्तानिया रांची निवासी हुए ।

इनकी रही सहभागिता राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह, ओम प्रकाश गरोदिया, सुशील गरोदिया, शंभू नाथ पोद्दार, विमल मिश्र, भोला बरनवाल के अतिरिक्त सैकड़ो भक्तों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

### जन शिकायत समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए पुलिस अधिकारी

**खूंटी।** पुलिस मुख्यालय रांची के निर्देश पर शुक्रवार को नगर भवन खूंटी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिकायत समाधान केंद्र में खूंटी जिले के 10 थानों के लोगों की शिकायतों को सुना गया। नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निवारण करने के साथ पुलिस व नागरिकों के बीच के अविश्वास को समाप्त करने के उद्देश्य से खूंटी पुलिस ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिकायत समाधान केंद्र पर जन शिकायत कार्यक्रम में खूंटी जिले के 10 थानों खूंटी, मुरहू, अड़की, सायको, मारंहादा, तोरपा, तपकरा, रनिया और जरियागढ़ के लोगों की शिकायतों को पुलिस अधिकारियों ने सुना और उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान जमीन विवाद, लापता और अन्य मामलों से संबंधित शिकायतकताओं के आवेदनों पर एसपी अमन कुमार और अन्य पुलिस अधिकारियों ने संबंधित विभाग, थाना प्रभारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

साख फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के बंता पंचायत में महिला समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य कमलेश पातर मुंडा,और महिला समुह के सदस्यों की उपस्थिति में सीएलएफ ट्रेनर वीरेंद्र बैठा ने बताया कि आरबीआई इस पहल के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है ।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफ एल डब्ल्यू 2025 की शुरूआत की है । यह अभियान 28 फरवरी तक चला। इस अभियान का विषय है, वित्तीय साक्षरता महिलाओं की समृद्धि जिसका उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन सुख-दुख में निर्णय लेने और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए जागरूक करना है। 2025 में इसका विशेष फोकस महिलाओं के समृद्धि पर है। आरबीआई के अनुसार महिलाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने से घरों की आर्थिक स्थिरता मजबूत होगी एवं उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था अधिक समावेशी बनेगी। ट्रेनर के द्वारा बैंकिंग से जुड़े सभी विषयों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

### युवा आजसू की बैठक में विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को रविंद्र बेदिया की अध्यक्षता में युवा आजसू कमिटी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित युवाओं ने पिछले विधानसभा चुनाव को लेकर आपस में चर्चा परिचर्चा की। पिछले विधानसभा चुनाव को लेकर गहनता पूर्वक विचार विमर्श भी युवाओं ने किया। बैठक में युवाओं ने कहा कि आगामी चुनाव में सभी युवा निस्वार्थ भाव से काम करने के लिए तैयार हैं ताकि बेहतर परिणाम आ सके। बैठक में आजसू पार्टी के रामपुर क्षेत्र के प्रभारी सुशील कुमार महतो, पिस्का पंचायत के मुखिया सोमरा मांझी, युवा आजसू के अफरोज आलम, अघनु बेदिया,विष्णु, सुकरा बेदिया समेत समस्त युवा साथी मौजूद रहे।



## कलशयात्रा के साथ दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर का 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया जाएगा। 5001 कलश के साथ निकलेगी भव्य कलश शोभायात्रा। शतचंडी महायज्ञ सह संगीतमय श्री मद देवी भागवत कथा का भव्य तैयारियां पूरी। बेड़ो के के नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर का एक मार्च से आयोजित होने वाले 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ सह संगीतमय श्री मद देवी भागवत कथा एवं झांकी कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ कलशयात्रा के साथ किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारी कर ली गई है। पूरा बेडो. भगवा पताकाओं से पट गया है। काशी वाराणसी के आचार्य यज्ञाचार्य ब्रजेंद्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन और महादानी दुर्गा मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वृंदावन की प्रमुख कथा वाचक रश्मि किशोरी जी श्री मुख से 11 दिनों तक आयोजित आयोजित होने वाले श्री मद देवी भागवत कथा एवं झांकी कार्यक्रम का शनिवार को शुरू हो जाएगा । सभी 11 दिनों तक विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन एक मार्च को प्रातः आठ बजे से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रातः आठ बजे से किया जाएगा। कलशयात्रा महादानी मंदिर से महावीर चौक मुख्य सड़क होते हुए देवी मंडप तक जाएगा यहां से बजरंगबली स्थान से बिजली ऑफिस टिकरा होते हुए रानी बागान शिव मंदिर बाबा गली से जामटोली रोड से होते हुए डॉ प्रवीण चंद्रा के आगे से दाहीने मुड़कर गायत्री नगर पथ अशर्फी महतो के घर होते हुए सरना स्थल होते हुए गुमला रोड निकलेगी जहां बाईपास के अंदर से बारीडीह बस्ती से घुसकर शोभायात्रा बारीडीह नदी पहुंचेगी।

# खलारी पीएचसी को ही अपग्रेड कर बनाया जाए सीएचसी

## नया भवन बनने से लेकर सुचारू संचालन तक लग सकता है दो साल का समय

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड के लिए अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की मांग अब जोर शोर से उठने लगी है। बुढ़मू से अलग होकर खलारी को प्रखंड बने 16 साल हो गए हैं। परंतु खलारी प्रखंड का अलग सीएचसी आज तक नहीं बन सका। खलारी की स्वास्थ्य सुविधा आज भी बुढ़मू सीएचसी पर निर्भर है। खलारी में नया सीएचसी भवन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर संवेदक को कायार्देश मिल गया है। स्थल भी चिन्हित है। परंतु भवन निर्माण से लेकर व्यवस्थित संचालन में दो साल से अधिक का समय लगने की उम्मीद है। ऐसे में आमजनों के बीच यह मांग उठने लगी है कि नया सीएचसी बनने तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलारी को ही सीएचसी के रूप में अपग्रेड कर दिया जाय। खलारी प्रखंड में फिलहाल तीन पीएचसी खलारी, मैकलुस्कीगंज तथा पीएचसी राय है। इन पीएचसी में केवल ओपीडी सुविधा है। खलारी का अपना




सीएचसी नहीं होने के कारण कई सुविधाओं में भेदभाव देखने को मिलता है। खलारी पीएचसी को अपग्रेड कर सीएचसी बना देने से आपातकालीन रात्रि सेवा, जांच, अतिरिक्त चिकिसकों की पदस्थापना, वित्तीय अधिकार सहित अन्य सेवाएं मिल सकेंगी, जिसका सीधा लाभ खलारी की जनता को होगा।

**केंद्र संपोषित ईसीआरपी-2 मद से बनना है खलारी सीएचसी का नया भवन**

खलारी सीएचसी का नया भवन केंद्र संपोषित ईसीआरपी-2 मद से निर्माण होगा। मालूम हो कि कोविड महामारी के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने ईसीआरपी-2 के अंतर्गत झारखंड राज्य को 638.90 करोड़ का पैकेज स्वीकृत किया था। विभिन्न मदों खर्च के बाद 106.40 करोड़ रूपए बच गए। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य संबंधी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए राज्य स्तर पर समुचित निर्णय लिया जा सकता है। इसी मद से खलारी सीएचसी निर्माण के लिए ग्यारह करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की गई है। सीएचसी अस्पताल के सफल संचालन के लिए भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) के मानदंडों के अनुसार पद सृजन की कार्रवाई अलग से की जाएगी। मालूम हो कि तत्कालीन विधायक समरीलाल ने खलारी सीएचसी के लिए अनेक बार गंभीरता से विधानसभा में मांग रखा था जिस पर तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री व राज्य सरकार ने सकारात्मक पहल किया।

### सुदीप ने विधानसभा में उठाया निर्माणाधीन खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा रोड की गुणवत्ता का मामला

**खूंटी।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को विधानसभा में निमार्णाधीन खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा रोड की गुणवत्ता का मामला उठाया और इसकी जांच करा कर दोषी संवेदक और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग सरकार से की। शून्यकाल के दौरान सदन में इस मामले को उठाते हुए विधायक ने कहा कि खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा पथ के सुदृढ़ीकरण-मजबूतीकरण का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने निर्माण कार्य का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि सड़क बनने के साथ ही टूटने लगी है। सड़क की पिच उखड़ गई है और सड़क पर गड्ढे बने गए हैं। इसके कारण लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसकी शिकायत विभाग के कार्यपालक अभियंता से भी की गई, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया।

# उपायुक्त ने विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने पशुपालन, शिक्षा, सूचना विज्ञान, राजस्व, पर्यटन, सहकारिता, विद्युत, ग्रामीण विकास, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, पंचायतीराज समेत विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग की समीक्षा में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए पात्रों का चयन कर समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन के लिए सभी को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सूचना विज्ञान विभाग से संबंधित कार्यों के लिए उपायुक्त ने सभी पंचायतों में भारत




नेट के रिचार्ज, झारसेवा में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन, आधार इनेबल बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों के त्वरित निपटारे का निर्देश दिया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान हल्का वार समाधान दिवस की तर्ज पर शिविरों के आयोजन का निर्देश दिया गया। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पर्यटन संवर्धन समिति को और अधिक सक्रियता से कार्य करने का भी निर्देश डीसी ने दिया। सहकारिता विभाग के तहत जिले में 500 एमटी क्षमता के चार गोदामों के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करने और सभी लैम्पस-पैक्स में 100 एमटी की अतिरिक्त क्षमता के गोदाम निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध आयोजित विशेष ग्राम सभाओं की रिपोर्ट शीघ्र संकलित कर भेजने का निर्देश दिया गया, ताकि प्रभावित किसानों को वैकल्पिक खेती से जोड़ा जा सके।

कल्याण विभाग के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने 100 फीसदी लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### हजारीबाग की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सदन में गरजे विधायक

# जनमानस की सेवा करना ही मेरा कर्तव्य है : प्रदीप प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा से भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को एक बार फिर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में जोरदार तरीके से उठाया। इससे पहले भी, उन्होंने इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा दिए गए गोलमोल जवाब से असंतुष्ट होकर उन्होंने दोबारा इस विषय को सदन में प्रमुखता से रखा।

**●अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में अस्पताल की निम्नलिखित प्रमुख समस्याओं को उठाया अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी है, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।, वार्ड बॉय और अन्य मेडिकल स्टाफ की कमी से मरीजों को आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं,ऑनलाइन पर्ची व्यवस्था से गरीब एवं अन्य मरीजों को कठिनाई हो रही है, इसलिए ऑफलाइन पर्ची प्रणाली भी चालू रखी जाए। अस्पताल में दवाओं और जरूरी चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी है, जिससे गंभीर मरीजों को बाहर से महंगे दामों पर दवा खरीदनी पड़ रही है।



**सेवा के लिए संघर्ष जारी रहेगा**

सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनमानस की सेवा ही मेरा धर्म है। मैं जनता के लिए लड़ता रहूंगा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कोई भी आवश्यक कदम उठाने से पीछे नहीं हटूंगा। संजीवनी सेवा कुटीर पूरी तरह से जनता की सेवा में समर्पित है और आगे भी इसी तरह कार्य करता रहेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी और सरकारी उदासीनता को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया तो वह जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

**●रांची रिम्स में संजीवनी सेवा कुटीर खोलने की मांग**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में यह भी मांग रखी कि रांची स्थित रिम्स अस्पताल में संजीवनी सेवा कुटीर खोलने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग से रांची इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को वहां बिचौलियों और दलालों की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सही इलाज तक नहीं पहुंच पाते। ऐसे में, यदि संजीवनी सेवा कुटीर की स्थापना की जाए, तो यह मरीजों की सेवा के लिए एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा पूरी तरह जनता के लिए समर्पित है और इसमें किसी भी राजनीतिक दल का झंडा नहीं रहता है।

**●स्वास्थ्य मंत्री ने दिया गोलमोल जवाब, जनता को स्पष्ट समाधान नहीं मिला**

श्री प्रसाद के तीखे सवालों के बावजूद, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सीधा जवाब देने से बचते हुए गोलमोल बातें कीं। उन्होंने किसी भी सवाल का ठोस जवाब नहीं दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने को लेकर गंभीर नहीं है।

### सांसद मनीष जायसवाल ने आहूत की विशेष बैठक

## लोकसभा क्षेत्र के सभी बीजेपी अध्यक्ष और महामंत्री हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल अपने बढ़ते कदम और दायरे के साथ अपने सेवा कार्यों का भी विस्तार लगातार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कर रहें हैं। निरंतर क्षेत्र दौरा कर जहां विभिन्न क्षेत्रों की जनसमस्याओं से रूबरू हो रहें हैं वहीं जनहित में समस्याओं के निदान को लेकर भी सजग हैं। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अपने सेवा विस्तार और आगामी जनहित के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की एक बैठक आहूत की। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से किया । इस अति कामकाजी और महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा और विकास के कार्यों के विस्तार में भाजपा के कार्यकर्ताओं का अहम भूमिका बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनसे सहयोग कर जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं को बीते दिनों हजारीबाग की धरती पर उनके द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के माध्यम से 101 जरूरतमंद जोड़ों के सामूहिक विवाह को संपन्न कराने में अपार सहयोग के धन्यवाद दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्ण बनाने के लिए बधाई दिया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने अपने आगामी गतिविधियों और जनहित के सेवा कार्यों के बाबत विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इन कार्यों में अपनी महत्ती भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहयोग करने का अपील किया। आने वाले दिव्यांग और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क उपकरण/ पंजीकरण शिविर के लिए प्रचारित करने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जरूरतमंद बहन- बेटियों तक लहंगा पहुंचाने और आने वाले रामनवमी में लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों तक पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र प्रदर्शन कला-कौशल को जीवंतता प्रदान करने हेतु लाठी और तलवार भेंट करने के लिए क्लबों का नाम उपलब्ध कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही प्राथमिकता रहेगी ।



## न्यूज | बॉक्स

### विवि में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला तीन मार्च से




**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्विद्यालय एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला के संयुक्त रूप से राधा गोविंद विश्विद्यालय प्रांगण में एक सप्ताह का ड्रोन टेक्नोलॉजी पर बूट कैम्प का आयोजन 3 से 7 मार्च 2025 तक होना है। यह कार्यशाला राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला के प्रोफेसर डॉ जे. श्रीनिवास मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और डॉ पी. यस बालाजी की देखरेख में फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी और भौतिकी विभाग राधा गोविंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह बूट कैम्प मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा वित्तपोषित है। बूट कैम्प का उद्देश्य इसमे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को लेटेस्ट ड्रोन टेक्नोलॉजी पर प्रशिक्षण देना है। कैम्प में दो दिन एयर शो का भी आयोजन किया जाना है। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह एवं सभी पदाधिकारीगण इस बूट कैम्प का संयुक्त रूप से उद्घाटन 3 मार्च को करेंगे। यह जानकारी डॉ अवनीश कुमार विभागाध्यक्ष फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं डॉ चिकेश रंजन प्रोजेक्ट इंजीनियर एन. आई. टी. राउरकेला ने दी। डॉ धीरज कुशवाहा भौतिकी विभाग, डॉ विश्वदीपक कुमार, डॉ संजय कुमार कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं विश्वविद्यालय के सभी व्याख्यातगण इस बूट कैम्प को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

### बरकट्ठा पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर को पकड़ा

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने बालु लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा है। इस संबध में थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि बरकनगांगों से दो अवैध बालु लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिसमें पावरट्रैक और महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर पकड़ा गया। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 23/25 हैं। ज्ञात हो कि बरकनगांगों, चलकुशा थाना क्षेत्र के दुमदुमा समेत अन्य घाट से सैकड़ों बालू लदे ट्रैक्टर समेत अन्य वाहन बरकट्ठा, गोरहर, चलकुशा थाने हो कर गुजरती है।

**झारखंड विधानसभा**

## ममता देवी ने दुलमी प्रखंड में 500 एमटी कोल्ड स्टोरेज निर्माण की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** झारखंड विधानसभा के सत्र में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए दुलमी प्रखंड में 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज के निर्माण की मांग उठाई। विधायक ममता देवी ने सदन में कहा कि दुलमी प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान सब्जी, फल और अन्य कृषि उत्पादों की खेती बड़े पैमाने पर करते हैं। उचित भंडारण व्यवस्था के अभाव में किसानों को अपनी उपज कम कीमत पर बेचनी पड़ती है या फिर उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। ऐसे में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा मिलने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने सरकार से इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेने और आवश्यक बजट स्वीकृत करने की अपील की। कृषि झारखंड की रीढ़ है, और किसानों को सशक्त बनाने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास आवश्यक है। दुलमी प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा और उन्हें अपनी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा देगा।जल

**विधायक ममता देवी ने कहा**

उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जाए, ताकि किसानों को लाभ मिल सके और प्रदेश की कृषि व्यवस्था को मजबूती दी जा सके।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक

## प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण श्रमाधान पोर्टल पर करें सुनिश्चित : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जिले के उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति के उद्देश्यों की जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि समिति द्वारा जिले में कौशल विकास की संभावनाओं को तलाशने एवं उस दिशा में आगे कार्य करने को लेकर समिति का गठन किया गया।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा समिति के अन्य सदस्यों के साथ रामगढ़ जिले में



विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार मेला आयोजित करने, निजी क्षेत्र में नियुक्ति एवं प्लेसमेंट, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, कौशल प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रो में सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार, एक्सपोजर विजिट आयोजित करने, जिला स्तर पर ही युवाओं को नियुक्ति प्रदान करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जिले में कौशल विकास को बढ़ावा देने को लेकर कई सुझाव भी दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले के शत प्रतिशत प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण श्रमाधान पोर्टल पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, राज्य कर पदाधिकारी, जिला अग्रनी प्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, ट्रेनिंग सर्विस प्रोवाइडर के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**हजारीबाग।** क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल एवं जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग द्वारा मासिक पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों से सेवानिवृत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान 'डायट', हजारीबाग में शॉल, माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं उनके सेवानिवृति पावंतिया उन्हें प्रदान की गयी।




## हमें दूसरी भाषा के सीखने के साथ अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देनी चाहिए : महेंद्र कुमार सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शुक्रवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महेन्द्र कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कहा कि हमें दूसरी भाषा के सीखने के साथ अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देनी चाहिए। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होनी चाहिए, इसके बिना हमारा अस्तित्व नहीं। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय एवं शिक्षकगण मुख्य रूप से उपस्थित रहें एवं अपने विचारों को रखा। बीएड अर्न्तराष्ट्रीय मातृभाषा संगोष्ठी में बीएड प्रशिक्षुओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में शाइका परवीन, सतेन्द्र कुमार, सबिता कुमारी, मोनिका कुमारी, दीक्षा कुमारी, निदा फिरदौस एवं खुशबू भगत इत्यादि शमिल थे। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अशोक राम द्वारा किया गया। मौके पर मुरारी कुमार दुबे, सुप्रिया

## बच्चों को जिज्ञासु बनाने की जरुरत है : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कटकमदाग।** प्रखंड के बानादाग उच्च विद्यालय, बानादाग में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कटकमदाग बीडीओ शिव बालक प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर व वैज्ञानिक सीवी रमन और भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक कमल राम व अन्य शिक्षकों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर व छात्राओं ने तिलक, आरती कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल का निरीक्षण व अवलोकन किया और बच्चों से जानकारी ली। मुख्य अतिथि बीडीओ ने कई बाल वैज्ञानिकों के मॉडल की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि बच्चों को जिज्ञासु बनाने की जरुरत है। जब वे जिज्ञासु बनेंगे तभी उनका मानसिक सोच विकसित होगा। ग्रामीण परिवेश के बच्चों ने जिस तरह विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल का निर्माण कर प्रेजेंटेशन किया यह



बेहतर एजुकेशन को दशार्ता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सागर कुमार की घोषणा पर विद्यालय की ओर से बेहतर मॉडल प्रस्तुत करने वाले प्रथम द्वितीय व तृतीय को 611 रुपए व अन्य प्रति समूह के बच्चों को 111 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। कक्षा एक से नौ तक के विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3, जल-जंगल जीव संरक्षण सहित विभिन्न विषयों पर आधारित करीब तीन दर्जन मॉडल की प्रदर्शनी लगाई।

### अवैध मुहानों पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

## पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में अवैध मुहाने को किया गया बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को सुबह से ही बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया जो



अलग-अलग जगहों पर गठित टीम के द्वारा संचालित अवैध मुहानों को बंद किया जाएगा।

मौके पर अधिकारियों ने बताया कि जिले के अलग-अलग स्थलों पर अवैध मुहानों को चिन्हित किए गए मुहानों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए बंद करने हेतु कार्य प्रारंभ किया गया जो जिले के अलग-अलग क्षेत्र में भी अभियान मोड पर सभी अवैध मुहानों को बंद करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### समाजसेवियों को अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लगनवां में आयोजित श्री श्री 108 श्री सतचंडी सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम में यज्ञ समिति के द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिप प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, शिलाडीह पंचायत समिति सदस्य ज्योति देवी ,गुरुकुल शिशु विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पूजा सिंह,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कुलदीप पांडेय, सुनील पांडेय समेत कई सम्मानित समाजसेवियों को अंगवस्त्र भेंट की गई। इस अवसर पर सुनील पांडेय ने कहा यज्ञ होने से वातावरण शुद्ध होता है तथा मन को शांति मिलती है। उन्होंने यज्ञ समिति के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उप मुखिया सहदेव पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, समीम अंसारी, कार्तिक करनदेव सिंह, जयप्रकाश मोदी, संतोष मोदी, विंतोश मोदी समेत यज्ञ समिति के सैकड़ों सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सरकार राज्य की जनता के लिए कर रहे बेहतर कार्य : ज्योति कुमार



### पंसस ने लाभुकों के बीच किया धोती साड़ी का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकपी ग्राम स्थित जनवितरण प्रणाली दुकान में पंसस ज्योति कुमारी ने सोना सावरेन योजना के तहत मिलने वाले धोती साड़ी वितरण लाभुकों के बीच किया। मौके पर जनवितरण प्रणाली दुकान के संचालक नंदलाल तिवारी ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा सोना सोबरन योजना को लेकर होली त्योहार के पूर्व लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया जा रहा है। धोती साड़ी पाकर लाभुक काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने सभी लाभुकों को पीडीएस दुकान आकर सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठाने की अपील की।पंसस ज्योति कुमारी ने भी सरकार की इस योजना की प्रशंसा की।कहा कि हेमन्त सरकार राज्य की जनता के लिए बेहतर काम कर रही है। राज्य सरकार अबुवा आवास योजना के तहत घर,ग्रीन कार्ड के तहत अन्नाज और सोना सोबरन योजना के तहत कपड़ा दे रही है। सरकार द्वारा रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जा रही है। मौके पर समाजसेवी राजकुमार गिरी,कमलतिवारी,रामतीर्थ पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक दिलीप महली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानकारी दी गयी। उप विकास आयुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित




करने का निर्देश दिया । वहीं, उप विकास आयुक्त ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। एमएसएमई अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त ने मुद्रा लोन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

### अनुसूचित जाति के किसानो का एक दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**बरही ।** एससीएसपी योजना के तहत भाकृअनुप केंद्र गौरियाकरमा में जैव उर्वरक के अनुप्रयोग व महत्व पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिसमे चौपारण प्रखंड के लगभग 50 अनुसुचित जाति के किसानों ने हिस्सा लिया. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानो को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करना था. कार्यक्रम ओएसडी डॉ. विशाल नाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई. उन्होंने किसानो को वर्तमान समय में जैविक खेती में जैव उर्वरक की उपयोगिता के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी. उन्होंने किसानो को कम लागत में टिकाऊ खेती करने के लिए जैव खाद के अनुप्रयोग पर जोर दिया. प्रशिक्षण कोर्स की समन्वयक कृषि सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक डा. हिमानी प्रिया ने जैव उर्वरक के प्रयोग और लाभ की जानकारी दिया। डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. काशीनाथ आदि ने भी अपने विचार रखे।

### प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के अनुसेवक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयुक्त कार्यालय के अनुसेवक रामलखन पासवान के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त पवन कुमार ने श्री पासवान के 36 वर्षों की सेवा को सराहा और उनके समर्पण व कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता। इनका धैर्य एवं अनुशासन सबके लिए प्रेरणादायक रहा है। विदाई समारोह में श्री पासवान के योगदान पर प्रकाश डालते हुए पवन कुमार ने कहा कि श्री पासवान ने अपनी कार्यावधि के दौरान अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। इनकी सौम्यता सबों को सीखनी चाहिए। इस समारोह में श्री पासवान के सेवानिवृत्ति पर उन्हें पुष्पगुक्ष एवं सॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

# आधार निगरानी समिति के साथ डीसी ने की समीक्षा बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जिले में उपलब्ध सभी आधार किटों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाए।जिले में आधार कार्ड नामांकन और अद्यतन की प्रक्रिया को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिले में हो रही आधार अपडेट से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए बंद आईडी पुन संचालन करने की दिशा में निर्देश दिया, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित महिला सुपरवाइजर के पास तीन आईडी है, तीनों संचालक का परीक्षा लेते हुए क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया। वहीं बोलबा, बानो, पाकरंटाड़, कुरडेग एवं ठेठईटांगर बैंक ऑफ़ इंडिया में आधार केंद्र का संचालन हेतु विभाग को यथाशीघ्र प्रपोज भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावे जिले में जितने भी इन एक्टिव आधार सेवा केंद्र है उन सभी को क्रियाशील बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी आधार सेवा संचालक ऑपरेटरों का समय-समय पर प्रशिक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश, ओयूआईडीएआई सरोज कुमारी, सहित जिला स्तरीय कई अधिकारी उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया को सेल्फ रेग्यूलेट होकर समाज के विकास में अपना योगदान देने की जरूरत : उपायुक्त

**सिमडेगा।** सिमडेगा सूचना भवन में डिजिटल युग में शुक्रवार को समाज की जागरूकता के लिए न्यू मीडिया की भूमिका पर प्रेस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार एवं जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो व प्रभात खबर के रविकांत साहू के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को जिला जन-संपर्क पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। साथ ही सभी पत्रकार बंधुओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी परिचर्चा में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने भी सोशल मीडिया को सूचना का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया हैंडल करने वालों को सिर्फ सूचना देने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उस सूचना से संबंधित पूर्ण ज्ञान देकर शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को सेल्फ रेग्यूलेट होकर समाज के विकास में अपना योगदान देने की जरूरत है।मीडिया समय समय पर व्यवस्था बदलने में अहम भूमिका निभाई है।पुलिस




अधीक्षक ने कहा कि खबर को एक जिम्मेदारी के साथ समाज के बीच रखने की जरूरत है। जिससे वह सूचना समाज में किसी तरह की परेशानी खड़ी ना कर सके। उन्होंने कहा कि की संवेदनशील सूचनाओं को समाज के लिए सकारात्मकता और नकारात्मकता के तराजू में तौल कर प्रसारित की जाए। जिससे संवेदनशीलता को हानि ना करे।पुलिस अधीक्षक ने जिले में साइबर क्राइम से ठगी,सड़क दुर्घटना से मौत,मानव तस्करी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंदोलनों में आंदोलनकर्ता किसी न किसी मीडिया से जुड़े रहे। इस संगोष्ठी में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने वर्तमान सामाजिक परिवेश में सोशल मीडिया की जरूरत और भूमिका पर अपनी बात रखते हुए कहा कि त्वरित सूचना प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है। जिसमे फ़ोटो,वीडियो व कंटेन्ट का त्वरित प्रसार होता है लेकिन इसमें प्रसारित होने वाली सूचनाएं समाज में क्या प्रभाव डालेगी इसका आकलन प्रसारण पूर्व करना जरूरी है। संगोष्ठी में जिले के विभिन्न पत्रकारों के द्वारा डिजिटल युग में समाज की जागरूकता में न्यू मीडिया की भूमिका पर अपने-अपने विचार रखते हुए सोशल मीडिया के सकारात्मक और नाकारात्मक पहलुओं को बताते हुए सोशल मीडिया के लिए एक गाइडलाइन जारी करने की मांग रखी। डी डी न्यूज़ के मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि न्यू मीडिया के पार्ट में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस भी आ गया है जो किसी भी न्यूज की सत्यता,फ़ोटोग्राफ आदि को अविश्वसनीय बना दिया है।प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में रेगुलेशन एक्ट है किंतु सोशल मीडिया के रेगुलेट्री की जरूरत है। परिचर्चा में सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया प्रसारण में त्वरित संदेश पहुंचता है,पर उसकी दुरुपयोग से बचना चाहिए।प्रभात खबर के रविकांत साहू ने कहा कि सकारात्मक चीजो को सोशल मीडिया में प्रस्तुत कर समाज को नई दिशा दी जा सकती तथा नकारात्मक को हतोत्साहित करने की जरूरत है। दैनिक जागरण के वाचस्पति मिश्र ने कहा कि लोगों में भ्रम फैलाने वाली समाचारों से बचना चाहिये जिस प्रकार कोविड काल मे भ्रम वश वैक्सीन लेने से इन्कार कर रहे लोगों को मीडिया द्वारा कार्य की गति दी गई। पत्रकार आशीष शास्त्री ने भी सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर विचार रखे। अन्य प्रतिभागियों ने भी अपने -अपने विचार रखे जिसमे विकास साहू ,वीरेंद्र तिवारी सहित अन्य इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक हुई संपन्न ,कार्य योजना की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक बुधवार को जिला परिषद कार्यालय सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार दोरायबुरु सभी जिला परिषद सदस्य प्रखंड प्रमुख उपस्थित थे। बैठक में जिला परिषद अंतर्गत संचालित योजना एवं कार्यों की विस्तार पूर्वक बारी-बारी से समीक्षा की गई इस दौरान कृषि पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण विभाग ,पंचायती राज विभाग के अलावे जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी के मौजूदगी में योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा करते हुए योजना की धरातलीय स्थिति की जानकारी ली गई ।जहां पर आत्मा विभाग द्वारा बताया गया किसानों के लिए अनुदान के आधार पर पंप की व्यवस्था की जा रही है जिससे कि उन्हें सिंचाई करने में सुविधा प्राप्त हो जिस पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि सभी जिला परिषद क्षेत्र में उनके क्षेत्रफल के आधार पर योजना स्वीकृति दी जाए ,जिससे कि इसका लाभ सभी किसानों को मिल सके इसके साथ-साथ कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए वर्तमान समय में किसानों को दिए जा रहे हैं बीज से संबंधित समीक्षा करते हुए कहा गया कि सभी किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराया जाए ताकि वह लोग समय पर खेती कर सके इसके अलावा भूमि संरक्षण विभाग द्वारा बना रहे तालाब निर्माण कार्य आदि सभी चीजों को लेकर समीक्षा किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि सन्तोष कुमार सिंह उपस्थित थे।

## शिक्षक के घर में हुई चोरी में पुलिस ने एक नाबालिक को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने 24 फरवरी की रात में सिमडेगा के इस्लामपुर निवासी शिक्षक अली इमाम के घर में हुई चोरी के मामले में सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिक चोर को निरुद्ध किया ,जबकि एक चोर को गिरफ्तार किया है ।इस संबंध में सिमडेगा थाना परिसर में शुक्रवार को सिमडेगा एसडीपीओ बैजू उरांव एवं डीएसपी रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर बताया कि घटना के बाद शिक्षक द्वारा थाना में आकर लिखित आवेदन दिया की 22 तारीख के शाम में करीब 3:30 बजे निजी कार्य के लिए रांची निकला और 24 को जब वापस आया तो आवास का में गेट का ताला टूटा हुआ था और अंदर दरवाजा खोलकर चोरों के द्वारा अलमारी तोड़कर उसमें रखे सोने के करीब 10 ग्राम के चार बिस्किट ,सोने का चैन चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया ।जिसके आधार पर सिमडेगा थाना में कांड संख्या 25 /25 दिनांक 24/02/2025 धारा 305/341 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया तथा चोरी किया गया सामान की बरामदगी हेतु सिमडेगा एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ एवं डीएसपी ने संयुक्त रूप से एक टीम का गठन करते हुए चोरों के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया। जिसके बाद चोरी किए गए सोने का एक बिस्किट एवं चांदी का कर जोड़ा पायल तथा कांड में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल को बरामद किया। इधर गिरफ्तार अभियुक्त में मोहम्मद एहसान खैरणटोली मुजाहिद मोहल्ला निवासी तथा एक निरुद्ध बालक को बालक सुधार गृह भेज दिया गया ।छापेमारी दल में मुख्य रूप से सब इंस्पेक्टर दीपेश कुमार ,सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब इंस्पेक्टर संजीत कुमार, सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार ,सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार रजक शामिल थे।

## झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में झामुमो पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला के कोलेबिरा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें झारखंड की अबुआ सरकार और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोकप्रियता को देखते हुए सैकड़ों लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया ।मौके पर फिरोज अली ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारे झारखंड की अबुआ सरकार गरीब किसानों और आम जनों के लिए कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिनका सीधा लाभ गरीब किसानों को मिल रहा है ।युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है,गरीब किसानों को अबुआ आवास दिया जा रहा है ।युवतियों और महिलाओं को हमारी सरकार मैया सम्मान योजना के माध्यम से सम्मान राशि देने का काम कर रही है, अन्य कई सारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जिससे प्रभावित होकर जिले में हजारों की संख्या में लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ।झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित हैं। इस अवसर पर लोकनाथ केवट, रघुवर सिंह, सुरेन लोहरा, गॉटलन तिर्की, कमल केवट, मंगरू लोहरा, मोनूरेन सुरिन, प्रसाद चिक बड़ाइक, फूलमनी तिर्की, लोला तिर्की, आशा देवी, तुरचा केरकेट्टा, फुलमनी देवी, भूषण राम, विरेन्द्र केरकेट्टा,जेवियर केरकेट्टा, प्रकाश केरकेट्टा, एडमीन बा, अलेक्स टोप्पो, अनुज कीड़ो,दीपक सोरेन, सुमित टोप्पो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों के साथ हुई बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे इसके अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारी शामिल हुए ।बैठक में पंचायत स्तर पर चलने वाली सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजना, 15वें वित्त आयोग, मनरेगा ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अलग-अलग प्रकार की योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की गई।

## नवोदय विद्यालय में स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत हुआ कार्यशाला



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन ।पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत 18 फरवरी 2025 से 4 मार्च 2025 तक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कक्षा 7वीं से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रशांत कुमार ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और उन्हें कंप्यूटर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया ।कार्यशाला का संचालन मार्क 2 फैशन टेक वेब सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के दो विशेषज्ञ सॉफ्टवेयर डेवलपर विकाश कुमार और सुमित कुमार यादव द्वारा किया गया। इस दौरान छात्रों को वेब डेवलपमेंट, ग्राफिक डिजाइनिंग, कंप्यूटर हार्डडिस्क असेंबलिंग, डेटा ट्रांसफर, मदरबोर्ड सेटअप, सीपीयू मरम्मत और विभिन्न सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकी दक्षताएँ सिखाई गईं ।कक्षा 11वीं के छात्र अमन बादशाह तिर्की ने कार्यशाला में अपनी तकनीकी दक्षताओं को बेहतरीन तरीके से विकसित किया। उन्होंने कंप्यूटर हार्डडिस्क, मदरबोर्ड, सीपीयू असेंबलिंग और सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रशांत कुमार ने उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कंप्यूटर स्किल शिक्षक अजय कुमार मौर्या ने छात्रों को कंप्यूटर से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकों और उपयोगी टिप्स विस्तार से समझाए। कंप्यूटर प्रभारी अवधेश रजक ने भी सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें सीखने के नए अवसर प्रदान किए।

## कोलेबिरा विधायक ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित सदन में उठाया मामला

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने झारखंड विधानसभा के सदन में झारखंड वासियों के जनहित मामला भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित उठाया उन्होंने शुक्रवार को सदन में कहा कि सरकार द्वारा अपने कार्यों के लिए रैयत का जमीन अधिग्रहण कर लिया जाता है ।जो भूमि का कुछ भाग होता है किन्तु उक्त रैयत के पुरी जमीन को आनलाइन प्रतिबंध लगा दिया जाता है। नतीजा रैयत अपने जमीन का खरीद बिक्री भी नहीं कर पाता है ।जो रैयतों के साथ अन्यायपूर्ण नीति है। उक्त रवैए से बेवजह रैयत को परेशान किया जाता है ।उन्होंने कहा कि सरकार अधिग्रहित भूमि पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मंशा रखती है या अगर रखती है तो कब तक हटाया जाएगा ।उक्त बिन्दु पर सरकार का जवाब दिया गया है कि रैयतों को बचे हुए भूमि का एनओसी दे दिया जाता है ।साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शुन्य काल के जरिए सरकार से जवाब मांगा है कि सिमडेगा जिला वर्षों से हाथी के उत्पात से त्रस्त है ,जिले में जान माल एवं फसलों का नुक़सान हाथी द्वारा किया जाता है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने समारोहपूर्वक शिक्षकों को दी विदाई




नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ बानो इकाई का शिक्षक समागम विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह डाक बंगला बानो में आयोजित किया गया।इसमें बानो प्रखंड से 2024 में सेवानिवृत शिक्षक एंथोनी एक्का राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऊनिकेल, नेली कांडुलना राजकीय प्राथमिक विद्यालय टुडयू ,हरिमोहन राय बड़ाइक प्राथमिक विद्यालय बरबेड़ा एल्ला, मंगरा सिंह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदसाय बानो के शिक्षको को पारंपरिक तरीके से स्वागत गीत से स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया तथा महिलाएं द्वारा फुल माला पहना कर एवम बुके देकर स्वागत किया गया। सभी सेवा निवृत शिक्षकों को संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार भगत के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा संघ पदाधिकारियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी सेवा निवृत्त शिक्षको को उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में सेवा निवृत शिक्षकों को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विलास शरण ने भी संबोधित किया तथा उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी,कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत कोनगाड़ी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से परमानद ओहदार ,जकरियास सुरीन, मधूरा सुरीन, सुनीता एक्का बालिस बुथ, शिवशांकर सिंह, सुषमा लुगुन, निर्मला मधुरा सुरीन, नमन कोंनगाड़ी ,नवीन कुमार तथा संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन परमांद ओहदार ने किया।

## संगठित महिलाएं गांव, समाज व परिवार मे ला सकती हैं क्रांतिकारी बदलाव : जोसिमा खाखा

नवीन मेल संवाददाता




**बोलबा।** बोलबा के समसेरा मंडली में नार्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च महिला संघ का 16वां वार्षिक अधिवेशन का समापन किया गया। मौके पर विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन कई पादरी की उपस्थिति में किया गया। वार्षिक सम्मेलन में काथलिक महिला संघ बीरू भिखारियेट की सभानेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा इसकी सुनो मूल विषय पर अपना बात रखने के लिए उपस्थित हुई। उन्होंने बाईबल के वचनों को बताते हुए सभी लोगों को वचनों को अपने जीवन मे अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पवित्र धार्मिक ग्रंथ बाइबल में बुराई से अच्छाई की ओर,भटकाव से सन्मार्ग की ओर ले जाने के लिए प्रेरित करता है। हम सभी को इसे पढ़ने की आदत डालने की जरूरत है। क्योंकि इनमें दर्ज एक एक शब्द हमें अच्छाई के मार्ग पर ले जाने और हमे अच्छा इंसान बनने की सिख देता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर पर विश्वास करें। ईश्वर के घर देर है पर अंधेर नहीं। उन्होंने महिलाओं को संगठित होने का आह्वान किया। जोसिमा ने कहा कि दिखावटीपन जिंदगी जीने से बचें। अपने पति के प्रति समर्पित रहें। गाँव समाज मे भटकाव को मार्ग पर चले महिला-पुरुषों एवं युवाओं को अच्छाई के रास्ते पर लाने की कोशिश करें। हम सभी महिलाएं ही संगठित होकर गांव, समाज व देश मे बदलाव ला सकते हैं। हम सभी माता बहनें जागरूक होंगे, तो देश मे नई क्रांति आएगी। गांव, समाज और देश खुशहाली के पथ पर आगे बढ़ेगा। गांव, समाज तरक्की करेगा। हम उन्नति के रास्ते आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में जीईएल चर्च घोचोटोली मंडली के चेयरमैन पादरी पीटर खाखा भी वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मौके पर महिलाओं के बाइबल पर आधारित क्विज आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं संस्कृतिक एवं कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। मौके पर पादरी गोविंदा महतो, बांसजोर जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज़ मिंज, महिला संघ की अध्यक्ष इंदुबाला कुजूर, महासचिव सुबानी किंडो, कांति कुमुदनी तिर्की, विभा कुजूर,सुशीला तिर्की,शोभेन तिग्गा, नीला नाग, जूली लुगुन, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा सहित कई मंडली के पादरी, प्रचारक एवं हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### भंवरा के काटने से 65 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

**बानो।** प्रखण्ड के बडकाडूइल कदम टोली में भावँरा के काटने से हुई मौत । मिली जानकारी के अनुसार फिरू सिंह उम्र 65 अपने गर्मा खेती की रखवाली करने गया था। आज दोपहर में भौरे के छत्ते को बाज चिड़िया द्वारा छेड़ने पर उड़ते हुए लोगों को डंक मारा। ग्रामीण जान बचाने के लिये उस जगह से घर की ओर भागे ।परन्तु फिरू सिंह भाग नहीं पाया । अधिक संख्या में भौरों के काटने से बेहोश सा हो गया। घर मे प्राथमिक उपचार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले जाया गया ।परन्तु रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने बताया कि अस्पताल आने के पूर्व ही फिरू की मौत हो चुकी थी।

### किसानों को मूंग बीज का किया गया वितरण

**बानो।** प्रखण्ड के किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण किया गया। बीटीएम सुनील समद ने मूंग की खेती कर अपनी आय में बृद्धि करें ।मूंग की खेती के लिए कम सिचाई की जरूरत पड़ती है ।मूंग दाल की मांग बाजारों में हमेशा रही है। किसान भाई खेत का अच्छी जोताई करने के बाद बीज लगाएं । लड़का के सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक यह योजना है जिसके तहत किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने सभी किसानों को बेहतर खेती करने के लिए अपील किया ।मूंग वितरण किसानों के बीच निबंधित नम्बर के साथ ओटीपी नम्बर के साथ मिलान करने के पश्चात वितरण की जा रही है। मौके पर एटीएम ओबेदुल्लाह एहरार ,आदि लोग उपस्थित थे।

### राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र स्थित नवाटोली डैम के समीप राजमिस्त्री सम्मेलन सह डालमिया सीमेंट का वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों के सैकड़ों राजमिस्त्री गणों ने भाग लिया ।इस अवसर पर डालमिया सीमेंट के इंजिनियरों एवं चंदन हार्डवेयर सह कोलेबिरा डालमिया सीमेंट के व्यवसायी चंदन कुमार के द्वारा आयोजित वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित राजमिस्त्रियों को डालमिया सीमेंट के बारे में विशेष रूप से जानकारी दिया गया मौके पर राजमिस्त्रीयों को टी शर्ट एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डालमिया सीमेंट कंपनी के आनंद गिरि,दिनेश कुमार,सुमित यादव, डालमिया सीमेंट के डीलर चंदन कुमार शाह,विक्रांत गोस्वामी,सहदेव चक्रवर्ती, गुड्डु कुमार,सुरेश लोहरा, तेज सिंह के अलावा सैकड़ो की संख्या में राजमिस्त्री उपस्थित थे।

### कोलेबिरा पुलिस ने रांची में आरोपी के घर में चिपकाए पोस्टर

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस के द्वारा कोलेबिरा थाना कांड संख्या 27/23 धारा- 302/201/34 के अभियुक्त अमित कुमार गौतम पता-H-3,सूर्यनगर लालगंज,थाना खेलगांव जिला रांची के घर पर इश्तहार चिपकाए। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के द्वारा राशि पहुंचकर आरोपी के घर में पोस्टर चिपकाकर उसे न्यायालय में सशरीर उपस्थित होने के लिए कहा गया, साथ उन्होंने बताया कि अगर न्यायालय के द्वारा दिए गए समय के अनुसार वह न्यायालय पर उपस्थित नहीं होता है तो उनके घर कुर्की जब्ती की जाएगी।

### ऑटो से गिरने से महिला की मौत

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के कोलेबिरा-गुमला रोड स्थित डॉन बॉस्को स्कूल के समीप ग्राम झिकिरमा थाना पालकोट निवासी 42 वर्षीय एक महिला की ऑटो से गिरकर मौत हो गई। मालूम हो कि उक्त महिला कोलेबिरा बाजार आई थी। मार्केटिंग करके ऑटो से वापस अपने घर जा रही थी इसी क्रम में कोलेबिरा-गुमला रोड स्थित डॉन बॉस्को स्कूल के समीप रोड पर अचानक से एक स्कूटी बीच में आ गई। स्कूटी को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया जिस महिला गिर कर घायल हो गई,सूचना मिलते हुई कोलेबिरा थाना के एस आई सकलदेव महतो घटनास्थल पहुंचे और घायल महिला को कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सदर अस्पताल में बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड सुविधा को करें जल्द शुरू: विधायक भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में सदर अस्पताल सिमडेगा में बंद पड़े अल्ट्रासाउंड सुविधा को जल्द चालू कराने की मांग की है। विधायक ने शून्यकाल के दौरान जोरदार तरीके से आवाज उठाते हुए कहा कि सदर अस्पताल सिमडेगा में आधुनिक सुविधा युक्त अल्ट्रासाउंड मशीन लाखों की लागत से लगाई गई है। लेकिन चिकित्सकों की कमी के कारण अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद हो गया है। अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद होने से पेट सम्बन्धी बीमार लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। समय पर गर्भवती महिलाओं एवं पेट संबंधी बीमार लोगों का अल्ट्रासाउंड नहीं होने से बाद में इन्हें कई परेशानियों से जूझना ओढ़ सकता है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद होने से जिले के गरीब जनता अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए रांची-राउरकेला जाने को विवश हैं। जबकि कई गरीब जनता पैसे के अभाव में अल्ट्रासाउंड कराने से वंचित हो रहे हैं।



### एलिस संस्थान में मनाया गया विज्ञान दिवस

**बानो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एलिस शैक्षणिक संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में मुख्य रूप से निदेशक विमल कुमार ने कार्यक्रम की शुरवात की। संस्थान के काउंसलर सुष्मिता सिंह के द्वारा विज्ञान दिवस पर साइंस प्रोजेक्ट बनाया गया ।इस अवसर पर संस्थान में निदेशक विमल कुमार ने आज के वैज्ञानिक युग में एक नए कोर्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा ए आई कोर्स में छात्रों को एआई सिद्धांतों, नए तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है ।इसमें छात्रों को पाठ्यक्रम में आमतौर पर ,मशीन लर्निंग , डीप लर्निंग, कंप्यूटर विजन और रोबोटिक्स जैसे विषय के बारे में जानकारी दिया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत,चार युवक घायल


मृतक युवक समेत चार घायल युवक रहनेवाले मधुबन के

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के सलेडीह गांव सडक हादसा में दो युवक की मौत हो गई। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गया। मृतकों की पहचान बलिया पंचायत के पहरियाडीह गांव निवासी दामोदर रॉय का पुत्र आकाश राय,वही दूसरा मृतक मधुबन थाना क्षेत्र के निवासी संतोष तुरी के पुत्र बिटू तुरी के रूप में हुआ है। घायलों की पहचान विवेक रॉय,जतिन तुरी,डब्लू राय और संतोष राय सभी घायलों मधुबन थाना क्षेत्र के रहने वाला है। घटना के संबंध में घायल युवक विवेक रॉय ने जानकारी देते हुए कहा कि मृतक युवक समेत चार युवक हमलोग मधुबन से पहरियाडीह अपने रिश्तेदार के यहाँ गुरुवार को आये थे।जब शुक्रवार की सुबह स्करोपियो वाहन से भरकट्टा बाजार नास्ता के लिए गए।फिर पुनः भरकट्टा वापस आने के क्रम में सलेडीह गाँव के समीप स्करोपियो वाहन जो मृतक युवक आकाश राय खुद चला रहे थे। भरकट्टा से वापस आने क्रम में स्करोपियो ओवर स्पीड था। जिसके कारण स्करोपियो अनियंत्रित होकर फिल्मी दुनिया की तरह चार राउंड सड़क पर ही घूमकर खुद सीधा हो गया। जिसके बाद मौके वारदात में दो युवकों की मौत हो गई और पांच लोगो घायल हुए हैं। जिसमें एक मृतक युवक समेत चार घायल युवकों मधुनब का रहने वाला है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आनन फानन में घायलों का गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से परिवार वाले रो रोकर बुरा हाल है।

**घटना की सूचना पाकर पंहुचा भरकट्टा ओपी पुलिस**
सड़क हादसे में घटना की सूचना पाकर भरकट्टा ओपी पुलिस एसआई संतोष कुमार दुबे,आनंदी प्रसाद,आपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जिसमें बाद शव और स्करोपियो को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। क्षतिग्रस्त वाहन को पुलिस ले गए।

**ओवरस्पीड होने से सड़क में मारी चार राउंड**
स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्करोपियो बहुत स्पीड में था। जिसके कारण चार राउंड सड़क पर मार दिया।

**दो घंटे बाद पहुचा एम्बुलेंस**
इस सड़क हादसे में चार युवकों घायल होने से दर्द से इतना परेशान थी कि उन्होंने का दर्द दूसरा का पता नहीं होगा।
लेकिन झारखंड सरकार इलाज के लिए हर क्षेत्र में एम्बुलेंस का उपलब्ध करवाया है। लेकिन आज वह फॉलोप साबित होते हुए देख रहे हैं। बता दे कि इस सकड़ हादसे का बाद दो दो घण्टे तक एम्बुलेंस के लिए घायलों युवकों के लिए इंतजार किया लेकिन फिर दो घण्टे के बाद एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचा फिर जाकर घायलों का ईलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा। इस घटना की खबर की खबर सुनकर घटनास्थल पर जिप सदस्य सूरज सुमन,पंचायत समिति सदस्य अली असगर,मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास उपमुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी, जागेश्वर वर्मा,मिनहाज अन्सारी, पहुंचकर परिवार वाले का ढाढस बधाया।

## मालवाहक पिकअप के धक्के से साइकिल सवार नाबालिग युवक की मौत



**गांडेय,गिरिडीह।** गिरिडीह-जामताड़ा मुख्य मार्ग के जोरा आम के पास तेज रफ्तार पिकअप वैन के धक्के से एक साइकिल सवार नाबालिग की मौत हो गयी.सूचना मिलने पर गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह दल बल के साथ पहुंचे और प्रमुख राजकुमार पाठक समेत अन्य के सहयोग से शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार गांडेय थाना क्षेत्र के कुम्हार डीह निवासी रीतलाल दास का 10 वर्षीय पुत्र भोला दास साइकिल से गांडेय की ओर आ रहा था.इसी क्रम में जन वितरण प्रणाली के खाद्यान्न का परिवहन वाहन (जेएच 01 बी क्यू 0631) ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही बच्चे की मौत हो गयी.हो हल्ला पर ग्रामीण जुटे लेकिन तब तक वाहन चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया.इस बीच प्रमुख राजकुमार पाठक पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया.पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन व साइकिल को जब्त कर थाना लाया और गांडेय थाना पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

# मैट्रिक में 756 छात्र-छात्राओं ने दी अंग्रेजी की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**
**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को अंग्रेजी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 417 छात्र छात्राओ में से 415 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का परीक्षा दिया। वही 771 परीक्षार्थियों में से 756 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुएकेंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता हैजिस निमित शुक्रवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआसाथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र-छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है।


## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांकः 310खूँटी, | **स्वच्छ सर्वेक्षण 2024** | दिनांकः 28.02.2025

**घोषणा–पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी अन्तर्गत सभी 19 वार्डों को ODF+ घोषित किया जाता है। उक्त के आलोक में यदि किन्ही को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिनों के अन्दर अपना आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी में जमा कर सकते हैं। उक्त अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकर करना संभव नहीं हो सकेगा।

" आप करें सहयोग खूँटी शहर होगा स्वच्छ सुन्दर एवं साफ"

ह0/–
प्रशासक,नगर पंचायत, खूँटी

PR 347380 (Urban Development)24-25*D


# जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में लगाई आग



**बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के तेतरिया सलैडीह पंचायत अंतर्गत फतेहपुर गाँव में शुक्रवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों मारपीट हो गई । मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दुसरे पक्ष के घर में आग लगा दी, बीच-बचाव करने गए लोगों के साथ मारपीट एवं जमकर पत्थरबाजी भी हुई । जिसमें 52 वर्षीय अलाउद्दीन अंसारी घायल हो गए जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में कराया गया। वहीं घटना की लिखित शिकायत थाना को भी दी गई है तथा पुलिस घटना की जांच कर रही है । पीड़ित मुस्लिम अंसारी ने घर में आग लगाने का आरोप अब्बास अंसारी,अनवर अंसारी,अलीजान अंसारी,बबलू अंसारी,कुर्बान अंसारी,अजहरुद्दीन अंसारी समेत अन्य लोगों पर लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी दीवार तोड़ने का आरोप लगाया है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**
इस मामले में बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज ने कहा कि घटना सूचना मिलते हैं पुलिस पहुँची। मामले पर उचित कार्रवाई होगी।

# खोरठा गीतकार विनय तिवारी को मिला विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**
**कतरास।** लुंबिनी नेपाल की ख्याति प्राप्त संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन द्वारा आयोजित ऐतिहासिक महत्व के गौरवशाली विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में रोआम (कतरास) धनबाद के झारखंड सरकार से सम्मानित खोरठा साहित्यकार एवं गीतकार विनय तिवारी सहित विभिन्न क्षेत्रों की अन्य 100 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। खोरठा लेखक,साहित्यकार एवं गीतकार विनय तिवारी को उनके द्वारा किए गए साहित्यिक योगदान के लिए विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी विनय तिवारी की सैकड़ों रचनाएं देश विदेश की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होने के साथ ही इन्हें दर्जनों प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं।
देश विदेश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, देवनागरी लिपि के सरंक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत बीच मैत्री संबंधों को सुदृढ़ बनाने तथा नेपाली हिंदी भाषा को दोनों देशों की मैत्री भाषा बनाने में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से इस समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में देश विदेश से प्राप्त पांच हजार आवेदनों में से सौ विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का चयन कर सम्मानित किया गया। नेपाल, भारत, अमेरिका तथा तंजानिया से सौ बहुक्षेत्रीय प्रतिभाओं को विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान (वर्ल्ड टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड) से सम्मानित किया गया हैं। समारोह के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु, प्रमुख अतिथि नेपाल सरकार लुंबिनी के कृषि तथा भूमि व्यवस्था मंत्रालय के नि. मंत्री भंडारी लाल अहीर तथा विशिष्ट अतिथि नेपाल सरकार लुंबिनी के वन तथा वातावरण मंत्रालय के नि. मंत्री बादशाह कुर्मी, विशिष्ट अतिथि डॉ जसभाई पटेल, विशिष्ट अतिथि कमल सिंह बैद ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, मैडल, अंग वस्त्र, रुद्राक्ष माला तथा नेपाली टोपी पहना कर सम्मानित किया। समारोह में 18 राज्यों से 53 महिला तथा 47 पुरुष प्रतिभाओं की सहभागिता रही थी। प्रतिभा सम्मान के साथ ही एक दर्जन लेखकों की दर्जन से अधिक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। समारोह के अंतिम सत्र में आयोजित काव्य सम्मेलन में दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ कर आयोजन की शोभा बढ़ाई थी। ज्ञात हो कि शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी एक साहित्यिक संस्था है,जो वर्ष में कई आयोजन कर देश विदेश के कवि, लेखक, पत्रकार, साहित्यकार, शिक्षक, समाजसेवी आदि को प्रोत्साहित करती आई है। इसके आयोजनों को देश विदेश में बड़े साख तथा प्रतिष्ठा के साथ देखा जाता है। संस्था की ओर से सलाहकार ध्रुव राज शर्मा ने अपने स्वागत मंतव्य से अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के समापन मंतव्य में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा - वरिष्ठ साहित्यकार देवेंद्र प्रसाद चमोली मात्र उत्तराखंड के ही नहीं बल्कि विश्व के महान साहित्यकारों में से एक है जिन्होंने प्रश्नोत्तरी रामायण लिखकर अध्यात्म तथा साहित्य जगत में इतिहास रचने का कार्य किया है। संस्था आज ऐसी अदम्य प्रतिभा को सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस करती है । कार्यक्रम में मंचासीन, अवॉर्डी तथा दर्शक सहभागी सहित 200 लोगों की सहभागिता थी। समारोह का संचालन प्रसिद्द मंच संचालन आचार्य खेमचंद यदुवंशी शास्त्री ने किया।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 39/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– **08.03.25** को **10:00** पूर्वाह्न से **2:00** बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक **10.03.25** को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक **10.03..25** को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– DMFT मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कण्डसार का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 2 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कठौतिया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 3 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पिचरी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 4 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पबरा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 5 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पेलावल दक्षिणी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 6 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, डाटोखुर्द का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 7 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नवादा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |
| 8 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, आराभुसाई का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 999600.00 | 1250.00 | 20000.00 | चार माह |

नोट :–1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 347413 (District) 24-25 (D)


# महाशिवरात्रि के भंडारे में शामिल हुए कांग्रेस नेता



**महुदा।** मधुबन बस्ती (नावागढ़) में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित भंडारा के आयोजन में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह इंटक नेता अशोक प्रकाश लाल शामिल हुए।साथ में मधुबन पंचायत के मुखिया बिरजू महतो,आयोजनकर्ता जयप्रकाश चौहान,अजय चौहान,पवन यादव ,राहुल एवं अन्य मौजूद रहें।

## कतरास थाना प्रभारी ने एस बाजार मेट्रो का किया उद्घाटन



**कतरास।** एस बाजार मेट्रो द फैमिली स्टोर का उद्घाटन कतरास थाना प्रभारी असित कुमार ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मैनेजर जयशंकर सिंह ने बताया कि हमारे यहां उचित मूल्य पर खरीदारी कर सकते हैं और अभी ऑफर भी दिया जा रहा हैं।

# पदक जीत कर नंदू हाड़ी ने किया समाज का नाम रोशन



**धनबाद।** प्रकाशम कोठा गोदाम सिंगरौली कोलियरी में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड इंटर कंपनी एथलेटिक्स मीट 2024 - 2025 में बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र 10 के नंदू हाड़ी ने 10 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। जिससे समाज में हर्ष हैं। नंदू हाड़ी ने बीसीसीएल के साथ - साथ पूरे हाड़ी समाज व पूरे झारखंड प्रदेश का नाम रौशन किया हैं।


## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi

**TENDER NOTICE**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

RFP No- **04 / CDO / Ranchi / TPIA / 2024-25** | **Dated: - 27.02.2025**

**Expression of Interest**

**Expression of Interest is invited by Drinking Water and Sanitation Department, Government of Jharkhand for third party inspection of materials for quality assurance to be used by the Department. All the empanelled / to be empanelled Third Party Inspection Agency are requested to follow the procedure of inspection and also requested to submit information in the prescribed formats and supporting documents exclusively through Online bidding for ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15th Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand.**

1. Date of uploading of EOI on http://jharkhandtenders.gov.in : 04.03.2025 at 3.00 PM.
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 07.03.2025 at 3.00 PM.
3. Last date & time of online submission : 24.03.2025 at 3.00 PM.
4. Opening Date of Technical Bid : 25.03.2025 at 4.00 PM.
5. EOI application Fee : Rs. 10,000/- only (non-refundable)
6. Helpline No. : +91 9430725642 / 8709958093
7. EoI application Fee should be Paid through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**. **(As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.**
8. Performance Guarantee should be Rs 2,50,000/- (Rupees Five Lakhs Fifty Thousand Only) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Seven years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. **(As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.** EoI application fee, Performance Guarantee & Bid Documents separately in Online Mode shall be deposited. Only those applications will be entertained whose EoI application fee, Performance Guarantee & bid documents is being received separately and properly superscripted in Online Mode. The office of Executive Engineer D.W. & S. Division, Ranchi West Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online Method.
9. The applicants are advised to go through the Background information & brief particulars along with the formats carefully and participate accordingly after properly understanding the instructions.
10. The applicants must having recognisation from National Accreditation Board of Certification Bodies (NABCB) with schedule will be treated technically eligible for empanelment of TPIA as per Schedule.
11. The applicants will have to furnish their full permanent and local address. The applicants are requested to sign each and every page of the documents before submitting it.
12. The applicants would be required to furnish all the information's specified in this EOI.
13. The Selection shall be entirely at the discretion of the Department. Further, the Department reserves the right to accept or reject any or all applications at any time, without assigning any reason thereto.
14. In the event if the date specified for receipt / opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the next following working day at the appointed time.
15. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date.
16. The TPIA should not be blacklisted anywhere in India.
17. Bid validity shall be 180 days from the date of opening bid.
18. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
19. Bid Documents / Any changes & Further details can be seen on website : jharkhandtenders.gov.in and dwsd.jharkhand.gov.in

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi**

PR 347415 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


## झामुमो ने तोरपा प्रखंड में चलाया सदस्यता अभियान




**खूंटी।** झामुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के विभन्न गांवों में सदस्यता अभियान चलाया। मौके पर झामुमो नेताओं ने लोगों को झामुमो की नीतियों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान पार्टी नेताओं ने विधायक सुदीप गुड़िया के प्रयास से कोचा गांव लगे विद्युत ट्रांसफार्मर का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली के तोरपा प्रखंड प्रम्फख रूबेन टोपनो, सुशांति कानगाड़ी, प्रदीप केशरी, बिमल बारला,चंद्र सिंह, दिवाकर बारवा, अर्जुन सिंह, ग्राम प्रधान सुखराम गुड़िया, तेज मोहन सिंह, जुनुल गुड़िया, अनमोल गुड़िया सुशील गुथ्ड़या, अनिल गुड़िया आदि उपस्थित थे।

# अवैध बालू लदे दो हाइवा जब्त, चालक और मालिक के विरुद्ध कारवाई आरंभ

**अवैध बालू लदा हाइवा ट्रक के परिवहन की गुप्त सूचना मिला था। जिसपर पुलिस छापेमारी करते दोनो ट्रक के चालक एवं मालिक के बिरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया गया।**



**नवीन मेल संवाददाता**
**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए अवैध बालू लदा दो हाइवा ट्रक को जप्त किया गया. जप्त हाइवा ट्रक व मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा।
विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के रास्ते अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही मध्य रात्रि में छापेमारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के घाटा गगेया पथ से एक हाइवा ट्रक तथा कोराम्बे से एक हाइवा ट्रक जे एच 09 ए एन 0195 तथा जे एच 02 ए डब्लू 7555 को जब्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।
वही जब्त हाइवा ट्रक के बारे में अंचलाधिकारी द्वारा खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया। जिसे जब्त हाइवा ट्रक के मालिक व चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। जबकि हाइवा ट्रक के मालिक ने बताया कि गुमला जिले के लरंगो से बालू उठाव कर ले जाया जा रहा था।
जिसका चालान होने के बावजूद जांच करवाने की बात बोल बालू लदा हाइवा ट्रक को पकड़ कर थाना में रखा गया है। इस संदर्भ मे थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव एवं परिवहन की सूचना पर निरंतर कारवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा अवैध बालू लदा हाइवा ट्रक के परिवहन की गुप्त सूचना मिला था। जिसपर पुलिस छापेमारी करते दोनो ट्रक के चालक एवं मालिक के बिरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया गया। सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू का उठाव कोयल नदी से होने तथा परिवहन करने के मामले पर लगतार खनन पदाधिकारी के निर्देश पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस द्वारा कारवाई जारी रहेगा।

## भंडरा में खुलेआम हो रही नशीले पदार्थों की बिक्री

**भंडरा।** राज्य में जिस ओर सरकार गुटका पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है, तो दूसरी ओर जिले के भंडरा प्रखंड में नशीले अन्य पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो गई है। बता की भंडरा प्रखंड के चौक चौराहों के दुकान में डेंड्राइट, थीनर, वाइटनर की बिक्री मनमाने दामों पर बिक रही है। जिसका शिकार स्कूली बच्चे हो रहे है। बता दें कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय भंडरा में वर्ग छह में अध्यंतरण दो छात्र शुक्रवार को थीनर का नशा में झूमते नजर आएं। जिससे स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनोरमा अगस्टिन ने बताया कि विद्यालय में अवधि में वर्ग छह के दो बच्चे पेशाब करने की आठ कहकर बाहर निकले थे। अधिक देर होने के बाद भी क्लास में नहीं पहुंचने पर बाथरूम में देखने गए।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अच्छी तथा बुरी, दोनों प्रकार की आदतों को शक्ति प्राप्त करने में समय लगता है। शक्तिशाली बुरी आदतों को उनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा हटाया जा सकता है यदि अच्छी आदतों का धैर्यपूर्वक विकास किया जाए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# ट्रंप के टैरिफ को खपत के हथियार से जवाब

भारतीय अर्थव्यवस्था की रिपोर्टों की फरवरी 2025 की बुलेटिन और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिसर्च रिपोर्ट में एकमत से कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। इन रिपोर्टों के अलावा, इन दिनों भारतीय बाजारों में मांग और खरीदारी तथा महंगाई विषय पर प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में भी कहा जा रहा है कि सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने, ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार और महंगाई में कमी से अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आरबीआई का कहना है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे, वाहन की बिक्री, हवाई यातायात, इस्पात खपत आदि देश की गतिविधियों में छमाही आधार पर वृद्धि का संकेत दे रहे हैं और इन गतिविधियों में आगे भी तेजी की संभावना है। विकास के चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने को लेकर आगामी वर्ष 2025-26 बजट में किए उपायों से भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह भी कहा गया है कि यद्यपि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मजबूती और व्यापार नीति से डॉलर मजबूत हो रहा है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी की निकासी बढ़ सकती है, लेकिन इन सबके बीच आर्थिक गतिविधियों की गति बरकरार रहने की उम्मीद है। कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से ग्रामीण मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित आयकर राहत के बीच मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ खर्च योग्य आय में वृद्धि को देखते हुए शहरी मांग में भी बड़े सुधार की उम्मीद है। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने से निर्मित विपरीत वैश्विक आर्थिक हालात के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की नई मजबूत आर्थिक संभावनाएं हैं। ग्रामीण इलाकों में कृषि मजदूरी लगातार बढ़ रही है। ट्रैक्टरों की बिक्री और रबी फसलों की बुआई में तेजी आई है। देश भर में अक्तूबर से दिसंबर 2024 के बीच पूंजीगत खर्च तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में जुलाई से सितंबर 2024 की तिमाही में जो विकास दर महज 5.4 फीसदी ही थी, वह अक्तूबर से दिसंबर 2024 के बीच बढ़कर 6.3 फीसदी अनुमानित है।एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है, जबकि एलएंडटी के अनुसार, यह वृद्धि दर 6.7 फीसदी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.2 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान लगाया है।निस्संदेह देश में महंगाई दर घटने से भी विकास दर को गति मिल रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जब इस समय दुनिया के कई देशों में महंगाई बेकाबू बनी हुई है, तब भारत में महंगाई घट रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने स्वीकार किया है कि हम दुनिया में वर्ष 2024 तक महंगाई पर काबू पाने में कामयाब नहीं हुए हैं।इसलिए अब हम दुनिया में बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए हरसंभव नए प्रयास करेंगे। ज्ञातव्य है कि भारत में जनवरी 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) घटकर 4.3 फीसदी के स्तर पर आ गई है, जो पिछले पांच महीनों में सबसे निचला स्तर है।

*देश भर में अक्तूबर से दिसंबर 2024 के बीच पूंजीगत खर्च तेजी से बढ़े हैं।*

# शून्य भेदभाव दिवस : शून्य भेदभाव अभियान मिसाल नहीं, मशाल बने



दुनिया में भेदभाव की ऊंची-ऊंची दीवारों पर अमानवीयता, छूआछूत, अन्याय, शोषण, उत्पीड़न के काले अध्याय लिखे हैं, इनके खिलाफ़ लड़ाई के लिए बहुआयामी, उदार एवं मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो मूल कारणों एवं जड़ों पर प्रहार करते हुए सामाजिक-राजनैतिक मानदंडों को चुनौती दे और पहचान के विभिन्न आयामों में समावेशिता और समानता को बढ़ावा दे। भेदभाव के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है, जो कोई प्रतीकात्मक उत्सव नहीं है, बल्कि सीमाओं, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समानता की एक शक्तिशाली घोषणा है, इसे मिसाल नहीं, मशाल बनाना होगा। यह निष्पक्षता, समानता और सभी के लिए सम्मान के लिए लड़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शून्य भेदभाव दिवस-2025 की थीम है 'हम एक साथ खड़े हैं।' इसके द्वारा जातिवाद, रंगवाद, नस्लवाद, भाषावाद आदि विषमता एवं विसंगतिमूलक व्यवस्थाओं एवं सोच की जड़े हिलाई गयी है। दुनियाभर में इस क्रांतिकारी अभियान का मुक्तभाव से स्वागत हो रहा है।

इक्कीसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। इसी तरह लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं को अक्सर वेतन में अंतर, सीमित करियर उन्नति और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित कर देती हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और क्षमता सीमित हो जाती है। उम्र के आधार पर भेदभाव युवा और बुजुर्ग दोनों को प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों एवं समाजों में भेदभाव के बारे में चिंताजनक आंकड़े मिलते है। भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देता है, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे शून्य भेदभाव दिवस आंदोलन ने गति पकड़ी, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है।

आज की बात



**ललित गर्ग**

महात्मा गांधी ने भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव रखी। अगर गांधी ने अछूतोद्धार आन्दोलन नहीं चलाया होता, उनके कल्याण के लिए संघर्ष नहीं किया होता, उनकी बस्ती मे उनके साथ जाकर नहीं रहे होते तो ये हरिजन आज हीन एवं दीन ही बने रहते। जब गांधी के गुजरात का प्रमुख शहर, हीरों का विश्वभर में निर्यात करने वाला सूरत गन्दगी से सड़कर "प्लेग" से जूझ रहा था, तब देश के सबसे बड़े प्रान्त उत्तर प्रदेश में आन्दोलनकारियों पर गोली चलाई गई। जिसने राजघाट में सोयी उस आत्मा को पीड़ा से भर दिया। गांधी ने एक मुट्ठी भर नमक उठाया और करोड़ों लोगों ने मुट्ठियां तान दी थीं। चर्खे पर खादी का धागा काता और विदेशी कपड़ों की होली हर चौराहे पर जला दी। "करो या मरो" का नारा दिया और कितने ही वकील, डॉक्टर, अध्यापक, व्यापारी अपना पेशा छोड़कर मैदान में कूद पड़े। ऐसा चरित्र आज कहां? उनका व्यक्तित्व सुन्दर चमड़ी का नहीं था, उनकी छवि विदेशी कपड़ों से नहीं थी, उनके विचार आयात किए हुए नहीं थे। एक दुबला, पतला, लंगोटीधारी, जो भारत की धरती के लोगों के हृदय की भाषा बोलता था और इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को मिटाता चला गया। आज तो नेता समस्याओं को सड़ा रहे हैं-- समाधान नहीं दे रहे हैं। लोगों का विश्वास टूट रहा है।

भेदभाव के खिलाफ लड़ाई गांधी जैसे अनेक विश्व व्यक्तित्वों के अथक प्रयासों से प्रेरित हैं, जिनकी न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता ने वैश्विक मंच पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने, हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए आवाज़ उठाने और बदलाव को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसी ही एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं नेल्सन मंडेला, जिनकी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद को खत्म करने के लिए आजीवन प्रतिबद्धता उत्पीड़न के खिलाफ़ लचीलेपन का प्रतीक है। लड़कियों की शिक्षा के लिए निडर योद्धा मलाला यूसुफजई तालिबान द्वारा हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरीं। सभी के लिए शिक्षा के प्रति मलाला के अटूट समर्पण और लैंगिक समानता के लिए उनके अथक प्रयास ने उन्हें 17 साल की उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार दिलाया, जिससे वह इतिहास में सबसे कम उम्र की पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से एक बन गईं। हार्वे मिल्क ने पहले खुले तौर पर समलैंगिक सार्वजनिक अधिकारी के रूप में कैलिफोर्निया में समलैंगिकों के अधिकारों की व्यापक दृश्यता और स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त किया। मिल्क की साहसी सक्रियता ने समलैंगिक अधिकार आंदोलन के शुरुआती चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रूथ बेडर गिन्सबर्ग, एक अग्रणी कानूनी विद्वान और सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश, ने अपना करियर लैंगिक भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अभूतपूर्व काम और ऐतिहासिक कानूनी फैसलों ने महिलाओं के अधिकारों को गहराई से प्रभावित किया है और कानूनी परिदृश्य को आकार देना जारी रखा है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नागरिक अधिकारों की खोज से लेकर मैल्कम एक्स की नस्लीय न्याय की वकालत और एम्मा गोंजालेज की बंदूक हिंसा के खिलाफ सक्रियता से लेकर ग्रेटा थनबर्ग की जलवायु न्याय की लड़ाई तक, प्रत्येक व्यक्ति ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

शिक्षा और जागरूकता भेदभाव से निपटने की नींव बनाती है, जो समझ को बढ़ावा देने और गहराई से जड़ जमाए हुए पूर्वाग्रहों को खत्म करने में महत्वपूर्ण है। समाज विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर समावेशी पाठ्यक्रम को एकीकृत करके रूढ़िवादिता को चुनौती दे सकता है और सहानुभूति को बढ़ावा दे सकता है। भेदभाव से निपटने के लिए कानूनी और नीतिगत विकास महत्वपूर्ण प्रगति के साथ अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दुनिया भर की सरकारें और संगठन व्यक्तियों को भेदभाव से बचाने के लिए मजबूत कानून की आवश्यकता को महसूस करते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# शेयर बाजार के फुग्गे से तेजी से निकल रही हवा

भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। फरवरी माह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को लगभग 1000 अंकों की गिरावट के साथ मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में कारोबार हो रहा था। वहीं निफ्टी में भी 327 अंकों से ज्यादा की गिरावट पर कारोबार हो रहा था। पिछले 5 महीने से शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय जीवन बीमा निगम, म्युचुअल फंड, पेंशन फंड एवं अन्य शासकीय वित्तीय संगठन द्वारा बड़े पैमाने पर शेयर बाजार में निवेश किया गया है। शेयर बाजार में शेयर की पूंजी को ओवर वैल्यू करके पिछले कुछ वर्षों में भारी मुनाफाखोरी शेयर बाजार के माध्यम से हुई है। शेयर बाजार में प्रीमियम शेयर कारोबार की बयार बह रही थी। 10 रूपये का शेयर महंगे दामों पर निवेशकों को बेचा जा रहा था। भारतीय शेयर बाजार को सरकारी नीतियों ने इस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसको बचा पाना सरकार के लिए भी बड़ा मुश्किल है। वर्ष 2025 में शेयर बाजार में तेजी की कोई भी संभावना नहीं है। 2025 मे शेयर बाजार में निरंतर गिरावट और बिकवाली बनी रहेगी। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, कि शेयर बाजार मे कंपनियों का मार्केट वास्तविक वैल्यू से 90 गुना ज्यादा है। ऐसी स्थिति में शेयर बाजार की गिरावट को रोक पाना किसी के बस की बात नहीं है। वर्तमान में कंपनियों की अनुमानित आय और शेयर के वास्तविक मूल्य से लगभग 20 गुना ज्यादा है। शेयर बाजार में मिड कैप और छोटे शेयरों का वैल्यूएशन भी वास्तविक स्थिति से कई गुना ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में शेयर बाजार को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया गया है। अब वह उसी तेजी के साथ नीचे गिरता हुआ नजर आ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान छोटे एवं मध्यम निवेशकों को हो रहा है। इसके साथ ही भारत के राष्ट्रीयकृत बैंक तथा सरकारी वित्तीय संस्थाएं, जिन्होंने सरकार के दबाव में शेयर बाजार में अपने निवेश को बढ़ाकर, शेयर बाजार की कृत्रिम कमाई से अपनी बैलेंस शीट में भारी मुनाफा, पिछले वर्षों में कमाया था। वह शेयर बाजार की इस गिरावट से, सबसे ज्यादा नुकसान बैंकों और सरकारी वित्तीय संस्थानों को हो रहा है। बैंकों द्वारा पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से बड़े-बड़े उद्योगपतियों को कर्ज दिया गया है। कर्ज वसूल ना होने पर नॉन परफॉर्मिंग असेट मे डालकर बड़े-बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया गया है। उसके कारण भारतीय बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम की आर्थिक स्थिति शेयर बाजार के गिरने से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। शेयर बाजार की इस गिरावट से बैंकों में जमा पैसा आम नागरिकों का सुरक्षित रहेगा, या नहीं, इसको लेकर चर्चा होने लगी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**सनत जैन**

# हवा में उड़ते सपनों की टूटी कुर्सी!

जब किसान खेतों में पसीना बहा रहे हों, युवा नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हों, और आम आदमी महंगाई से की मार झेल रहा हो, तब एयर इंडिया की टूटी सीट पर बैठने का दर्द किसी लग्जरी समस्या जैसा लगेगा। लेकिन यह केवल एक कुर्सी का मामला नहीं है, यह उस व्यवस्था की पोल खोलता है जहाँ आम नागरिक की जेब से पूरे पैसे तो ऐंठ लिए जाते हैं, पर बदले में उसे सुविधाओं के नाम पर सिर्फ झुनझुना थमा दिया जाता है। एयर इंडिया, जिसे टाटा समूह ने संभाला, उससे उम्मीद थी कि 'महाराजा' का वैभव लौटेगा। पर हकीकत वही ढाक के तीन पात। महाराजा तो अब भी है, मगर लगता है, राजमहल की कर्सियाँ अब खटारा हो चुकी हैं। सीटें धंसी हुई, हिलती हुई, और यात्रियों की रीढ़ की हड्डी की परीक्षा ले रही हैं! अब यह नया एयर इंडिया है या वही पुरानी सरकारी अकर्मण्यता की उड़ान, जो अब भी यात्रियों के धैर्य पर प्रयोग कर रही है? ये सवाल उठाना लाजिमी है, क्योंकि केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो समस्या उठाई। वह काफ़ी ज्वलंत और पीड़ादायक है।

आज हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं, बल्कि एक 'संघर्ष' बन चुकी है। यात्रियों से मनचाही कीमत वसूलने के बावजूद सुविधाओं के नाम पर झुनझुना थमा दिया जाता है। कभी फ्लाइट लेट होने के नाम पर यात्री फँसते हैं, कभी अनावश्यक शुल्क के जाल में, और कभी टूटी-फूटी सीटों पर बैठने की मजबूरी में। सवाल यह नहीं कि एक सीट खराब थी, सवाल यह है कि जब प्रबंधन को इसकी जानकारी थी, तो टिकट क्यों बेचा गया? फ्लाइट में बैठते ही 'फास्टन सीट बेल्ट' की घोषणा होती है, लेकिन अगर सीट ही टूटी हो, तो बेल्ट बाँधकर यात्री किस सुरक्षित यात्रा की उम्मीद करें? यह सिर्फ एक यात्री की शिकायत नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का प्रमाण है जहाँ ग्राहक को केवल 'संख्या' माना जाता है-जिससे पैसा लिया जाए और फिर भुला दिया जाए। एयरलाइंस की जवाबदेही तय करने वाला कोई तंत्र नहीं, इसलिए यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाना उनका नया व्यावसायिक मॉडल बन गया है। क्या एयर इंडिया की नई व्यवस्था इस सोच को बदलेगी? सवाल उठता है कि टाटा, जिसे गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय माना जाता है, क्या वह इस सेवा को अपनी साख के अनुरूप बना पाएगा? एयर इंडिया को खरीद लेना एक बात है, लेकिन उसे वाकई 'महाराजा' बनाना दूसरी। यात्रियों को सम्मान देना प्राथमिकता होगी, या फिर बस मुनाफे का खेल ही चलता रहेगा? यात्रा के पहले किराया तय नहीं, यात्रा के बाद शिकायतों का निवारण नहीं, और यात्रा के दौरान सुविधाओं की कोई गारंटी नहीं—क्या यही वह हवाई क्रांति है, जिसका वादा किया गया था? देश की सरकार जब 'उड़ान' योजना के तहत आम आदमी को हवाई सफर का सपना दिखाती है, तो यह क्यों नहीं बताती कि यह सफर कितना कठिन और अपमानजनक भी हो सकता है? हर उड़ान में यात्रियों से हजारों रुपये वसूले जाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें क्या मिलता है? लेट उड़ान, खराब सीटें, खराब खाना, और ऊपर से यह अहसान कि उन्हें 'हवाई सफर' का मौका दिया जा रहा है। क्या यही उपभोक्ता अधिकार हैं? अगर भारतीय रेलवे बिना कन्फर्म टिकट के यात्रा नहीं करने देती, तो विमान कंपनियों को क्यों छूट मिलती है कि वे खराब सीटों के टिकट बेच सकें?

फ्लेक्सी फेयर के नाम पर किराया दिन में तीन बार बदल जाता है, कभी आसमान छूता है तो कभी धरातल पर आता है, लेकिन सुविधाओं के नाम कुछ नहीं होता! अब भला यह कैसी व्यापार नीति है कि पहले किराए की नीलामी करो और फिर यात्रियों को टूटी कुर्सियों पर बिठाकर कहो, स्वागत है! क्या यही 'विमानन क्रांति' है? यह अकेली एयर इंडिया की समस्या नहीं है। देशभर में हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं, बल्कि ठगी का पर्याय बन गई है। हर यात्री किसी न किसी तरह इस खेल का शिकार बन रहा है-कभी फ्लाइट लेट होने पर, कभी बेवजह के चार्ज जोड़कर, कभी सीटों के साथ लॉटरी खेलकर। उड़ान योजना के नाम पर आम आदमी को हवाई यात्रा का सपना दिखाया गया, पर वह यह क्यों नहीं बताते कि यह यात्रा कितनी अपमानजनक हो सकती है? क्या सरकार ने 'उड़ान' योजना इसलिए चलाई थी कि लोग हवा में ही अपनी तकदीर की ठगी होते देखें? ऐसे में अब वक्त आ गया है कि इस लूटखसोट को बंद किया जाए। यात्रियों की जेब से पैसे निकालकर बदले में दर्द और असुविधा देना किस प्रकार की व्यावसायिक नैतिकता है? क्या टाटा इसे अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बनाएगा, या फिर यात्रियों को टूटी कुर्सियों पर ही 'एडजस्ट' करने की सलाह दी जाएगी?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**सोनम लववंशी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जंगल था, जंगल रहा, जीवन का एहसास।
यूँ कहने को पास है, शब्दों का इतिहास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# क्रूरता का रूप ले रही रैगिंग पर नियंत्रण जरूरी

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से रैगिंग एक गंभीर बदमाशी और उत्पीड़न की समस्या रही है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मनोवैज्ञानिक आघात, आत्महत्या और यहाँ तक कि हत्या जैसे हिंसक अपराध भी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और 2009 से यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियमों के बावजूद घटनाएँ जारी हैं। 2012 और 2023 के बीच रैगिंग के कारण 78 छात्रों की मौत इस समस्या के भयावह चेहरे को सामने रखती है। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में मुख्य रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों की वजह से रैगिंग होती है। भारतीय सामाजिक संरचनाओं द्वारा सुदृढ़ कठोर पदानुक्रम में वरिष्ठ छात्र कनिष्ठों पर अपना प्रभुत्व जताते हैं। यह इंजीनियरिंग कॉलेजों में शक्ति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को मज़बूत करता है जब वरिष्ठ जूनियर से अपमानजनक कार्य करवाते हैं। आक्रामकता का महिमामंडन करने वाली अति-पुरुषवादी संस्कृति छात्रों को रैगिंग की परंपराओं का पालन करने के लिए मजबूर करती है। मेडिकल संस्थानों में छात्रों को "लचीला बनाने" के नाम पर धीरज-आधारित असाइनमेंट पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उच्च शिक्षा संस्थान अत्यधिक हिंसा होने तक हस्तक्षेप को हतोत्साहित करते हैं क्योंकि वे रैगिंग को दीक्षा अनुष्ठान की तरह देखते हैं। साल 2023 में जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग को "बॉन्डिंग प्रक्रिया" के रूप में लिखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की असामयिक मृत्यु हो गई। प्रतिशोध का डर, प्रभावी गवाह सुरक्षा की कमी और सामाजिक कलंक, पीड़ितों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से अनिच्छुक बनाते हैं।

रैगिंग को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए सुनिश्चित करें कि तत्काल निष्कासन, कानूनी मुकदमा और उसे ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाए। खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करने की जरूरत है। पारदर्शी जवाबदेही के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हेल्पलाइन का नया संस्करण आवश्यक है क्योंकि वर्तमान हेल्पलाइन पर्याप्त तेज़ी से प्रतिक्रिया नहीं देती है। अनिवार्य कार्यशालाओं, संवेदनशीलता अभियानों और मेंटरशिप कार्यक्रमों को लागू करके सकारात्मक वरिष्ठ-जूनियर सम्बंधों को प्रोत्साहित करें। एम्स दिल्ली रैगिंग के मामलों को नियंत्रित रखता है और नए छात्रों को परामर्श सत्र देकर एक सहायक संस्कृति को बढ़ावा देता है। संभावित मुद्दों को अधिक गंभीर होने से पहले पहचानने के लिए व्यवहार ट्रैकिंग, सरप्राइज चेक और छात्रावासों में सीसीटीवी लगाने का उपयोग करें। आईआईटी मद्रास ने सीसीटीवी निगरानी और छात्र प्रोफ़ाइलिंग का उपयोग करके रैगिंग की घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी की है। रैगिंग की समस्या का कोई एकल, सार्वभौमिक रूप से लागू समाधान नहीं है। शैक्षणिक संस्थानों, छात्रों और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सुरक्षित और देखभाल करने वाला वातावरण स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना महत्त्वपूर्ण है। रैगिंग ख़त्म करने के लिए बहुआयामी रणनीति, कठोर कानूनी सुरक्षा और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की जरूरत है। संस्थागत जवाबदेही और प्रौद्योगिकी-संचालित निगरानी यह गारंटी देगी कि उच्च शिक्षा संस्थान भय के बजाय सुरक्षा, समावेशिता और समग्र विकास के स्थान हैं। यूजीसी को उन संस्थानों के खिलाफ खंड 9.4 का उपयोग करना चाहिए जो इससे संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करते। अपराधियों को कड़ी सज़ा मिले, इसकी गारंटी के लिए फास्ट-ट्रैक ट्रायल और पुलिस सत्यापन ज़रूरी है। छात्रावासों में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए जो एआई-आधारित चेहरे की पहचान का उपयोग करते हैं। पीड़ितों की सुरक्षा के लिए एक डिजिटल आईडी-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक परामर्श और एंटी-रैगिंग कार्यशालाओं को लागू करना अनिवार्य होना चाहिए। छात्र मेंटरशिप कार्यक्रमों द्वारा एक समावेशी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यूजीसी हेल्पलाइन की प्रतिक्रिया समय और पहुँच में सुधार की आवश्यकता है। ऐसे डिजिटल शिकायत पोर्टल होने चाहिए जो गुमनाम हों और सीधे पुलिस अलर्ट प्रदान करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रियंका सौरभ**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है 'महाकुंभ', देखकर पूरी दुनिया दंग : गिरिराज



**पटना (आईएएनएस)**

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक पर्व 'महाकुंभ' का 26 फरवरी को समापन हो गया। केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह शुक्रवार को कहा कि 'महाकुंभ' भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है जिसे देखकर पूरी दुनिया दंग है। 'महाकुंभ' समापन पर पीएम मोदी ने एक ब्लॉग लिखा था। इसे कोट करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आईएएनएस से कहा, "पीएम मोदी की जो सोच है, वही महाकुंभ में देखने को मिली। महाकुंभ में बहुत अधिक संख्या में लोग गए, आंकड़ों के मुताबिक 65 करोड़ से अधिक लोगों ने एक जगह पर स्नान किया। महाकुंभ में गंदगी नहीं दिखी, प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की थी। पुलिस ने सहयोगात्मक व्यवहार किया। मुख्यमंत्री योगी ने खुद वहां जाकर व्यवस्था देखी। महाकुंभ भारतीय सांस्कृतिक एकता का ऐसा प्रतीक बन गया जिसे देख पूरी दुनिया दंग है।

कपड़ा मंत्री ने एक ऐतिहासिक घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, "अंग्रेजों के राज में एक बार महाकुंभ के आयोजन में ट्रेनों और बसों की सुविधा बंद कर दी गई थी। इसके बावजूद अधिक संख्या में श्रद्धालु इकट्ठे हुए, जिसे देखकर अंग्रेज दंग हो गए थे। अंग्रेजों ने मालवीय जी से पूछा कि उन्होंने इतनी भीड़ एकत्रित करने के लिए कितने रुपए खर्च किए, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, दो पैसा। दरअसल उस समय दो पैसे में पंचांग आते थे, जो हर घर में पाया जाता था और इसके जरिए ही लोगों को पता चलता था। महाकुंभ के लिए लोगों को बुलाया नहीं जाता, लोग स्वयं आते हैं। ऐसे में उस समय महाकुंभ के आयोजन को देखकर अंग्रेज दंग हुए थे और आज पूरी दुनिया दंग है। कई विदेशी इस पर रिसर्च करने के लिए भी आए। गिरिराज ने महाकुंभ आयोजन की आलोचना करने पर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "जिसके मन में जो आया, वो बोला। तुलसीदास की एक पंक्ति है "जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी" ऐसे में जिसकी जैसी भावना है, वो वैसा देखेगा। कोई आधा गिलास भरा हुआ पानी देखता है तो कोई आधा गिलास खाली पानी देखता है। सीएम योगी ने इस पर यूपी विधानसभा में विस्तार से जवाब दिया है।

## योगी सरकार यूपी के सभी 75 जिलों में पहुंचाएगी गंगाजल

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

अग्निशमन तथा आपात सेवा ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संगम का जल पहुंचाने की नायाब पहल की है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से महाकुंभ में स्नान करने नहीं आ पाए हैं, उनके लिए सरकार संगम का जल भिजवाएगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब अग्निशमन तथा आपात सेवा ने यह बीड़ा उठाया है। अग्निशमन तथा आपात सेवा की अपर पुलिस महानिदेशक पद्मजा चौहान ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रमोद शर्मा को निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जनपदों से आए फायर टेंडर के माध्यम से संगम का जल भिजवाया जाए। शुक्रवार से जनपदों से आए फायर टेंडर लौटना शुरू होंगे और उन सभी में संगम का जल भेजा जाएगा, ताकि लोग संगम के जल से घर पर स्नान कर पुण्य अर्जित कर सकें।

यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप एक अनोखी पहल है जिसके तहत किसी कारण से कुंभ न आ पाने वाले श्रद्धालुओं को भी जल मिलेगा। ज्ञात हो कि महाकुंभ में इस बार 66 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में आकर आस्था की डुबकी लगाई थी। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक संपन्न हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह महाकुंभ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे थे।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला**

## संभल में जामा मस्जिद की नहीं होगी रंगाई-पुताई

**संभल (आईएएनएस)**



संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला आया है। हाई कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष ने रंगाई-पुताई की मांग की थी। दरअसल, मस्जिद कमेटी की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी। इस याचिका में उन्होंने मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की इजाजत मांगी थी, जिस पर हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने को कहा था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें कहा गया कि मस्जिद की पेंटिंग स्थिति में कोई सुधार की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने एएसआई की निगरानी में मस्जिद की सफाई कराने का आदेश दिया। हालांकि, मस्जिद कमेटी को इस रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 4 मार्च 2025 तक का समय दिया गया है। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट इस मामले में 4 मार्च को फिर से सुनवाई करेगा।

वहीं, इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद संभल की शाही जामा मस्जिद के बाहर आरआरएफ, पीएसी और यूपी पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

# फॉरेंसिक विज्ञान तंत्र मजबूत करने को हो रहा काम : मुर्मू

### राष्ट्रपति राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विवि के दीक्षांत समारोह में हुईं शामिल

**गांधीनगर/अहमदाबाद (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) गांधीनगर का तीसरा दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के 1,562 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इनमें 12 छात्रों को डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी), एक छात्र को डॉक्टरेट ऑफ लॉ (एलएलडी) और अन्य छात्रों को डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा, प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक भी प्रदान किये गये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों को बधाई दी। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने में सफल रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आइये हम सभी एक संवेदनशील न्याय प्रणाली पर आधारित विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हों। राष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया भर में फोरेंसिक विज्ञान का महत्व बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज 15 देशों के 70 से अधिक छात्रों को इस विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय से डिग्री भी मिली हैं। इतना ही नहीं, इस विश्वविद्यालय ने सिविल सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, वित्त, बैंकिंग, न्यायपालिका समेत महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लगभग 30,000 अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। अपराधियों पर नियंत्रण तथा हाशिए पर पड़े नागरिकों के लिए त्वरित एवं सुलभ न्याय सुनिश्चित करने में फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण है।

**निष्पक्ष न्याय आपका लक्ष्य होना चाहिए**

राष्ट्रपति ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से त्वरित और सुलभ न्याय प्रक्रिया के लिए अपने ज्ञान का उचित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और त्वरित न्याय आपका लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जुलाई 2024 भारत के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण दिन था। इस दिन दंड के बजाय न्याय पर आधारित तीन नए कानून लागू किए गए। इनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय न्यायिक संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में सजा सात वर्ष या उससे अधिक है, उनमें अपराध की जांच फोरेंसिक विशेषज्ञों से कराना अनिवार्य करने से इस क्षेत्र के विशेषज्ञों की तत्काल आवश्यकता पैदा होगी। यह आवश्यकता राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय गांधीनगर के माध्यम से पूरी की जाएगी।

## घायल नीलम शिंदे के परिवार को तुरंत मिला अमेरिकी का वीजा

**एजेंसी। मुंबई**



अमेरिका में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुईं भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के परिवार वालों को अमेरिका जाने के लिए वीजा मिल गया है। नीलम के परिवार को वीजा मिलने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर, मुंबई में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स हैंडल 'मदद' को टैग करते हुए आभार जताया।

सुप्रिया सुले ने लिखा, "तानाजी शिंदे के लिए वीजा हासिल करने में त्वरित मदद के लिए आभारी हूं, जिससे वे इस महत्वपूर्ण समय में अमेरिका में अस्पताल में भर्ती अपनी बेटी नीलम शिंदे के साथ रह सकें। विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विदेश मंत्रालय आपकी मदद के लिए धन्यवाद।"महाराष्ट्र के सतारा जिले की रहने वाली नीलम तानाजी शिंदे कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी की छात्रा हैं। अमेरिका में पढ़ाई कर रही भारतीय छात्रा नीलम शिंदे 14 फरवरी को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई थीं। इस हादसे में उनके सिर और पैरों में गंभीर चोट आई और ब्लड लॉस की वजह से उनकी स्थिति गंभीर हो गई। नीलम फिलहाल कैलिफोर्निया के एक अस्पताल के आईसीयू में कोमा में हैं। नीलम के परिवार ने भारत सरकार से वीजा प्राप्त करने के लिए मदद की गुहार लगाई थी, ताकि वे अपनी बेटी के इलाज के लिए अमेरिका जा सकें। डॉक्टरों को ऑपरेशन के लिए नीलम के परिवार के किसी सदस्य की अनुमति की आवश्यकता थी। शुरुआत में नीलम के पिता तानाजी को अमेरिकी वीजा प्राप्त करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने वीजा के लिए लगातार कोशिश की, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि एक हफ्ते तक कोई स्लॉट नहीं मिल सका। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद परिवार को अमेरिकी काउंसलेट से वीजा मिल गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## भोपाल में कांग्रेस ने मौत बांटी थी : मोहन यादव

**भोपाल (आईएएनएस)**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लगभग चार दशक पहले हुए यूनियन कार्बाइड हादसे के बाद जमा रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाया जा रहा है। इस पर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में कांग्रेस ने मौत बांटी थी।

भोपाल के यूनियन कार्बाइड में जमा कचरे को कंटेनरों से धार जिले के पीथमपुर स्थित रामकी कंपनी में भेजा गया है। न्यायालय से मिले निर्देश के आधार पर शुक्रवार से कचरा जलाने का सिलसिला शुरू हो रहा है। इसके लिए एक प्रक्रिया तय की गई है, जिसके तहत कचरा जलाया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि इस कचरे के जलाए जाने से गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा है। कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की जितनी समझ है, वह अपना काम कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश मिले हैं। जहां तक भोपाल हादसे की बात है तो कांग्रेस ने भोपाल में मौत बांटी थी।

## बिहार में राजग सरकार बनने के बाद शिक्षा स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ : राज्यपाल

**पटना (हि.स.)**

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के विकास कार्यों और आने वाले समय में सरकार की योजनाओं को सदन में क्रम से रखा। उन्होंने कहा कि बिहार में 2005 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद से शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ है।

राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद से ही राज्य में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। सरकार ने बिहार में महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोड़ दिया है। पंचायती राज, नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। अब समूहों की संख्या 10 लाख 63 हजार हो गई है। इसमें जीविका दीदियों की संख्या एक लाख 41 हजार से अधिक है। इस मौके पर दोनों सदनों के सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधानपरिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने शुरू से ही वंचित वर्गों के लिए काम किया।

### बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25' पेश किया



बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। यह सर्वेक्षण बिहार का 19वां संस्करण है, जिसे बिहार लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने तैयार किया है। रिपोर्ट में राज्य की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई है। आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित आंकड़ों के मुताबिक, बिहार की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2011-12 के 2.47 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यह लगभग 3.5 गुना वृद्धि को दर्शाता है। 2023-24 के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्तमान मूल्य पर 8,54,429 करोड़ रुपये और 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 4,64,540 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

## गुर्दे, हृदय की समस्याओं में रामबाण सा असर करता है 'पुनर्नवा'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



शायद ही ऐसी कोई शारीरिक समस्या हो, जिसका समाधान आयुर्वेद में न हो। फिर बात गुर्दे से संबंधित हो तो सबसे पहला नाम आता है 'पुनर्नवा' का। पुनर्नवा को आयुर्वेद में रामबाण, अमृत जैसी उपाधियों से भी नवाजा जा चुका है। यह छोटा सा पौधा बड़े-बड़े लाभ देता है। यह न केवल गुर्दे, बल्कि हृदय के लिए भी टॉनिक का काम करता है।

दरअसल, 'पुनर्नवा' एक संस्कृत शब्द है, जो पुनर और नव दो शब्दों से मिलकर बना है। 'पुनर' का अर्थ 'एक बार फिर' और 'नव' का मतलब 'नया बनना' है। 'पुनर्नवा' एक औषधीय जड़ी बूटी है, जिसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की वेबसाइट पर छपे एक अध्ययन के मुताबिक, पुनर्नवा में इम्यूनो मॉड्यूलेशन, हेपेटो प्रोटेक्शन, एंटी कैंसर, एंटीडायबिटिक, एंटी-इन्फ्लेमेशन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। बताया जाता है कि इस औषधीय जड़ी बूटी का इस्तेमाल इसके गुणों के कारण गुर्दे और मूत्र संबंधी समस्याओं के इलाज में किया जाता है। 'पुनर्नवा' को हृदय और गुर्दे दोनों के लिए रामबाण माना गया है। हालांकि, यह जड़ी बूटी खाने में कड़वी और तीखी होती है, लेकिन आयुर्वेदिक उपचार में यह कारगर है। 'पुनर्नवा' को पीलिया, बुखार और मोटापे के इलाज के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसकी जड़ का रस भी काफी खास होता है, जो रतौंधी से पीड़ित लोगों की मदद करता है। इतना ही नहीं, सामयिक उपयोग दर्द और सूजन को भी कम करने का काम करता है। इसके अलावा, यह अस्थमा को कम करने के लिए भी जाना जाता है। इस जड़ी बूटी में मैग्नीशियम, सोडियम, कैल्शियम और पोटेशियम सहित मैक्रो खनिजों का एक मूल्यवान स्रोत होता है। मैग्नीशियम रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है। साथ ही, मधुमेह को भी नियंत्रित करने में 'पुनर्नवा' को फायदेमंद माना जाता है।

'पुनर्नवा' मधुमेह के अलावा अस्थमा, मोटापे का इलाज, ड्रॉप्सी, जलोदर, पेट के कीड़ों को मारने, रतौंधी (आंखों की एक बीमारी), दर्द और सूजन को कम करने, किडनी की समस्याओं को ठीक करने, त्वचा रोगों, एनीमिया, कब्ज के लिए लाभकारी है। स्वास्थ्य लाभों के लिए आमतौर पर पूरे पौधे या जड़ों का उपयोग किया जाता है।





## गेल, बेन ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को दूसरी जीत दिलाई



**नवी मुंबई (आईएएनएस)।** क्रिस गेल, ड्वेन स्मिथ, सुलेमान बेन और रवि रामपाल ने समय को पीछे मोड़ दिया, क्योंकि वेस्टइंडीज मास्टर्स ने गुरुवार रात को यहां उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) में इंग्लैंड मास्टर्स को आठ रन से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। डीवाई पाटिल स्टेडियम में पुरानी यादें ताजा हो गईं, जब वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी उद्घाटन आईएमएल के पांचवें मैच के लिए फ्लडलाइट में एकत्र हुए, जिसमें वेस्टइंडीज मास्टर्स ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। क्रिस गेल और ड्वेन स्मिथ ने कैरेबियाई प्रतिभा को फिर से जगाया, एक निडर आक्रमण की शुरुआत की, जिसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद सिर्फ सात ओवर में 77 रनों की धमाकेदार ओपनिंग साझेदारी करने में मदद की।

## रूसी शतरंज के दिग्गज बोरिस स्पैस्की का 88 वर्ष की आयु में निधन

**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूसी शतरंज के दिग्गज और दसवें विश्व शतरंज चैंपियन बोरिस स्पैस्की का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया, रूसी शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी है। स्पैस्की का जन्म 1937 में लेनिनग्राद में हुआ था और उन्हें कम उम्र से ही शतरंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाता था। उन्होंने 5 साल की उम्र में खेलना शुरू किया, 16 साल की उम्र में इंटरनेशनल मास्टर बन गए और दो साल बाद विश्व जूनियर चैंपियन बन गए। वे शतरंज के राजकुमार का खिताब जीतने वाले पहले सोवियत खिलाड़ी बन गए। "एक महान व्यक्ति ने हमें छोड़ दिया है। शतरंज के खिलाड़ियों की कई पीढ़ियों ने उनके खेलों का अध्ययन किया है।



चैंपियंस ट्रॉफी

### बारिश ने बिगाड़ा खेल...

# सेमीफाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी। कराची ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफगानिस्तान संग उसका मुकाबला बारिश के चलते धुल गया। अफगानी टीम अब भी रेस में बनी हुई है, लेकिन उसका सेमीफाइनल में पहुंचना असंभव सा है। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मैच नंबर-10 में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान की टक्कर हुई। हालांकि यह मुकाबला बारिश के चलते पूरा नहीं हो पाया। 28 फरवरी (शुक्रवार) को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 274 रनों का टारगेट दिया था। टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 12.5 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए थे। उसके बाद बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण खेल नहीं हो पाया। मैच धुलने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम चार अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई।

### अफगानिस्तान का सेमी में पहुंचना काफी मुश्किल

उधर अफगानिस्तान की टीम के अब तीन अंक हैं। अफगानी टीम अब तभी सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जब इंग्लैंड शनिवार (1 मार्च) को साउथ अफ्रीका को बड़े अंतर से हराए। तब अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के 3-3 अंक होंगे और नेट-रनरेट के आधार पर सेमीफाइनलिस्ट का फैसला होगा। बता दें कि साउथ अफ्रीका का नेट-रनरेट (+2.140) इस टूर्नामेंट में सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ है। ऐसे में अफगानी टीम लगभग बाहर ही है, जिसका नेट-रनरेट -0.990 है। चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप-बी में रखा गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस ग्रुप में 4 अंकों के साथ पहले नंबर पर है और वो सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने एक मैच जीता, जबकि उसके दो मुकाबले बेनतीजा रहे। साउथ अफ्रीका के दो मैचों में 3 अंक हैं और वो दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका ने एक मैच में जीत हासिल की, जबकि ऑस्ट्रेलिया संग उसका मुकाबला बेनतीजा रहा। तीसरे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान की टीम के 3 मैचों में 3 अंक हैं और उसका नेट-रनरेट (-0.990) है। चौथे नंबर पर अंग्रेजी टीम है, जिसका खाता नहीं खुला है और वो सेमीफाइनल की रेस से आउट हो चुकी है। ग्रुप-ए से भारत और न्यूज़ीलैंड की टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं।

### हेड ने जड़ी धांसू फिफ्टी फिर आई बारिश

टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत शानदार रही। मैथ्यू शॉर्ट और ट्रैविस हेड ने मिलकर 4.3 ओवरों में 44 रनों की पार्टनरशिप की। अजमतुल्लाह उमरजई ने मैथ्यू शॉर्ट को आउट करके इस पार्टनरशिप को तड़ा। शॉर्ट ने तीन चौके और एक सिक्स की मदद से 15 गेंदों पर 20 रन बनाए। इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड ने बेहतरीन पार्टनरशिप की। इस दौरान हेड ने सिर्फ 34 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हेड और स्मिथ के बीच 65 रनों की पार्टनरशिप हुई, जिसके बाद बारिश के चलते खेल आगे नहीं हो पाया। हेड ने 9 चौके और एक सिक्स की मदद से 40 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाए। वहीं स्मिथ ने 2 चौके की मदद से 22 गेंदों पर नाबाद 19 रन बनाए।



### अफगानी पारी : उमरजई और अटल ने जड़े अर्धशतक

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवरों में 273 रन बनाए। अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसे पहले ही ओवर में शुरुआती झटका लग गया। रहमानुल्लाह गुरबाज खाता खोले बगैर स्पेंसर जॉनसन की बॉल पर बोल्ड हो गए। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। जादरान (22) को एडम जाम्पा ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच आउट कराया। वहीं अनुभवी बल्लेबाज रहमत शाह (12) ग्लेन मैक्सवेल की बॉल पर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच थमा बैठे। रहमत के आउट होने के समय अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 91 रन था। रहमत शाह के आउट होने के कुछ देर बाद सेदिकुल्लाह अटल ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। अटल पूरी तरह लय में दिख रहे थे और उन्होंने कुछ हवाई शॉट्स भी खेले। अटल ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 68 रनों की पार्टनरशिप की। स्पेंसर जॉनसन ने अटल को स्टीव स्मिथ के हाथों कैच आउट कराकर इस पार्टनरशिप का अंत किया। सेदिकुल्लाह अटल ने 95 गेंदों का सामना करते हुए 85 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। फिर कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (20) के रूप अफगानिस्तान का पांचवां विकेट गिरा, जिन्हें एडम जाम्पा ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच आउट कराया। अफगानी टीम के विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। मोहम्मद नबी (1) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से रनआउट हुए।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 'प्रमोशन व रेलीगेशन प्रणाली' शुरू की



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025, जो 1 से 12 मार्च तक पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में होगी, में 'प्रमोशन और रेलीगेशन' प्रणाली की विशेषता वाला एक नया प्रारूप होगा, जो टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा की एक अतिरिक्त परत जोड़ देगा। 2025 के संस्करण में 28 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें तीन डिवीजनों में वर्गीकृत किया गया है: डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी। यह नया प्रारूप न केवल प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है, बल्कि टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर उच्च डिवीजनों में चढ़ने या निर्वासन का जोखिम उठाने का एक स्पष्ट मार्ग भी प्रदान करता है।

## अल्टीमेट टेबल टेनिस ने अहमदाबाद में पदार्पण किया छठा सत्र 29 मई से शुरू होगा

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

भारत की प्रमुख टेबल टेनिस लीग, अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 29 मई से 15 जून तक अपने छठे सत्र के लिए वापसी करेगी और अहमदाबाद पहली बार इसकी मेजबानी करेगा। शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस सितारों के शानदार मिश्रण वाली आठ टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें गत विजेता गोवा चैलेंजर्स ऐतिहासिक तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी। अहमदाबाद भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी से अपनी जगह बना रहा है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और निकट भविष्य में 2030 यूथ ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों जैसे प्रमुख आयोजनों की मेजबानी करने की दृष्टि से कई विषयों का केंद्र बन रहा है।

## गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है: शिखर धवन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को लगता है कि शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है। युवा खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में है। गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद शतक के साथ आठ टीमों के तमाशे की शुरुआत की, जबकि चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 46 रनों की पारी खेली। दो मैचों में 147 रन के साथ, वह विराट कोहली (122 रन) से आगे भारत के लिए शीर्ष स्कोरर हैं। धवन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "मुझे शुभमन गिल की बल्लेबाजी बहुत पसंद है, यह बहुत ही शानदार है और उनकी बल्लेबाजी में शान है। और निरंतरता है; यह देखकर अच्छा लगता है कि उनमें इतना पेशेवरपन है। युवा लड़के हैं, वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाना जानते हैं और लगातार रन बना रहे हैं। रोहित को युवाओं के साथ खेलना अच्छा लगता है और वह अपने कई सालों के अनुभव को उनके साथ साझा करते होंगे। मुझे यकीन है कि वह उनकी पीठ थपथपाते होंगे और उन्हें बताते होंगे कि किसी भी परिस्थिति में कैसे खेलना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी के बावजूद धवन ने कहा कि उनकी कमी खलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि हर्षित राणा के लिए वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने का यह बड़ा मौका है।








*लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है*

## डोपिंग प्रतिबंध के कारण सिनर का लॉरियस में नामांकन रद्द।।।

**पेरिस (आईएएनएस)**

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी ने घोषणा की है कि वह 2025 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर का नामांकन वापस ले रही है। यह निर्णय हाल ही में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा इतालवी खिलाड़ी पर लगाए गए तीन महीने के निलंबन के बाद लिया गया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार नामांकन पैनल को भेजे गए ईमेल में अकादमी ने बताया कि मामले से जुड़ी "विपरीत परिस्थितियों" के बावजूद, निलंबन ने सिनर के नामांकन को अयोग्य बना दिया। "लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है। हमने इस मामले में संबंधित वैश्विक निकायों के निर्णयों का अनुसरण किया है और - यद्यपि हम इसमें सम्मिलित परिस्थितियों को देखते हैं - हमारा मानना है कि तीन महीने का प्रतिबंध नामांकन को अयोग्य बनाता है। जानिक और उनकी टीम को सूचित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में, वाडा ने खुलासा किया कि मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद सिनर ने एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया था। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने तीन महीने के प्रतिबंध को मानते हुए स्वीकार किया कि हालांकि उन्होंने जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ का उपयोग नहीं किया और अपने प्रदर्शन में इससे कोई लाभ नहीं उठाया, एथलीट अंततः अपने सहायक कर्मियों के कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

## कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,414.33 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,198 और निफ्टी 420.35 अंक या 1.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,124 पर था। तेज गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 10 लाख करोड़ रुपये गिरकर 383 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि गुरुवार को 393 लाख करोड़ रुपये था। गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,221.55 अंक या 2.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,915 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 456 अंक या 3.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,700 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। बीएसई पर 780 शेयर हरे निशान में, 3,214 शेयर लाल निशान में और 88 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स में ऑटो में 3.92 प्रतिशत, आईटी में 4.18 प्रतिशत, एफएमसीजी में 2.62 प्रतिशत, एनर्जी में 2.09 प्रतिशत, इन्फ्रा में 2.07 प्रतिशत और फार्मा में 1.92 प्रतिशत की गिरावट हुई। करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, टाइटन, टीसीएस, नेस्ले, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स थे। केवल एचडीएफसी बैंक ही हरे निशान में बंद हुआ है। फरवरी में बाजार का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। 500 में से 450 निफ्टी शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। इस दौरान निफ्टी 5.89 प्रतिशत और सेंसेक्स में 5.55 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

## भारत को 2047 तक हाई-इनकम स्टेटस तक पहुंचने के लिए 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की जरूरत : विश्व

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विश्व बैंक की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया है कि भारत को 2047 तक हाई-इनकम स्टेटस तक पहुंचने के लिए अगले 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। यह एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे प्राप्त किया जा सकता है। 'बिकमिंग अ हाई-इनकम इकोनॉमी इन ए जनरेशन' टाइटल वाले नए 'इंडिया कंट्री इकोनॉमिक मेमोरंडम' में पाया गया है कि यह लक्ष्य संभव है। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसत 6.3 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर को मान्यता देते हुए, विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की पिछली उपलब्धियां इसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं।



हालांकि, वहां पहुंचने के लिए सुधारों और उनके कार्यान्वयन को लक्ष्य जितना ही महत्वाकांक्षी होना होगा। विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा, "चिली, कोरिया और पोलैंड जैसे देशों से मिले सबक बताते हैं कि कैसे उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने इंटीग्रेशन को गहरा कर मिडल-टू-हाई इनकम वाले देशों के रूप में सफलतापूर्वक ट्रांजिशन किया है।

### राज्यों को तेजी से और एक साथ बढ़ने में सक्षम बनाना है

पिछले तीन वित्त वर्षों में भारत ने अपनी औसत वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत तक बढ़ाया है। इस गति को बनाए रखने और अगले दो दशकों में 7.8 प्रतिशत (वास्तविक रूप में) की औसत वृद्धि दर प्राप्त करने के लिए, कंट्री इकोनॉमिक मेमोरंडम पॉलिसी एक्शन के लिए चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सिफारिश करता है। ये चार क्षेत्र हैं - अधिक और बेहतर नौकरियां पैदा करने के लिए माहौल को बढ़ावा देते हुए निवेश बढ़ाना, संरचनात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देना, व्यापार भागीदारी और टेक्नोलॉजी को अपनाना, राज्यों को तेजी से और एक साथ बढ़ने में सक्षम बनाना।

## ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए पीएफ जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रखी बरकरार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को पिछले वर्ष के समान 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को हुई बैठक में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने यह निर्णय लिया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने 7 करोड़ सदस्यों के लिए 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 के 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत कर दिया था। प्रपोजल को अब मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ सदस्यों के खातों में जमा कर दी जाएगी। इस बीच, एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन (पीओएचडब्ल्यू) के तहत प्राप्त एप्लीकेशन में से 70 प्रतिशत की प्रोसेसिंग पूरी कर ली है और 31 मार्च, 2025 तक सभी एप्लीकेशन की प्रोसेसिंग पूरा करने

## रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के तहत टॉप 10 शहरों में 1 लाख से ज्यादा प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

2017 में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (आरईआरए) के कार्यान्वयन के बाद से आरईआरए के तहत टॉप 10 राज्यों में 97.14 लाख यूनिट वाले कुल 1.19 लाख प्रोजेक्ट्स रजिस्टर्ड हुए हैं। शुक्रवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ऊपर है, जो टॉप 10 राज्यों में कुल रजिस्ट्रेशन का 40 प्रतिशत है।\ तमिलनाडु 19,987 प्रोजेक्ट के साथ दूसरे स्थान पर है, जो 17 प्रतिशत हिस्सेदारी का योगदान देता है, जबकि गुजरात 16,265 प्रोजेक्ट के साथ तीसरे स्थान पर है, जो कुल का 14 प्रतिशत है। रजिस्ट्रेशन वाले दूसरे राज्यों में तेलंगाना, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान शामिल हैं। प्रति प्रोजेक्ट हाउसिंग यूनिट की संख्या की बात करें तो 'उत्तर प्रदेश' पर प्रोजेक्ट एवरेज 184 यूनिट के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर है, उसके बाद राजस्थान 156 यूनिट के साथ दूसरे और गुजरात 116 यूनिट के साथ तीसरे स्थान पर है।

## 'नेशनल वाटरवे रेगुलेशन' प्राइवेट प्लेयर्स के लिए अवसरों के नए दरवाजे खोलेगा : केंद्र



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल वाटरवे (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) रेगुलेशन, 2025, को टर्मिनलों की स्थापना में प्राइवेट सेक्टर के निवेश को लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भारत के विशाल जलमार्ग नेटवर्क के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। विनियमनों के लागू होने से, प्राइवेट संस्थाएं अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनलों के विकास और विस्तार में अधिक भूमिका निभाएंगी, जिससे इस क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा तैयार यह इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ाने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मार्गदर्शन में, आईडब्ल्यूएआई ने आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में जलमार्गों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 18 मिलियन टन से बढ़कर 133 मिलियन टन हो गई है।

## चालान खत्म होने से पांच दिनों से बालू उठाव बंद

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत बोहटा और अक्सी बालू घाट से चालान नहीं होने से बालू उठाव बंद है। बोहटा बालू घाट से पांच दिन और अक्सी से एक से बालू उठाव बंद है। घाट में चालान उपलब्ध नहीं होने से सरकारी आवास निर्माण सहित कई सरकारी योजना निर्माण करने काफी दिक्कत हो रही है। चालान नहीं रहने से अवैध बालू उठाव होने से सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रही है। ग्रामीण ने जल्द से जल्द जिले से बालू घाट में चालान उपलब्ध कराने की मांग की है।

## एसडीपीओ ने थाना का किया निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार शुक्रवार को गिद्धौर थाना का औचक निरीक्षण किया। मौके पर सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न कांडों से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। उन्होंने थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को पंजी अपडेट करने और लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में लगातार गश्ती तेज करने को कहा। थाना की विधि व्यवस्था को देखकर वह संतुष्टि हुए। उन्होंने नशे के सौदागरों पर भी कड़ी निगाह रखने व उनके विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाने को निर्देश दिया।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, दो घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग सेरक मसियातु पथ पर स्थित भेड़ा टोंगरी के समीप शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार सुजीत कुमार पिता सुरेंद्र भुइयां 18 वर्ष व अमित कुमार पिता दिनेश भुइयां 15 वर्ष दोनों (सेमर टोली सेरक) घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों नें 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भर्ती कराया गया। वहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

# अनियंत्रित हाइवा घर में घुसा चालक की मौत, सह चालक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के रेवत गांव के बहेर चौक के पास कोयला लदे अनियंत्रित हाइवा ग्रामीणों के घर में घुस गया। इस दुर्घटना में हाइवा चालक की मौत हो गई, जबकि हाइवा का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में दो ग्रामीणों का घर और एक दुकान भी चपेट में आ गई। मृतक चालक की पहचान कुंदन कुमार के रूप में हुई है। वह लातेहार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। दुर्घटना इतना भीषण था कि हाइवा के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हाइवा में अवैध कोयला लदा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दें कि गुरुवार देर रात कोयला लदा हाइवा हेरहंज से तेज रफ्तार में मनिका की ओर आ रहा था। इस दौरान हाइवा अचानक अनियंत्रित होकर बहेर चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे ग्रामीणों का घर और दुकान ध्वस्त हो गया। दुर्घटना में ग्रामीण नागेश्वर यादव और राजकिशोर यादव का घर और दुकान पूरी तरह बर्बाद हो गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त दुकान में कोई नहीं था। घर के लोग भी अंदर कमरे में सो रहे थे, नहीं तो घटना और बड़ी हो सकती थी। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जिले में कई जगहों पर चल रहा है अवैध कोयला कारोबार

ग्रामीणों की मानें तो इन दिनों जिले में अवैध कोयला कारोबार चरम पर है। और लातेहार, हेरहंज, बालूमाथ थाना क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध कोयला कारोबार का खौफ चल रहा है। रात में अवैध कोयला तस्करी करते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो लातेहार, बालूमाथ, हेरहंज, मनिका, पांकी के रास्ते रात होते ही अवैध कोयला वाहन पूरी रफ्तार से इन सड़कों पर दौड़ने लगती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह दुर्घटना भी अवैध कोयला कारोबार के कारण ही हुई है। सूत्रों की माने तो बालूमाथ, हेरहंज, घुटाम गांव के कुछ लोग कोयले के अवैध कारोबार बेधड़क चल रहा है।

## ग्रामीणों ने राजस्व शिविर में दिया आवेदन

**लातेहार।** सरकार द्वारा रजिस्टर टू के अनुसार ऑनलाइन रसीद काटने के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने पर ग्रामीणों ने अंचल राजस्व शिविर में आवेदन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 6/ भूमि नियमित करण के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि मैन्युअल रसीद के स्थान पर ऑनलाइन रसीद जारी करने का आदेश है। लेकिन लातेहार जिले में विशेष रूप से लातेहार अंचल में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। आवेदन देने वालों में जानकी सिंह, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, लाल बिहारी राम, अखिलेश प्रजापति, रामजी सिंह, रणजीत सिंह, राजेश राम सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि आदेश का अनुपालन जल्द नहीं किया गया, तो वह आगे विरोध करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस ओर जल्द ध्यान देगा और सरकार के निर्देश का अनुपालन होगा।

## झंडा बदली व धुमकुड़िया वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत अंतर्गत दुगिला में पारंपरिक स्वशासन पढ़ा व्यवस्था के तहत झंडा बदली व धुमकुड़िया वार्षिक उत्सव समारोह दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक बचाओ धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में उरांव समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए जागरूक किया गय। इसमें सभी गांव के उरांव समाज लोग भाग लिए।



कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित प्रधान व छात्र नेता कमलेश उरांव ने कहा कि उरांव जनजाति अपने देश भारत के वास्तविक इतिहास को अपने समाज में बताने का काम करेगी। उरांव जनजाति का इतिहास रहा है कि भारत देश के साथ गद्दारी करने वाले से सबसे पहले लड़ने वाला उरांव जनजाति ही है। देश के वास्तविक धर्म संस्कृति को बचाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज समाज में विदेशी धर्म अपनाने वाले लोग आकर उरांव समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। वैसे विधर्मी को अब उरांव समाज एकजुट होकर उसे यहां से भगाने का काम करेगा। कार्यक्रम में इचाक पंचायत के मुखिया शशि कुजूर, ग्राम प्रधान शुकू उरांव, नरेश उरांव, अरूण उरांव, रामा उरांव, अमृता, चंचल, पढ़ा राजा, पढ़ा बेल, हजारों उरांव समाज के लोग उपस्थित थे।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता व नवाचार की भावना विद्यार्थियों में प्रबल : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता आया है। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, खोजी दृष्टिकोण और नवीन प्रयोगों के प्रति जिज्ञासा को प्रोत्साहित करता है। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उनकी अभिरुचि को जागृत करने के साथ-साथ नवाचार की भावना को भी विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। इस क्रम में शुक्रवार को महाविद्यालय सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर लियो, डॉ. फादर राजीप तिर्की ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्कृष्ट परियोजनाओं को प्रस्तुत कर यह सिद्ध किया है कि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना प्रबल रूप से विद्यमान है। उनके इस प्रयास से सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न परियोजनाएं,वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के प्रति उनकी उत्सुकता, जुनून तथा समर्पण को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों के परियोजनाओं की सराहना की व विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी महाविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सृजनशीलता और नवाचार की शक्ति को प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर राजीप तिर्की, फादर लियो, सिस्टर चंद्रोदय, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर शेफाली प्रकाश, कोकॉर्डिनेटर रोनित मार्शल जेस, असिस्टेंट प्रोफेसर रोज एलिस बरला, असिस्टेंट प्रोफेसर सुरभी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर रोनित खेस, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आरिफुल हक व सभी शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदन रहा।

# नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को दो साल बाद स्थायी कुलपति मिला

**● डॉ. दिनेश कुमार सिंह बने कुलपति, छात्रों और शिक्षकों में उत्साह**



**मेदिनीनगर।** दो वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) को स्थायी कुलपति मिल गया। राजभवन झारखंड ने शुक्रवार को डॉ. दिनेश कुमार सिंह की कुलपति पद पर नियुक्ति की। पिछले एक महीने से विश्वविद्यालय में कुलपति का पद खाली रहने के कारण कई महत्वपूर्ण कार्य रुके हुए थे। इससे 300 से अधिक छात्रों के माइग्रेशन, डिग्री सर्टिफिकेट, परीक्षा परिणाम और नई परीक्षाओं की तिथि जारी नहीं हो सकी थी। स्थायी कुलपति की नियुक्ति के बाद अब छात्र हित से जुड़े सभी कार्य सुचारू रूप से शुरू होने की उम्मीद है।

**छात्र संगठनों ने किया स्वागत, सुधार की उम्मीद :** स्थायी कुलपति की नियुक्ति पर छात्र संगठनों ने खुशी जताई और प्रशासनिक सुधार की उम्मीद जताई। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा, 'आंदोलन से बाध्य होकर राजभवन को स्थायी कुलपति की नियुक्ति करनी पड़ी। हम आशा करते हैं कि कुलपति पलामू जैसे कृषि प्रधान क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करेंगे।' अभाविप के प्रदेश छात्रावास प्रमुख राम शंकर पासवान ने कहा, 'यह नियुक्ति सुखद और अपेक्षाओं से भरी है। हमें उम्मीद है कि कुलपति जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करेंगे।' 'स्थायी कुलपति मिलना शुभ संकेत है, लेकिन यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण भी होगा। लंबित सत्र को नियमित करना, कॉलेजों में प्रबंधन सुधारना, कक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करना और परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित करना उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी होगी।' एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा, 'अब विश्वविद्यालय में डिग्री, माइग्रेशन, प्रोविजनल प्रमाण पत्र, लंबित परीक्षा परिणाम और सत्र नियमित करने जैसे मुद्दों पर तेजी से काम होने की उम्मीद है।

# पलामू में 251 अनुसेवक बर्खास्त शिवाजी मैदान में विरोध प्रदर्शन



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कार्रवाई, बर्खास्त कर्मियों ने जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 2010 में निकली चतुर्थ वर्गीय बहाली के तहत नियुक्त 251 अनुसेवकों को पलामू उपायुक्त (डीसी) ने बर्खास्त कर दिया है। हालांकि, हाईकोर्ट के आदेश के तहत सात अनुसेवकों की सेवा बरकरार रखी गई है। बर्खास्त कर्मियों ने इस फैसले का विरोध किया और स्थानीय शिवाजी मैदान में एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

बर्खास्त अनुसेवकों का कहना है कि सात कर्मियों की नियुक्ति भी उन्हीं के साथ हुई थी, फिर भी उन्हें हटाया गया जबकि अन्य को बरकरार रखा गया। इस निर्णय के खिलाफ 239 अनुसेवक सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर चुके हैं।

अनुसेवक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें अपनी नौकरी बचाने के लिए उपायुक्त से एक महीने का समय मांगा था, लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर दिया गया। वहीं, अनुसेवक चंदा कुंवर ने कहा कि वे वर्षों से सेवा दे रहे थे, कुछ कर्मचारी रिटायरमेंट के करीब थे, तो कुछ दिव्यांग और अनुकंपा के आधार पर कार्यरत थे।बर्खास्त अनुसेवक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस फैसले से उनकी आजीविका संकट में पड़ गई है। इनमें से अधिकांश की उम्र नई भर्ती के लिए निर्धारित सीमा पार कर चुकी है। कोर्ट ने नई भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट देने की बात कही है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि वे अब दोबारा परीक्षा देने की स्थिति में नहीं हैं।

अनुसेविका सविता देवी ने कहा कि उन्होंने नौकरी के भरोसे लोन लिया था, जिसे अब चुकाना मुश्किल हो जाएगा। बच्चों की पढ़ाई और विवाह को लेकर भी वे चिंतित हैं। 2010 में झारखंड सरकार ने चतुर्थ श्रेणी बहाली का विज्ञापन निकाला था, लेकिन परीक्षा का आयोजन 2017-18 में हुआ। इस दौरान पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके चलते कुछ अभ्यर्थी जेल भी गए। बाद में हाईकोर्ट के आदेश से उन्हें बहाली मिल गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती को अवैध बताया

सुप्रीम कोर्ट ने 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने पाया कि इस भर्ती में पदों की संख्या स्पष्ट नहीं की गई थी, आरक्षण नियमों में गड़बड़ी थी और इंटरव्यू प्रक्रिया बाद में जोड़ी गई, जिससे संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन हुआ। अमृत यादव नामक अभ्यर्थी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अनियमितताओं को चुनौती दी थी। जस्टिस पंकज मित्तल और संदीप मेहता की खंडपीठ ने पूरी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया और सरकार को छह महीने के भीतर नए सिरे से विज्ञापन जारी करने का निर्देश दिया।

# तरहसी थाना क्षेत्र में एक ही रात तीन घरों में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के सोनपुरा और मझिगावां गांव में एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही कि जब चोरी की घटनाएं हुईं, उस समय घरों में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था।

**चोरी की घटनाएं ऐसे घटीं :** चोरों ने सोनपुरा में बासमति कुवंर, मझिगावां में राजेंद्र पांडेय और संजय तिवारी के घरों को निशाना बनाया। घटना के समय पूरा परिवार रांची में था। घर का ताला टूटा देखकर गांव के अमलेश रजक ने उन्हें फोन पर सूचना दी। बासमति कुवंर के घर का ताला तोड़कर चोर 14 हजार रुपये नकद, जमीन के कागजात और सोने की बाली ले गए। चोरी का पता तब चला जब सुबह उनका पोता ऑर्केस्ट्रा देखकर घर लौटा। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे थे।

**पुलिस जांच में जुटी :** तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। संजय तिवारी के घर से एक चोर का कपड़ा मिला है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

## पिपरा के बीईईओ, बीपीओ और एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण तलब

**मेदिनीनगर।** पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में छात्रों को मध्याह्न भोजन के संबंध में एसएमएस भेजने में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक ने पिपरा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण मांगा है। बैठक में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत विद्यालयों के रसोइयों और सहायकों को जोड़ने, विद्यार्थियों को आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां देने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टेयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बीडीओ राहुल देव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विद्यालय के रसोईया को एप्रोन ड्रेस में समय पर आने का प्रस्ताव पारित किया गया। जबकि मध्य विद्यालय बारिसाखी में रसोईया की कमी पर बगल के विद्यालय से एडजस्ट करने का भी निर्णय लिया गया। निर्धारित समय पर विद्यालय का संचालन करने,साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने,बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में मध्याह्न भोजन बंद नहीं होना चाहिए। बैठक में बीपीओ नीरज सिंह,मध्य विद्यालय सलगा के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी,पीएमश्री मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय,अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय,संयोजिका ललिता देवी,मध्याह्न भोजन सेल के रामचंद्र कुमार सहित थे।

## जेएससीए सचिव ने उपायुक्त से क्रिकेट खेल के लिए मांगा 9 एकड़ भूमि

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात कर लातेहार में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट ग्राउंड की मांग की। उन्होंने बताया कि उपायुक्त से 9 एकड़ भूमि की मांग की गई है। बताया कि लातेहार के खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों को बेहतर खेल के लिए 9 एकड़ भूमि की मांग किया गया। बताया की उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा भूमि उपलब्ध कराया जाता है, तो उच्च स्तरीय ग्राउंड, जिम खाना, प्रैक्टिस नेट, इंडोर प्रैक्टिस तथा क्लब का निर्माण जेएससीए द्वारा किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में लातेहार जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिन अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु देव, प्रसाद गुप्ता, कमेटी मेंबर दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार उपस्थित थे।

## जेएससीए सचिव ने उपायुक्त से क्रिकेट खेल के लिए मांगा 9 एकड़ भूमि

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात कर लातेहार में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट ग्राउंड की मांग की। उन्होंने बताया कि उपायुक्त से 9 एकड़ भूमि की मांग की गई है। बताया कि लातेहार के खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों को बेहतर खेल के लिए 9 एकड़ भूमि की मांग किया गया। बताया की उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा भूमि उपलब्ध कराया जाता है, तो उच्च स्तरीय ग्राउंड, जिम खाना, प्रैक्टिस नेट, इंडोर प्रैक्टिस तथा क्लब का निर्माण जेएससीए द्वारा किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में लातेहार जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिन अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु देव, प्रसाद गुप्ता, कमेटी मेंबर दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

**स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत...**

जैसे अस्पताल और डॉक्टर होंगे, वैसा ही इलाज का खर्च भी होगा। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के क्रम में आर्थिक मोर्चे पर काफी परेशानी होती है। इस वजह से हमारी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मुहिम में जुटी है, ताकि लोगों को कम से कम खर्चे में बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा और गरीब राज्य है। यहां हमारे सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं। संसाधनों की भी कमी है। लेकिन, इसके बाद भी सरकार का प्रयास है कि यहां की विभिन्न समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जा सके। इसी कड़ी में सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिए इस बीमारी पर जीत हासिल की, उसे पूरी दुनिया ने सराहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार सभी को एक नजरिए से देखती है। चाहे किसान हो या मजदूर, या कोई और वर्ग तथा तबका, सभी के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्पित होकर काम करने की आज आवश्यकता है और हमारी सरकार इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव समेत कई अन्य मंत्री एवं विधायक, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह तथा कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**1 मार्च 2025...**

इस योजना का लाभ राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी, विधानसभा सदस्य, सेवानिवृत्त कर्मी, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता एवं उनके आश्रित, राज्य विधानसभा के पूर्व सदस्य, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत/ सेवानिवृत्त पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड, निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत /सेवानिवृत्त नियमित कर्मी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के कार्यरत/ सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी तथा निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैनल में शामिल देश के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का कैशलेश इलाज लाभुक करा सकेंगे। गंभीर बीमारियों की स्थिति में 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जाएगा। अगर इलाज में और भी खर्च हो तो कॉरपस फंड से वह उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**आने वाली पीढ़ी...**

और उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहे हैं। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है और उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गई है। अब आपको ना पर्स लेकर चलने की जरूरत है और ना ही कैश। आप अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से सरकार प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें। आज जैक के साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़नी एवं उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है। मौके पर पर मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे।

**सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टॉवर स्थापित करेगी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार-बार सामने आती है। डिजिटल कनेक्टिविटी की समस्या से तमाम प्रकार के कार्यों एवं सेवाओं में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टॉवर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी, ताकि डिजिटल माध्यम से होने वाले सभी सरकारी कार्य सुचारू, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सके।

**प्रति व्यक्ति आय...**

स्थिर मूल्य पर 6.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 9.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से राज्य की तुलना करते हुए रिपोर्ट में बताया गया है कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में झारखंड के जीएसडीपी में पिछले 5 वर्षों में सुधार हुआ है। वर्ष 2019-20 में राज्य का जीएसडीपी देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का 1.59 प्रतिशत था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1.64 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य का जीएसडीपी वर्ष 2011-12 में 1 लाख 50 हजार 918 करोड़ रुपए था, जो इस वित्तीय साल 2024-25 के अंत तक स्थिर मूल्यों पर दोगुना और वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है। हालांकि, राज्य सरकार का राजकोषीय घाटा भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा राज्य के जीएसडीपी का सिर्फ 1.4 प्रतिशत था, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा जीएसडीपी का 1.9 रहने का अनुमान लगाया गया है।

**विधानसभा में पारित...**

वित्त मंत्री ने कहा कि हर पांचवां वर्ष चुनाव का होता है, जिसका असर राज्यों के खर्च और इसके राजस्व पर पड़ता है। हमारी सरकार की सोच है कि ऐसे विभागों के पैसे को उन विभागों को दे दिया जाए, जिन विभागों में अधिक खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने जदयू सदस्य सरयू राय की ओर से उठाए गए मुद्दों पर कहा कि सदन के बगैर अनुमति के राशि का आवंटन नहीं किया जाता है। यदि ऐसी बात होगी, तो इसकी जांच कराई जाएगी। ज्ञात हो कि सरयू राय ने सदन की बगैर अनुमति के राशि आवंटित करने की बात कही थी और कहा था कि वित्त मंत्री को सरकार के बही-खातों को दुरुस्त करना चाहिए।

**पीएफ जमा पर...**

उच्च वेतन पेंशन योजना को इस मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार लागू किया जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने सदस्यों के जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से दावा प्रक्रिया को सरल बनाने की योजना पर काम कर रहा है, जिसमें आंशिक निकासी के लिए सत्यापन का तर्कसंगतीकरण शामिल है। ईसी को प्रगति पर अपडेट भी दिया गया था। एक तकनीकी समिति ने एडवांस निकासी के लिए फॉर्म 31 में सत्यापन को सरल बनाने की सिफारिश की है। कार्यकारी समिति को यह भी बताया गया कि जनवरी 2025 में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) लागू कर दी गई है। नई प्रणाली पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। जनवरी 2025 में, 69.4 लाख पेंशनभोगियों ने सीपीपीएस के माध्यम से अपनी पेंशन प्राप्त की, जिससे 99.9 प्रतिशत सफलता दर प्राप्त हुई। ईसी ने समयबद्ध तरीके से आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) में संक्रमण की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पेंशन भुगतान अधिक सुरक्षित और कुशल प्रणाली के लिए सीधे आधार से जुड़े बैंक खातों में जमा हो।

**कोतवाली एसआई को...**

इसके बाद आरोपी के भाई ने एसीबी से संपर्क किया। पीड़ित ने रिश्वत मांग रहे दारोगा के खिलाफ एसीबी में लिखित शिकायत की थी। इसके बाद एसीबी ने मामले की जांच की, जिसमें दारोगा के ऊपर लगे आरोपों को सत्य पाया। आरोप में सच्चाई पाए जाने के बाद एसीबी ने शिकायतकर्ता को अपने द्वारा दिए गए पैसे लेकर दारोगा ऋषिकांत के पास भेजा। इस बीच, जैसे ही शिकायतकर्ता द्वारा दारोगा को पांच हजार रुपए दिए गए। वहां पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने दारोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने...**

इसके बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की एक पूर्ण पीठ ने 1 अगस्त 2024 को अपने पहले की प्रस्तावों पर पुनर्विचार किया और चार अधिकारियों- ज्योति वरकड़े, सोनाक्षी जोशी, प्रिया शर्मा और रचना अतुलकर जोशी को कुछ शर्तों के साथ बहाल करने का फैसला किया, जबकि अन्य दो अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया था।

हमास को समझने में की भूल

## 7 अक्टूबर हमले पर इजरायली सेना की पहली रिपोर्ट में आए कई चौंकाने वाले खुलासे

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल की सेना ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान अपनी गलतियों का पहला आधिकारिक विवरण प्रकाशित किया। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) 'इजरायली नागरिकों की रक्षा करने के अपने मिशन में नाकाम रहा। फिलिस्तीनी ग्रुप ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर बड़ा हमला किया था।

## गाजा युद्ध विराम समझौते के अगले चरण पर काहिरा में बातचीत शुरू

**काहिरा (आईएएनएस)** । इजरायल और कतर के प्रतिनिधि गाजा संघर्ष पर वार्ता के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंच गए हैं। बातचीत में अमेरिकी प्रतिनिधि भी शामिल हैं। मिस्र की राज्य सूचना सेवा (एसआईएस) ने यह जानकारी दी। एसआईएस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि संबंधित पक्षों ने 'गाजा में जारी संघर्ष विराम समझौते के अगले चरणों' पर गहरी चर्चा शुरू कर दी है। साथ ही पहले बनी सहमति को लागू करने के तरीके भी चर्चा हुई। इसमें कहा गया कि वार्ताकारों ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के उपायों पर भी चर्चा की। इससे पहले इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि युद्ध विराम वार्ता को जारी रखने के लिए एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा गया है। लेकिन इस बारे में और अधिक नहीं बताया गया। यह घोषणा बुधवार और गुरुवार की रात को युद्धविराम के पहले चरण के तहत इजरायली बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की आखिरी अदला-बदली पूरी होने के बाद की गई। तीन-चरणीय समझौते का 42 दिन का पहला चरण शनिवार को खत्म होने वाला है। इस सवाल के जवाब में कि क्या काहिरा जाने वाला प्रतिनिधिमंडल दूसरे चरण पर चर्चा करेगा।

## कांगो में रहस्यमय बीमारी से 60 की मौत



**किंशासा (आईएएनएस)।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में स्वास्थ्य अधिकारियों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम एक नए बीमारी के मामले और स्थानीय लोगों की मौत की जांच कर रही है। यह मामला इक्वेटर प्रांत में सामने आया है, जहां अब तक 1,096 लोग बीमार हो चुके हैं और 60 की मौत हो चुकी है। हाल ही में, इस प्रांत के बसांकुसु स्वास्थ्य क्षेत्र में 141 नए मरीज मिले हैं, हालांकि इस बार किसी की मौत नहीं हुई। फरवरी में, इसी क्षेत्र में 158 लोग बीमार पड़े थे, जिनमें से 58 की जान चली गई थी। जनवरी में, इसी प्रांत के बोलोम्बा क्षेत्र में 12 मामले आए थे, जिनमें से आठ की मौत हो गई थी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अब तक बसांकुसु और बोलोम्बा में कुल 1,096 बीमार मरीजों और 60 मौतों की पुष्टि हुई है। मरीजों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, गर्दन में अकड़न, खांसी, उल्टी, दस्त और कुछ मामलों में नाक से खून बहने जैसे लक्षण देखे गए हैं।

# भारत के हवाई बेड़े को हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों की जरूरत : वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (हि.स.)**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक बार फिर लड़ाकू विमानों की कम स्क्वाड्रन पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वायु सेना को अगले कुछ वर्षों में पुराने बेड़े से मिराज, मिग-29 और जगुआर को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों की जरूरत है। उन्होंने टाटा और एयरबस के संयुक्त उद्यम में सी-295 परिवहन विमान निर्माण का हवाला देते हुए जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव दिया। वायु सेना प्रमुख ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने लड़ाकू बेड़े में हर साल दो स्क्वाड्रन जोड़ने की जरूरत है। इसका मतलब है कि हमें हर साल 35-40 विमान चाहिए। हालांकि, यह क्षमता रातोंरात नहीं आ सकती, लेकिन इन विमानों की जरूरत मौजूदा कमियों को पूरा करने के लिए है। साथ ही यह जरूरत अगले 5-10 वर्षों में मौजूदा बेड़े को चरणबद्ध तरीके से हटाए जाने के बाद पैदा होने वाली कमियों को भी पूरा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि जगुआर, मिग-29 और मिराज 2000 जेट को हवाई बेड़े में 1980 के दशक के दौरान शामिल किया गया था, जिन्हें 2029-30 के बाद चरणबद्ध तरीके से सेवानिवृत्त किया जाना है।

इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान वायु सेना प्रमुख ने तेजस मार्क-1ए जेट के उत्पादन की गति पर चिंता जताई थी, क्योंकि अनुबंधित 83 तेजस मार्क-1ए जेट की आपूर्ति समय सीमा से एक साल से अधिक पीछे चल रही है। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अगले साल 24 तेजस मार्क-1ए जेट बनाने का वादा किया है। एक बार फिर नाराजगी भरे लहजे में उन्होंने वायु सेना की जरूरतों के साथ आत्मनिर्भरता को संतुलित करने के बारे में कहा कि मैं विदेशी कंपनियों से खरीद पर जोर नहीं दे रहा हूं, लेकिन स्वदेशी विमानों की आपूर्ति वादा किए गए आंकड़े से बहुत कम हैं, इन कमियों को दूर करने के लिए कुछ करने की जरूरत होगी।



### जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव

उन्होंने जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव देते हुए टाटा और एयरबस के संयुक्त उद्यम में सी-295 परिवहन विमान के निर्माण का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हम निजी भागीदारी से हर साल 12-18 जेट विमान हासिल कर सकते हैं। एयर चीफ मार्शल सिंह ने 2047 तक वायु सेना का विजन देते हुए कहा कि हमें इसी तरह आगे बढ़ना है। यह समय सीमा 'विकसित भारत' या विकसित भारत के लिए है। उन्होंने कहा कि वायु सेना के पास वर्तमान में लड़ाकू विमानों की 31 स्क्वाड्रन हैं, जबकि पाकिस्तान और चीन के खिलाफ दो मोर्चों पर खतरे से निपटने के लिए 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है।

### यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा पर बोले पीएम

# साझा प्रतिबद्धता में एआई सेमीकंडक्टर भी शामिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा को 'अभूतपूर्व' बताया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह यात्रा भारत-यूरोपीय संघ की बहुआयामी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "यह न केवल यूरोपीय आयोग की भारत की पहली यात्रा है, बल्कि यह किसी एक देश में यूरोपीय आयोग की पहली व्यापक भागीदारी भी है। इसके अलावा, यह आयोग की अपने नए कार्यकाल की पहली यात्राओं में से एक है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ, प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार दोपहर नई दिल्ली पहुंची थी।

यह ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा है। साथ ही दिसंबर 2024 में कार्यभार संभालने वाले नए कमिश्नर्स की यूरोप के बाहर पहली यात्रा है।

पीएम मोदी ने कहा, "निवेश संरक्षण और जीआई (भौगोलिक संकेत) समझौते सहित निवेश ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा हुई। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक विश्वसनीय और मजबूत निवेश ढांचे पर जोर दिया। हमारी साझा प्रतिबद्धता में सेमीकंडक्टर, एआई और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सहयोग शामिल है।

दोनों पक्षों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी व्यापक चर्चा हुई। इसकी घोषणा सितंबर 2023 में भारत में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी। आईएमईसी में दो अलग-अलग गलियारे शामिल हैं - (भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाला पूर्वी गलियारा और खाड़ी को यूरोप से जोड़ने वाला उत्तरी गलियारा)। इसका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत कम करना, क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करना, व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाना, रोजगार पैदा करना, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मुझे विश्वास है कि आईएमईसी वैश्विक वाणिज्य, सतत विकास और समृद्धि के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में काम करेगा। रक्षा और सुरक्षा मामलों पर हमारा बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास को दर्शाता है। हम साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग को मजबूत करेंगे।

**कहा- भारत-ईयू साझेदारी नई ऊंचाइयों पर जाएगी**



### प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा

## भारत के साथ साझेदारी हमारे लिए अहम...

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शुक्रवार को कहा कि उनकी यात्रा इस बात का प्रतीक है कि यूरोपीय संघ भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितना महत्व देता है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने यह बात कही। वॉन डेर लेयेन ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया, "प्रिय नरेंद्र मोदी, नई दिल्ली में हमारी मेजबानी के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यूरोपीय आयोग की यात्रा इस बात का प्रतीक है कि हम भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितनी अहमियत देते हैं। और मैं हमारी व्यक्तिगत दोस्ती को कितना महत्व देती हूं। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर जैसी अत्यधिक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की। यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा, "जब हम यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, तो एक बात स्पष्ट है। अभी सबसे अच्छा आना बाकी है। साथ मिलकर, हम भविष्य को आकार दे सकते हैं और इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बन सकते हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष यूरोपीय यूनियन (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार दोपहर नई दिल्ली पहुंची। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत पहुंचने के बाद एक्स पर कहा, "कमिश्नर्स की अपनी टीम के साथ दिल्ली में उतरना।

# उत्तराखंड के माणा में भारी हिमस्खलन में 57 मजदूर दबे, 15 को बचाया गया, रेस्क्यू जारी



- **मुख्यमंत्री धामी ने भगवान बद्रीविशाल से श्रमिकों की सुरक्षा की कामना की**

**57** श्रमिक में से अब तक 15 सुरक्षित निकाले गए हैं

**42** प्रभावितों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं

**गोपेश्वर (हि.स.)**

उत्तराखंड के चमोली जिले के सीमावर्ती माणा गांव के समीप सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कराये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान भारी हिमस्खलन के कारण इसमें 57 श्रमिक दब गए। इसमें से बीआरओ और अन्य एजेंसियों ने राहत और बचाव कर अब तक 15 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि बाकी श्रमिकों की तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर कहा कि माणा क्षेत्र में हिमस्खलन की घटना का दुखद समाचार मिला है। बीआरओ सहित अन्य एजेंसियां युद्धस्तर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। उन्होंने भगवान बद्रीविशाल से सभी श्रमिक भाइयों की सुरक्षा की कामना की है। श्री बद्रीनाथ धाम के पास माणा में हुई हिमस्खलन की घटना के बारे में पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ, श्रीमती रिधिम अग्रवाल ने बताया कि बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइज़ेशन (बीआरओ) के कुल 57 श्रमिक प्रभावित हुए। कमांडेंट बीआरओ के अनुसार, अब तक 15 श्रमिक सुरक्षित हैं, जबकि 42 लापता हैं। एसडीआरएफ की एक टीम जोशीमठ से रवाना हो चुकी है। लामबगड़ में सड़क अवरुद्ध होने के कारण सेना से संपर्क कर मार्ग खोलने की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी टीम को सहस्त्रधारा हेलीपैड पर अलर्ट पर रखा गया है। क्षेत्र के सटीक निर्देशांक प्राप्त किये गए हैं। मौसम की स्थिति में सुधार होते ही एसडीआरएफ की हाई-एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम को हेलीकॉप्टर से निकटतम उपलब्ध स्थान पर उतारा जाएगा। एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, बीआरओ एवं सेना के साथ समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ड्रोन की टीम को भी तैयारी हालत में रखा गया है। भारी बर्फबारी के कारण फिलहाल ड्रोन ऑपरेशन संभव नहीं हो पाया है।

अब तक 5 और व्यक्तियों को निकाला गया है, जिनमें से 3 घायल हैं और उन्हें सेना अस्पताल, माणा में भर्ती कराया गया है, जबकि 2 सामान्य स्थिति में हैं।

जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने बताया कि माणा गांव और उसके पास हिमस्खलन की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि प्रभावित मजदूर सेना की आवाजाही के लिए सड़क से बर्फ हटाने का कार्य कर रहे थे। अब तक किसी तरह की जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है। सेना के साथ आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। जिलाधिकारी ने आईआरएस से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड के चमोली में हिमस्खलन

## अमित शाह और राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री धामी से की बात

**लखनऊ (आईएएनएस)**

उत्तराखंड के चमोली में माणा गांव के पास हुए हिमस्खलन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पैनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, डीजी आईटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से फोन पर बात की। इसके साथ ही अमित शाह ने बताया कि हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर फटने के संदर्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, डीजी आईटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से बात की। हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय प्रशासन बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से लगा हुआ है। एनडीआरएफ की दो टीमें भी जल्द ही घटना स्थल पर पहुंच रही हैं। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चमोली हादसे पर उत्तराखंड के सीएम धामी से फोन पर बात की। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ''आज जोशीमठ (उत्तराखंड) के माणा क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण हिमस्खलन हुआ है, जिससे बीआरओ का जीआरईएफ कैंप प्रभावित हुआ है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तालिबान धार्मिक स्कूल में शक्तिशाली आत्मघाती विस्फोट, 5 की मौत, दर्जनों घायल

**इसलामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अकोरा खट्टक जिले में स्थित मदरसा दारुल उलूम हक्कानिया में हुए विस्फोट में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, रेस्क्यू 1122 घटनास्थल पर पहुंच गया है और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने कहा कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच, रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने डॉन से पुष्टि की कि 20 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। यह विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी, जिसकी पुष्टि डॉन के केपी ब्यूरो प्रमुख अली अकबर ने की।जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने बताया कि यह विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले अकोरा खट्टक में हुआ। इस विशाल परिसर में लगभग 4,000 छात्र रहते हैं, जिन्हें मुफ़्त में भोजन, कपड़े और शिक्षा दी जाती है। दशकों से, पाकिस्तानी मदरसे उग्रवाद के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर रहे हैं, जहाँ हज़ारों शरणार्थियों को शिक्षा दी जाती है, जिनके पास कट्टरपंथी मौलवियों के भाषणों के अलावा शिक्षा के लिए कोई और विकल्प नहीं है। तालिबान के दिवंगत संस्थापक मुल्ला उमर, जिन्होंने अफ़गानिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो सैनिकों के खिलाफ़ विद्रोह का नेतृत्व किया था, इस स्कूल से स्नातक करने वाले वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। इसी तरह, ख़तरनाक हक्कानी नेटवर्क के संस्थापक जलालुद्दीन हक्कानी ने भी स्नातक किया, जो दो दशक के युद्ध के दौरान अफ़गानिस्तान में कुछ सबसे भयानक हमलों के लिए ज़िम्मेदार था। यह स्कूल कई वर्षों से क्षेत्रीय उग्रवादी हिंसा के चौराहे पर रहा है, जहाँ कई पाकिस्तानियों और अफ़गान शरणार्थियों को शिक्षा दी जाती है - जिनमें से कुछ रूसियों और अमेरिकियों के खिलाफ़ युद्ध छेड़ने या जिहाद का प्रचार करने के लिए घर लौट आए। अगस्त 2021 में विदेशी सेना के हटने और पूर्व सरकार के गिरने के बाद तालिबान फिर से काबुल में सत्ता में आ गया। तब से अफगानिस्तान के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में उग्रवाद फिर से बढ़ गया है।

### कश्मीर में सामान्य स्थिति जबरन बनाया गया, यह प्राकृतिक नहीं : उमर अब्दुल्ला



**नई दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति प्राकृतिक नहीं, बल्कि जबरन बनाई गई है। दिल्ली में एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जामा मस्जिद में अपने ससुर की अंतिम संस्कार की नमाज़ की अगुआई करने की अनुमति न दी गई ।जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री 2010 में कश्मीर में सुरक्षा स्थिति में अंतर के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

